शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे
DAILY
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




कांग्रेस ने संडूर, चन्नपट्टना, शिग्गांव उपचुनाव जीते @ नम्मा बेंगलूरु


Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 24 नवंबर, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-324


## महाराष्ट्र में एनडीए और झारखंड में इंडी की सत्ता बरकरार

## उप चुनाव में रहा एनडीए का बोलबाला

# एक राज्य में एनडीए 'सेफ', दूसरे में 'कटे'

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनडीए और झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडी की सत्ता बरकरार रही। उप चुनावों में एनडीए गठबंधन का बोलबाला रहा। पीएम मोदी और सीएम योगी के नारों को केंद्र में रख कर देखें तो एक राज्य में भाजपा ड्रसेफफ रही लेकिन दूसरे में भाजपा के सारे पत्ते ड्रकटेफ्र केरल के वायनाड संसदीय उपचुनाव में प्रियंका गांधी की जीत का असली श्रेय कांग्रेस को नहीं बल्कि मुस्लिम लीग को जाता है। उपचुनाव में एनडीए की तूती बोली। यूपी में भाजपा ने नौ में से सात सीटें जीत लीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को जीत की बधाई दी और केंद्र से सम्पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे भाजपा और शिंदे के नेतृत्व वाली महायुति के लिए शानदार रहे। 288 सीटों वाली विधानसभा में महायुति ने 223 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। महाविकास अघाड़ी सिर्फ 55 सीटों पर सिमट गई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), और एनसीपी (अजित पवार गुट) की तिकड़ी ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए बहुमत से सरकार बनाने का रास्ता साफ किया। दूसरी ओर, विपक्षी इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट), और उद्धव ठाकरे की शिवसेना शामिल थी, बुरी तरह पराजित हुआ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोरात संगमनेर सीट से चुनाव हार गए। कांग्रेस की इस चुनाव में बुरी गति दिखी, राहुल गांधी और महाविकास आघाड़ी गठबंधन बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ।

इस ऐतिहासिक जीत पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, हमने विपक्ष के आरोपों का जवाब नहीं दिए। हम सदा जनता के बीच रहकर काम करते रहे। इससे लोगों को पता चल गया कि हम काम करने वाले लोग हैं और उन्हें जनता ने आईना दिखाया। लोगों ने विकास को महत्व दिया है। चुनाव में हम सबने मिलकर काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा





### वायनाड उपचुनाव में प्रियंका की जीत का श्रेय मुस्लिम लीग को

### उपचुनाव में एनडीए की तूती यूपी में छह सीटें भाजपा ने जीती

जनता ने हमें भरपूर समर्थन दिया। महाराष्ट्र की जनता ने तय कर दिया कि शिवसेना किसकी है। जो लोग घर बैठकर सरकार चला रहे थे, कि विकास के लिए एक साथ आइए तो लोगों ने उसका गलत अर्थ निकालने की कोशिश की और जिन्होंने ये काम किया, उसका सबक उन्हें मिला है।

जीत के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने एक साथ आकर मीडिया से बात की। सीएम शिंदे ने जीत को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि लाडकी बहिन योजना को जनता का पूरा प्यार मिला। साथ ही किसानों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए चलाई गई योजनाओं का भी लाभ मिला। सीएम एकनाथ शिंदे ने अपनी सरकार में हुए विकास कार्यों का भी जिक्र किया और कहा कि राज्य में आधारभूत ढांचे के कई मेगा प्रोजेक्ट शुरू किए गए। वहीं फडणवीस ने कहा कि जनता ने जो समर्थन दिया, उसके लिए मैं नतमस्तक हूं और ये जीत हमारी जिम्मेदारी बढ़ाने वाली है। अजित पवार ने विपक्ष द्वारा ईवीएम पर उठाए गए सवाल पर कहा कि ईवीएम को दोष देना गलत है।

उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चुनाव नतीजों पर कहा, यह महायुति के लाखों कार्यकर्ताओं की जीत है। राज्य की लाडकी बहिनों ने गठबंधन को आशीर्वाद दिया, जिससे गठबंधन को बंपर बहुमत मिला है। मैं जनता के आगे नतमस्तक हूं। जनता ने महा विकास अघाड़ी के ध्रुवीकरण के प्रयास को विफल कर दिया है।फ्रमहाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस सवाल पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, मुख्यमंत्री के चेहरे पर कोई विवाद नहीं होगा। पहले दिन से ही तय था कि चुनाव के बाद तीनों दलों के नेता एक साथ बैठेंगे और इस पर फैसला करेंगे। फैसला सभी को स्वीकार्य होगा, इस पर कोई विवाद नहीं है।झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 81 में से 55 सीटें जीतीं। ▶10पर

## जीत से एनडीए में और प्रभावी हुए मोदी

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और विभिन्न प्रदेशों में हुए उप चुनावों में भाजपा को मिली जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत माना जा रहा है। इस विजय ने नरेंद्र मोदी को एनडीए में और शक्तिमान बनाया है, जो लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद छाया क्षेत्र में चला गया था।

दो राज्यों के विधानसभा चुनावों और कुछ राज्यों में हुए उप चुनावों ने यह साफ कर दिया कि राजनीति में साफ स्वच्छ और कर्मठ चेहरे और परफॉर्मेंस एवं प्लानिंग से जीत मिलती है। महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की बड़ी जीत ने दिखाया कि गुटबाजी और कमजोर नेतृत्व विपक्ष को कितना नुकसान पहुंचा सकता है। वहीं, झारखंड में आदिवासियों ने हेमंत सोरेन का साथ नहीं छोड़ा। बांग्लादेशी घुसपैठ से आक्रांत होने के बावजूद आदिवासियों को अपने आदिवासी मुख्यमंत्री पर ही भरोसा है। झारखंड में इंडी गठबंधन ने आदिवासी जनता के इसी भरोसे पर जीत हासिल की है। यह भरोसा हेमंत सोरेन की बेहतर प्लानिंग साबित हुआ। उप-चुनावों में भी भाजपा ने यूपी और राजस्थान जैसे राज्यों में दमदार वापसी की। हालांकि, बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों में क्षेत्रीय दलों का दबदबा जारी है। कुल मिलाकर ये नतीजे लोकसभा 2029 के चुनावों की तैयारी का ट्रेलर लगते हैं।भाजपा का मजबूत होना विपक्षी पार्टियों के लिए निराशाजनक और एनडीए के भीतर आशाजनक वातावरण का सृजन करने वाला होगा। ▶10पर

भाजपा मुख्यालय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन

## महाराष्ट्र में सुशासन की जीत और विभाजनकारी ताकतों की हार हुई

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में भाजपा-नीत महायुति की प्रचंड जीत के बाद पीएम मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। भाजपा मुख्यालय में पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। विभाजनकारी ताकते हारी हैं, नकारात्मक राजनीति की हार हुई है परिवारवाद की हार हुई है। आज महाराष्ट्र ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज महाविजय का उत्सव है। आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के भी नतीजे आए हैं और लोकसभा की हमारी एक सीट और बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा का जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर एक बार फिर भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। बिहार में भी एनडीए का समर्थन बढ़ा है। यह दिखाता है कि देश अब सिर्फ और सिर्फ विकास चाहता है।

उन्होंने कहा, आज महाराष्ट्र में विकासवाद और सुशासन की जीत हुई है, महाराष्ट्र में सच्चे सामाजिक न्याय की विजय हुई है। वहीं, आज महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। विभाजनकारी ताकतें हारी हैं, नकारात्मक राजनीति की पराजय हुई है, आज परिवारवाद की हार हुई है। मोदी ने कहा, महाराष्ट्र देश का छठा राज्य है, जिसने भाजपा को लगातार तीन बार जनादेश दिया है। ▶10पर

भारतीय-अमेरिकी अल्पसंख्यक संगठन ने किया ऐलान

## पीएम मोदी को देंगे वैश्विक शांति पुरस्कार



**वाशिंगटन, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** भारतीय-अमेरिकी अल्पसंख्यक संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वैश्विक शांति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। मैरीलैंड के स्लिगो सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट चर्च में कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को एसोसिएशन ऑफ इंडियन-अमेरिकन माइनॉरिटीज (एआईएएम) का उद्घाटन हुआ। इस संगठन का उद्देश्य भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों में अल्पसंख्यकों को साथ लाना और उनके बेहतर हालात के लिए काम करना है।

संगठन के इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डॉक्टर मार्टिन लूथर किंग जूनियर ग्लोबल पीस अवॉर्ड फॉर माइनॉरिटी अपलिफ्टमेंट से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को वॉशिंगटन एडवेंटिस्ट यूनिवर्सिटी और एआईएएम की तरफ से पीएम मोदी को उनके समावेशी विकास और अल्पसंख्यक कल्याण को लेकर की गई कोशिशों के लिए दिया गया। ▶10पर

### रायता बिखेरने में लगे हैं बाइडेन, हरकतों से बाज नहीं आ रहे

# अमेरिका में अडाणी के बाद संजय कौशिक बने निशाना

**वाशिंगटन, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** अमेरिका अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। जो बाइडेन जाते-जाते रायता बिखेरने में लगे हैं। जो बाइडेन प्रशासन ने अडाणी समूह के बाद एक और भारतीय व्यक्ति को निशाना बनाया गया है। संजय कौशिक नाम के एक और भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। यह मुकदमा 20 नवंबर, 2024 को जारी किया गया है। 57 वर्षीय संजय कौशिक नामक पर आरोप है कि उन्होंने अमेरिका में झूठ बोल कर विमानों के कुछ पुर्जे खरीदे और उन्हें रूस में बेचने का प्रयास किया। इसी के चलते उन्हें अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन करने का आरोपित बनाया गया है।

अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी की एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि कौशिक ने



अमेरिका के आयात नियंत्रण नियमों का उल्लंघन किया है। यह मुकदमा संजय कौशिक

### रूस को तकनीक बेचने के आरोप में कौशिक को गिरफ्तार किया

के खिलाफ 20 ओरेगन जिले में दायर किया गया है। संजय कौशिक वर्तमान में अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों की गिरफ्त में हैं। उन्हें अक्टूबर 2024 में गिरफ्तार किया गया था।

अमेरिका के न्याय विभाग ने दावा किया है कि कि कौशिक ने रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद मार्च 2023 में कई लोगों के साथ मिलकर साजिश रची। कौशिक और अन्य पर झूठे बहाने से अमेरिका से अवैध रूप से एयरोस्पेस तकनीक हासिल करने का आरोप लगाया गया है। न्याय विभाग ने आरोप लगाया कि अमेरिकी कम्पनी से यह कह कर तकनीक हासिल की गई कि यह भारत में उपयोग की जाएगी लेकिन इसे बाद में रूस भेजने का प्रयास किया गया।

मुकदमे में कहा गया है कि उन्होंने कई पुर्जे और तकनीक खरीदी। इनमें से एटीट्यूड हेडिंग रेफरेंस सिस्टम (-कहड) था। यह विमानों में लगाया जाता है। इससे विमान उड़ाने वाले को पता लगता है कि वह कितनी उड़ाई पर विमान उड़ा रहा है ▶10पर

## आतंकवादी बनने पाकिस्तान गए, भारत नहीं लौटे

महिला समेत 14 लोग भगोड़ा घोषित किए गए



**जम्मू, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** राजौरी जिले की कोटरंका सब डिवीजन की एक महिला समेत 14 लोगों को अदालत ने भगोड़ा घोषित कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। ये सभी कई वर्ष पहले आतंकी बनने पाकिस्तान गए थे, जो आज तक भारत नहीं लौटे। मजिस्ट्रेट ने चेतावनी देते हुए कहा है कि 30 दिन में ये सभी लोग खुद को पुलिस के हवाले नहीं करते या कोर्ट में पेश नहीं होते हैं, तो इनकी सारी चल-अचल संपत्ति जब्त कर ली जाएगी।

मुंसिफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कोटरंका ने आदेश जारी कर बताया कि एसएचओ कोटरंका ने एक आवेदन देकर अदालत से एक महिला और 13 अन्य ऐसे लोगों को भगोड़ा घोषित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की अनुमति मांगी थी, जिनके खिलाफ 2011 में 2/3 एमीको (एंड्स एंड इंटरनल मूवमेंट (कंट्रोल) आर्डिनेंस के तहत मामला दर्ज किया गया था। उनका अभी तक अता-पता नहीं है। उनके खिलाफ कई बार वारंट जारी करने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। ये लोग वर्षों से घर नहीं लौटे हैं। वहीं, अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी 14 लोगों को भगोड़ा घोषित कर दिया है। ▶10पर

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 79,190/- (प्रति 10 ग्राम)**

**चाँदी : 92,320/- (प्रति किलोग्राम)**

### मौसम विजयवाड़ा

**अधिकतम : 31°**

**न्यूनतम : 20°**

# कनाडा गए 10,000 छात्र एजेंटों की जालसाजी में फंसे

**जालंधर, 3 नवंबर (एजेंसियां)।** जालसाज एजेंटों ने कॉलेजों व यूनिवर्सिटी के फर्जी एलआ-ओआई (लेटर ऑफ इंटेंट) और फर्जी ऑफर लेटर का इस्तेमाल कर 10 हजार युवाओं को कनाडा स्टडी के लिए पहुंचा दिया। इन विद्यार्थियों में बड़ी संख्या में पंजाब मूल के हैं, जबकि बाकी हरियाणा व गुजरात के अलावा कुछ दिल्ली के हैं। कनाडा सरकार के इस खुलासे के बाद हड़कंप मच गया है और कई कॉलेज संचालकों पर भी गाज गिरने की संभावना है। जांच की जा रही है कि उन्होंने दस्तावेजों की पुष्टि किए बिना दाखिल क्यों दे दिया?

कनाडा के इमिग्रेशन, रिफ्यूजी एंड सिटीजनशिप कनाडा डिपार्टमेंट ने 2024 में स्टूडेंट वीजा के लिए जमा किए गए 10 हजार से ज्यादा फर्जी एडमिशन ऑफर लेटर पकड़े हैं। पिछले साल फर्जी एडमिशन लेटर के कई सारे मामले देखने को मिले, जिसके बाद कनाडा सरकार ने पत्रों की चेकिंग शुरू की। कनाडा की सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल 5 लाख से ज्यादा स्टूडेंट वीजा एप्लीकेशन को क्रॉस चेक किए गए। जांच के दौरान 5 लाख में से 93 फीसदी एप्लीकेशन सही पाए गए,





### एडमिशन के दस्तावेज और ऑफर लेटर फर्जी निकले

### पंजाब, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के छात्रों पर संकट

लेकिन 2 फीसदी एप्लीकेशन में फर्जी दस्तावेज मिले। कई मामलों में, कॉलेज-यूनिवर्सिटी भी वीजा के लिए जमा किए गए एडमिशन लेटर की पुष्टि नहीं कर पाए। पिछले साल कनाडा में एक बड़ा फ्रॉड सामने आया था। कई सारे भारतीय छात्रों को भारत के एक फर्जी कंसल्टेंट ने नकली एडमिशन लेटर के साथ कनाडा भेज दिया। कनाडा पहुंचने पर जब इस बात का खुलासा हुआ तो छात्रों को वापस भारत भेजा गया।

जालंधर के जालसाज एजेंट बृजेश मिश्रा ने 700 विद्यार्थियों को कनाडा में कॉलेजों में दाखिला दिला दिया, जिसमें फर्जी ऑफर लेटर का इस्तेमाल किया गया था। इन छात्रों को जब वर्क परमिट जारी किया जाने लगा तो बवाल खड़ा हो गया। सरकार ने इसके सबक लेते हुए इस साल हुए एडमिशन लेटर का वेरिफिकेशन करना शुरू कर दिया है। नए नियमों के तहत सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी को ऑनलाइन पोर्टल के जरिए एडमिशन लेटर की पुष्टि करनी जरूरी है। 10 हजार विद्यार्थी फर्जीवाड़ा कर कनाडा में दाखिल होने से वहां की सरकार बुरी तरह से घिर गई है। ▶10पर

### कार्टून कॉर्नर



शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# प्रहलाद जोशी ने कोविड घोटाला रिपोर्ट टिप्पणी पर जस्टिस माइकल डी कुन्हा से मांगी माफी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कोविड-19 मामले की रिपोर्ट के बारे में अपने विवादास्पद टिप्पणी पर सेवानिवृत्त जस्टिस माइकल डी कुन्हा से माफी मांगी। उपचुनाव अभियान के दौरान जोशी ने कांग्रेस के इस आरोप का जवाब दिया कि राज्य में भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान कोविड घोटाला हुआ था। अपनी पार्टी का बचाव करते हुए उन्होंने जस्टिस माइकल डी'कुन्हा की रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसकी व्यापक आलोचना हुई। इस मुद्दे को संबोधित करते हुए, प्रहलाद जोशी ने जस्टिस माइकल डी'कुन्हा को एक विस्तृत पत्र लिखा, जिसमें उनकी टिप्पणी के कारण किसी भी अनजाने अपराध के लिए माफी मांगी। जोशी ने लिखा अपने लंबे राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में, मैंने कभी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा कोई बयान नहीं दिया, जिससे न्यायपालिका के किसी भी सदस्य की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे। अगर मेरी टिप्पणी से आपको कोई ठेस या परेशानी हुई है, तो मुझे गहरा खेद है। उन्होंने न्यायपालिका और न्यायमूर्ति डी'कुन्हा के प्रति अपने सम्मान पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा न्यायपालिका और माननीय न्यायाधीशों के प्रति मेरे मन में अत्यंत सम्मान है, जो हमारे संविधान के संरक्षक हैं। मैं न्याय देने के पवित्र कर्तव्य में दृढ़ता से विश्वास करता हूं, और मेरे हालिया बयान का उद्देश्य किसी की प्रतिष्ठा को कम करना नहीं था। उन्होंने स्वीकार किया कि उनके भाषण के दौरान न्यायमूर्ति डी. कुन्हा के नेतृत्व में रिपोर्ट का उल्लेख गलत तरीके से किया गया था, जिससे विवाद पैदा हुआ। जोशी ने कहा अगर मेरे बयान से आपको कोई तकलीफ या संदेह हुआ है, तो मैं ईमानदारी से माफी मांगता हूं। केंद्रीय मंत्री ने आगे स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी न्यायमूर्ति डी'कुन्हा की रिपोर्ट प्राप्त करने में राज्य सरकार की कथित तत्परता पर निर्देशित थी, न कि न्यायाधीश के खिलाफ। उन्होंने कहा मैंने आपके खिलाफ कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की। मेरा इरादा कभी भी आपकी या आयोग की छवि को खराब करने का नहीं था। आयोग के सदस्य के रूप में आपकी निष्पक्षता या आपके कर्तव्यों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता पर संदेह करने का मेरे पास कोई कारण नहीं है।

# कुएं में गिरे तेंदुए को बचाया



**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** पदुबिद्री में मुदरंगडी के पास संथूर में गलती से कुएं में गिरे तीन वर्षीय नर तेंदुए को वन विभाग के कर्मियों ने सफलतापूर्वक बचा लिया। तेंदुआ लक्कड़कट्टा करुणकर पुजारी के घर के आंगन में स्थित कुएं में गिर गया। सुबह करीब 11 बजे करुणाकर ने पानी भरने के लिए जाते समय जानवर को देखा। उन्होंने तुरंत स्थानीय ग्राम पंचायत और वन विभाग को सूचित किया। वन अधिकारी दोपहर में पिंजरे के साथ पहुंचे और बचाव अभियान चलाया। तेंदुए को सुरक्षित रूप से कुएं से बाहर निकाला गया और बाद में कोल्लूर के पास आरक्षित वन में छोड़ दिया गया। बचाव अभियान को देखने के लिए इलाके के सैकड़ों लोग उमड़ पड़े। रिपोर्ट के अनुसार, पिछली रात एक परिवार ने तेंदुए का पीछा किया था, जब उसने एक पालतू कुत्ते का शिकार करने की कोशिश की थी। संदेह है कि भागते हुए वह कुएं में गिर गया। निवासियों ने कहा कि इस इलाके में तेंदुए और जंगली बाइसन अक्सर आते रहते हैं, जिससे स्थानीय लोग बाहर निकलने से डरते हैं। बचाव अभियान का नेतृत्व उप वन संरक्षक गुरुराज ने किया, जिसमें वरिजा नयारी, अखिलेश, केशव, मंजूनाथ, शरण और विभाग के ड्राइवर ने भी सहयोग किया। इस दौरान ग्राम पंचायत अध्यक्ष नमिता, सदस्य रवींद्र प्रभु, शिवराम भंडारी, डेविड डिसूजा, पीडीओ मुथु और लेखा सहायक शिवराम भी मौजूद थे।

# कांग्रेस ने पैसों की बाढ़ से जीत हासिल की: बोम्मई



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद बसवराज बोम्मई ने कहा कि वह शिग्गांव-सावनूर निर्वाचन क्षेत्र उपचुनाव में जनता के फैसले को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करेंगे और कांग्रेस उम्मीदवार यासिर खान पठान को बधाई देंगे। मुझे उम्मीद है कि निर्वाचन क्षेत्र में विकास यात्रा जारी रहेगी। शिग्गांव निर्वाचन क्षेत्र उपचुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद हुब्बल्ली में मीडिया से बात करते हुए बोम्मई ने कहा कि वे शिग्गांव निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के फैसले को स्वीकार करेंगे और विजयी उम्मीदवार यासिर खान पठान को बधाई दी। चुनाव प्रचार के दौरान, उन्हें लोगों की प्रतिक्रिया के आधार पर जीत का भरोसा था। हालांकि, कांग्रेस ने भारी मात्रा में धन खर्च करके जीत हासिल की। चूंकि सरकार उनकी है, इसलिए लोगों ने सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार को चुना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने शिग्गांव-सावनूर निर्वाचन क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास कार्य किए हैं और उम्मीद है कि विकास यात्रा जारी रहेगी और निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए शुभकामनाएं। अभियान के दौरान, 10 मंत्री, 40 से अधिक विधायक और पूर्व विधायक यहां रुके और प्रचार किया। चुनाव को सरकार बनाम बोम्मई के रूप में चित्रित किया गया था। उन्होंने सरकारी मशीनरी और पैसे का इस्तेमाल कर चुनाव जीता। पूर्व सीएम ने कहा कि शिग्गांव में सांसद चुनाव के बाद उन्होंने अच्छा काम किया। हालांकि, इस उपचुनाव में पूरी सरकारी मशीनरी हरकत में आ गई। आम तौर पर उपचुनाव सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में होते हैं। पिछले समय में भाजपा ने अपने कार्यकाल में 17 में से 13 उपचुनाव जीते थे। यह परिणाम सरकार के प्रदर्शन पर जनादेश नहीं दर्शाता है। उन्होंने भी कई उपचुनाव जीते, लेकिन अंततः सरकार खो दी। इसलिए कांग्रेस सरकार को इसे अपने डेढ़ साल के शासन का प्रमाण पत्र नहीं मानना चाहिए। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सांसद ने कहा कि उम्मीद के मुताबिक महाराष्ट्र में बहुमत हासिल हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और तीनों दलों की एकजुटता से पिछले तीन साल के विकास कार्यों के आधार पर जीत मिली है। लोकसभा चुनाव के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि जनता मोदी के साथ है। विपक्षी कांग्रेस भले ही लोकसभा चुनाव में अपनी सीटें बढ़ाने का दावा कर रही हो, लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने उन्हें उनकी जगह दिखा दी है।

## रायपुर में 3 मुमुक्षुओं का भव्य दीक्षा महोत्सव सम्पन्न

# बेंगलूरु से अनेक श्रद्धालु रायपुर दीक्षा में पहुंचे



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** खरतरगच्छीय मोहनलालजी समुदाय से गणाधीश्वर पन्यास प्रवर श्री विनयकुशल गणि जी, तप चक्रवर्ती विराग मुनि जी की निश्रा में तीन दीक्षार्थियों का भव्यातिभव्य दीक्षा महोत्सव रायपुर में सम्पन्न हुआ। दीक्षा के इस महान अवसर पर बेंगलूरु से अनेक श्रद्धालु रायपुर पहुंचे थे। संघ के ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए कहा कि जैन एकता की मिसाल इस ऐतिहासिक दीक्षा महोत्सव में उपाध्याय प्रवर श्री महेन्द्रसागर जी, उपाध्याय युवा मनीषी मनीषसागर जी, तपागच्छ के भुवनभानुश्री समुदाय के मुनि भगवंत एवं साध्वीजी, स्थानकवासी सम्प्रदाय व तेरापंथ समुदाय के गुरुभगवंत तथा साध्वी जी भगवन्त, साध्वी समुदाय में भी गणाधीश्वर श्री विनयकुशल गणि जी के समुदाय की साध्वी विरतियशा श्रीजी, महत्तरापद विभूषिता श्री मनोहरश्री जी की सुशिष्याएं सभी दीक्षा विधि के दौरान सुधर्मा स्वामी के पाट पर एक साथ विराजमान थे।

श्री ऋषभदेव मन्दिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित और वीर पिता राजेश बुरड़ परिवार द्वारा प्रायोजित इस दीक्षा समारोह में करीब दस हजार से अधिक लोग पूरे देशभर से जुड़े थे। कार्यक्रम में तीनों दीक्षार्थियों का तिलक, माला और स्मृति चिन्ह से अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद् के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ललित डाकलिया के साथ रायपुर शाखा के अध्यक्ष मेघराज कांकरिया, मंत्री सचिन पारख ने अभिनन्दन बहुमान किया। केन्द्रीय समिति की ओर से राष्ट्रीय चेयरमैन सुरेश भन्साली, अध्यक्ष सुरेश लूनिया, उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीश्रीमाल, महामंत्री रमेश लुंकड़ ने शुभकामनाएं प्रेषित की। खरतर गच्छाधिपति आचार्य भगवन्त श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वर जी ने पिछले वर्ष विनय कुशल मुनि जी के सुशिष्य विराग मुनि जी को 171 उपवास की सुदीर्घ उग्र तपस्या करने पर तप चक्रवर्ती की उपाधि प्रदान की थी और आगामी 7 फरवरी को उन्हें गणिपद से विभूषित किया जाएगा।

नूतन दीक्षितों को गोचरी वापरने हेतु पात्रा बोहराने का लाभ वीर पिता गौतमचंद, उत्तमचंद, गुमानमल, दीपक कुमार एवं समस्त डाकलिया परिवार की ओर से लिया गया। जिसमें राकेश डाकलिया भी उपस्थित थे। इस अवसर पर पन्यास प्रवर विनय कुशल मुनि जी ने कहा कि हम परमात्मा महावीर के शासन में जीने वालों को ऐसे समय को निहारना चाहिए तभी शुभ भाव बनते है। संयम ही जीवन सार है, यही आंतरिक सुख का मार्ग है। इस पंचान्हिका महोत्सव में छत्तीसगढ शासन के राज्यपाल, मुख्यमंत्री व कई नेता अपना समय निकाल कर गुरुभगवंतों के दर्शन वन्दन और आशीर्वाद लेने हेतु पधारे व उन्होने मुमुक्षुओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर गणाधीश पन्यास प्रवर श्री विनय कुशलमुनि जी का 2025 का चातुर्मास राजनांदगांव (छग) में घोषित किया गया। रायपुर दादावाडी में दीक्षा महोत्सव में मुमुक्षु अरिहंत बुरड का नूतन नाम श्री सुहस्तिभद्र मुनि जी, मुमुक्षु निलेश मेहता का नूतन नाम श्री सोमभद्र मुनि और मुमुक्षु निकिता कटारिया का नूतन नाम साध्वी अरिष्टलब्धि श्री जी घोषित किया गया। इस अवसर पर बुरड़ परिवार की ओर से आयोजित उपधान तप की मोक्षमाला आराधकों को गुरुदेव की ओर से पहनाई गई।

# जनता की अदालत अदालतों से बेहतर: सीएम



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक में विधानसभा उप-चुनावों के नतीजों से उत्साहित कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शनिवार को कहा कि उन्होंने जनता की अदालत में जीत हासिल की है। इन तीनों सीटों पर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। उन्होंने संदूर, शिग्गांव और चन्नपट्टना में विधानसभा उपचुनावों में पार्टी की जीत का श्रेय गारंटी योजनाओं को दिया। विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सीएम सिद्धरामैया ने संवाददाताओं से कहा आप जानते हैं कि महात्मा गांधी ने क्या कहा था। उन्होंने कहा था कि जनता की अदालत अदालतों से बेहतर है। अब जनता की अदालत ने मुझे अपना फैसला सुना दिया है। उन्होंने बताया कि यह जीत कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण थी, क्योंकि भाजपा और जेडीएस ने गठबंधन किया था। हमने कल्याण कर्नाटक (संदूर), कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र (शिग्गांव) और पुराने मैसूरु क्षेत्र (चन्नपट्टना) से जीत हासिल की। सभी जगहों पर हमने जीत हासिल की। इसलिए, यह बहुत महत्वपूर्ण है। सीएम सिद्धरामैया ने आगे कहा लगभग डेढ़ साल पहले हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद, भाजपा ने मुझ पर और मेरी सरकार पर झूठे आरोप लगाए। उन्होंने हमारी योजनाओं के बारे में भी झूठ फैलाया। बता दें कि, मुख्यमंत्री मुडा साइट आवंटन घोटाले में आरोपी हैं, जिसमें मैसूरु के अपमार्केट में 14 साइटें उनकी पत्नी पार्वती को आवंटित की गई थीं। विवाद शुरू होने के बाद, पार्वती ने साइटें मुडा को वापस कर दीं। उन्होंने विपक्षी भाजपा और जेडी(एस) पर उनके झूठ और निराधार आरोपों के लिए भी कड़ी आलोचना की। मुख्यमंत्री ने जेडीएस सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा और उनके बेटे केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी पर चुनाव के दौरान सार्वजनिक रूप से रोने के लिए भी कटाक्ष किया। उन्होंने पूछा, देवगौड़ा और उनके बेटे रोते हैं, लेकिन क्या उनका दिल तब नहीं पिघला जब हासन में प्रज्वल रेवन्ना मामले में कई महिलाएं रोईं? पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और उनका वीडियो बनाने के आरोप में जेल में हैं।

# सम्मान व्रत चेतना एवं बारह व्रत दीक्षा कार्यशाला का आगाज



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** आचार्य श्री महाश्रमणजी की सुशिष्या साध्वी उदितयशाजी शनिवार को राजाजीनगर पहुंची। सभा उपाध्यक्ष मदनलाल बोराणा ने साध्वी जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर समस्त श्रावक श्राविका समाज का स्वागत किया एवं साध्वी के तीन दिवसीय प्रवास के दौरान सेवा दर्शन का लाभ लेने का निवेदन किया। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा निर्देशित एवं तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित सम्मान व्रत चेतना एवं बारह व्रत दीक्षा कार्यशाला का आगाज साध्वी शिक्षाप्रभाजी ने आचार्य श्री तुलसी द्वारा लिखित श्रावक व्रत धारो गीतिका की प्रस्तुति से किया। साध्वी उदितयशाजी ने मंगल उद्‌बोधन प्रदान करते हुए कहा की श्रावक के जीवन में सूर्योदय तो रोज होता है, लेकिन अब हमको व्रतोदय का सूर्य उदय करना है। जिससे हम तीनों लोक के स्वामी बन जाएंगे। अर्थात अकिंचन जिनके पास कुछ नहीं होते हुए भी वह तीनों लोक का स्वामी बन जाता है, जिसके जीवन में व्रतों का उदय हो जाये। तेयुप अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया ने सभी का स्वागत करते हुए बारहव्रत दीक्षा स्वीकार करने का आह्वान किया। साथ ही बारह व्रत स्वीकार करने वालों का सम्मान किया गया। राजाजीनगर क्षेत्र में 21 बारहव्रती श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान किया गया।

# मतदाताओं के फैसले के आगे नतमस्तक हूं: निखिल कुमारस्वामी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी ने शनिवार को कहा कि चुनाव में मिली हार चौंकाने वाली है और वह मतदाताओं के फैसले के आगे नतमस्तक हैं। चन्नपट्टना सीट पर हुए उपचुनाव में हार पर प्रतिक्रिया देते हुए निखिल ने कहा मैं मतदाताओं के फैसले के आगे नतमस्तक हूं। क्षेत्र के लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा (दादा) और केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी (पिता) को महान नेता बनने में मदद की है। मैं चुनाव प्रचार में किए गए अपने वादों को पूरा करूंगा और समाज की भलाई के लिए काम करूंगा। निखिल कांग्रेस उम्मीदवार सी.पी. योगेश्वर से 25,413 मतों से हार गए, जिन्होंने जीत के बाद दावा किया कि राज्य में जेडी-एस के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं। योगेश्वर ने कहा कि कुमारस्वामी ने अपनी प्रतिष्ठा के लिए अपने बेटे निखिल को बलि का बकरा बना दिया। उन्होंने कहा कि कुमारस्वामी उन्हें मांड्या से आम चुनाव लड़वा सकते थे और उनकी जीत सुनिश्चित कर सकते थे। चूंकि वह (कुमारस्वामी) केंद्रीय मंत्री बनना चाहते थे, इसलिए उन्होंने चुनाव लड़ा और अपने बेटे के हितों की बलि दे दी। मुझे बताया गया है कि देवेगौड़ा एक बड़ी ताकत हैं। हालांकि, अब उनकी उम्र हो चुकी है।

इस कारण लोगों ने उन्हें नकार दिया है। अब उनके लिए आराम करने का समय है। इस परिणाम के बाद, जेडी-एस पार्टी के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। योगेश्वर ने अपनी जीत के लिए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और उनके भाई डी.के. सुरेश को भी धन्यवाद दिया। निखिल को 87,229 वोट मिले, जबकि योगेश्वर को 1.12 लाख (1,12,413) वोट मिले।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। बेंगलूरु सारथी सैने द्वारा कर्नाटका राज्योत्सव के उपलक्ष में जयनगर स्थित शालिनी खेल मैदान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने ऑटो चालकों को संबोधित किया। सैने के अध्यक्ष रामे गोड़ा ने मुणोत को सम्मानित किया।*

# कांग्रेस ने संदूर, चन्नपट्टना, शिग्गांव उपचुनाव जीते



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कांग्रेस पार्टी की ई. अन्नपूर्णा ने कर्नाटक के संदूर एसटी रिजर्व विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 9,649 मतों से जीत हासिल की है, जिसके लिए शनिवार को मतगणना हुई। अन्नपूर्णा ने 93,616 मत प्राप्त किए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार बंगारू हनुमंत को 83,967 मत मिले।

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के अनुसार सभी 19 राउंड की मतगणना पूरी हो चुकी है। जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्रम राज्य मंत्री संतोष लाड ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लगातार सातवीं बार सीट जीती है।

परिणाम से पता चला है कि लोगों को मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले, वक्फ विवाद और मुख्य रूप से आदिवासी कल्याण बोर्ड घोटालों के आरोपों की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा परिणाम से पता चला है कि लोग मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के साथ हैं। इस बीच, हार की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा चिढ़ाए जाने पर भाजपा उम्मीदवार बंगारू हनुमंतु ने कांग्रेस समर्थकों को चुनौती दी कि वह 2028 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। हाई-प्रोफाइल चन्नपट्टना निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार निखिल कुमारस्वामी 25,413 वोटों से हार गए। निखिल को 87,229 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार सी.पी. योगेश्वर को 1,12,642 वोट मिले। इस क्षेत्र के लिए 20 राउंड की मतगणना हुई, जिसमें उपचुनाव में उल्लेखनीय 88.80 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 427 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। निखिल कुमारस्वामी केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के बेटे हैं।

वहीं शिग्गांव विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार भरत बोम्मई 13,448 वोटों से हार गए। उन्हें 87,308 वोट मिले और कांग्रेस उम्मीदवार यासिर अहमद खान पठान, जिन्हें शुरुआती झटका लगा था, ने जोरदार वापसी की और 1,00,756 वोट हासिल किए। नोटा के तहत 834 वोट डाले गए। कांग्रेस समर्थकों ने अलविदा बोम्मई के नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने वक्फ और आवास मंत्री जमीर अहमद खान के पोस्टर लहराकर जश्न भी मनाया। तीनों सीटों पर चुनाव उन विधायकों के इस्तीफे के बाद हुए हैं जिन्होंने लोकसभा चुनाव में सफलतापूर्वक भाग लिया था। तीनों सीटों में से चन्नपट्टना सीट सबसे हाई-प्रोफाइल मानी जाती है, क्योंकि इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा और उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार के परिवारों के बीच टकराव देखने को मिला है। हाई-प्रोफाइल चन्नपट्टना विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव हुए, जिसका प्रतिनिधित्व केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी करते हैं, जबकि शिग्गांव सीट पूर्व सीएम और भाजपा सांसद बसवराज बोम्मई के पास है। संदूर की सीट, जहां भाजपा कभी नहीं जीती है, का प्रतिनिधित्व कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम करते हैं।

## विरोध प्रदर्शन के बीच
# डेरालाकाटे में अतिक्रमण वाली इमारतों को किया गया ध्वस्त



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने पुलिस सुरक्षा के तहत शुक्रवार को डेरालाकाटे में अतिक्रमण की गई सरकारी जमीन पर बने ढांचों को निशाना बनाकर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। अभियान बयारिस कमर्शियल कॉम्प्लेक्स से कुट्टारू पंडित हाउस तक फैला हुआ था। इस दौरान पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और व्यापारियों के बीच तीखी बहस हुई, जिन्होंने विभाग पर बिना पूर्व सूचना दिए कार्रवाई करने का आरोप लगाया। आरोप यह भी सामने आए कि कुछ स्थानों पर ध्वस्तीकरण आधिकारिक निर्देशों के बजाय स्थानीय हितों से प्रेरित था। अभियान का नेतृत्व सहायक कार्यकारी अभियंता नागराज आर बी और सहायक अभियंता दास प्रकाश ने किया। हालांकि, कुछ निवासियों और व्यापारियों ने आपत्ति जताई, जिन्होंने सवाल उठाया कि अभियान के दौरान मुख्य सड़क के पास कुछ साइनबोर्ड और दुकानों को क्यों नहीं छोड़ा गया।

## न्यायपालिका पर टिप्पणी करने का मामला
# भाजपा ने सीएम के बेटे के खिलाफ आपराधिक अवमानना का मामला शुरू करने की मांगी अनुमति





**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक भाजपा ने मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के बेटे और कांग्रेस एमएलसी यतींद्र के खिलाफ न्यायपालिका के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर न्यायालय की अवमानना का मामला दर्ज करने की अनुमति मांगते हुए महाधिवक्ता के समक्ष याचिका दायर की है।

यतींद्र ने मैसूरु जिले के एच.डी. कोटे में उपचुनाव के लिए प्रचार करते हुए कहा कि न्यायपालिका और केंद्रीय एजेंसियां केंद्र सरकार से प्रभावित हैं। जिसके बाद राज्य भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक वसंत कुमार ने शुक्रवार शाम को याचिका दायर की। मैं न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 की धारा 15 (1)(बी) के तहत यतींद्र सिद्धरामैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए आपकी सहमति चाहता हूं। वसंत कुमार ने अपनी प्रार्थना में कहा, न्यायपालिका की गरिमा और अधिकार को बनाए रखना और इस आवश्यक लोकतांत्रिक संस्था में जनता के विश्वास को कम करने वाले किसी भी कार्य को रोकना अनिवार्य है। यह बयान कार्यपालिका शाखा द्वारा अनुचित प्रभाव का संकेत देकर न्यायपालिका को बदनाम करता है। यह शक्तियों के पृथक्करण के मूलभूत सिद्धांत को कमजोर करता है, जो लोकतांत्रिक शासन की अखंडता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। वसंत कुमार ने कहा कि विधान परिषद के सदस्य के रूप में यतींद्र जनता के विश्वास का स्थान रखते हैं, उनके बयानों का काफी वजन और प्रभाव है, जो उनके संभावित नुकसान को बढ़ाता है। इसमें कहा गया है कि भारत का संविधान अनुच्छेद 19 (2) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंधों की अनुमति देता है। यतींद्र के बयान इन उचित प्रतिबंधों को पार करते हैं, संवैधानिक मानकों का उल्लंघन करते हैं। गत 13 नवंबर को एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान यतींद्र ने कथित तौर पर न्यायपालिका के खिलाफ बयान दिया। अपने संबोधन में उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई और आईटी सहित जांच एजेंसियों को नियुक्त करके अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रही है। याचिका में रेखांकित किया गया है, अदालतें भी ऐसी स्थिति में पहुंच गई हैं जहां वे केंद्र सरकार के निर्देशों को सुन रही हैं।

## उपचुनावों में कांग्रेस की जीत का जश्न
# यह लोगों का संदेश है कि आरोप लगाने के बजाय विकास पर ध्यान करें केंद्रीत: शिवकुमार



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कांग्रेस भले ही महाराष्ट्र जैसे महत्वपूर्ण राज्य में हार गई हो, लेकिन कर्नाटक में तीनों विधानसभा उपचुनाव जीतकर उसके पास खुश होने की वजह है। कांग्रेस के यासिर पठान ने शिग्गांव में पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई के बेटे को हराया, जबकि भाजपा से अलग हुए सीपी योगेश्वर ने चन्नपट्टना में एचडी कुमारस्वामी के बेटे को भारी अंतर से हराया। कांग्रेस की अन्नपूर्णा तुकाराम ने संदूर में भाजपा के हनुमंथा को 9,649 वोटों से हराकर 93,616 वोट हासिल करने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर से जीत का प्रमाण पत्र स्वीकार किया। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को उपचुनावों में कांग्रेस की जीत का जश्न मनाया और इसे लोगों का संदेश बताया। शिवकुमार ने कांग्रेस की जीत की प्रशंसा करते हुए कहा मैं यह नहीं कहता कि यह भरत बोम्मई की हार है, यह उनके पिता के काम के लिए लोगों का संदेश है। केवल दो चीजें काम करती हैं - विकास और गारंटी। यह लोगों का संदेश है कि आरोप लगाना बंद होना चाहिए और काम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह शुरुआत है, और हम 2028 में सत्ता में वापस आएंगे। डीके शिवकुमार ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सीएम पर कई आरोप लगाए थे, लेकिन उनके लिए कुछ भी काम नहीं आया। बार-बार दोनों पार्टियों ने हमारी आलोचना की और हमें दोषी ठहराया। हम लोगों के लिए, विकास के लिए लगभग पचास हजार करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। लोग गृहलक्ष्मी, गृहज्योति और अन्य योजनाओं का उपयोग कर रहे हैं। यह सिर्फ एक शुरुआत है कि हम 2028 में फिर से सत्ता में आएंगे। विपक्षी दलों ने सीएम, मंत्रियों और सरकार पर कई आरोप लगाए, सभी झूठे आरोप भाजपा और जेडीएस के लिए कभी काम नहीं आए। उन्होंने कहा कि आपको अपना चेहरा आईने में देखना चाहिए कि अब लोगों ने आपके उन आरोपों को खारिज कर दिया है जो आपने मुख्यमंत्री पर लगाए थे।

शिग्गांव, संदूर और चन्नपट्टना में लोगों ने भाजपा और एनडीए नेताओं द्वारा दिए गए बयानों को खारिज कर दिया है। उनका गठबंधन कर्नाटक में कभी काम नहीं करेगा। अक्टूबर में, चुनावों से पहले, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा था चूंकि शिग्गांव वह निर्वाचन क्षेत्र है जिसका मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, इसलिए मेरी जिम्मेदारी अधिक है। हमारी पार्टी के कर्नाटक प्रभारी सचिव राधा मोहन अग्रवाल ने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया और फीडबैक लेने के लिए स्थानीय नेताओं के साथ बैठकें कीं। हम वहां चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं, और मुझे पर्याप्त समर्थन मिलने का भरोसा है। मुझे विश्वास है कि हम पिछले चुनाव में मिले 36,000 वोटों के समान जीत हासिल करेंगे। 2024 के झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 15 राज्यों के उपचुनावों के नतीजों की गिनती शुरू होने के बाद शुरुआती रुझानों में भरत बोम्मई आगे चल रहे थे। 48 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे।

## प्रदेश की 3 सीटों के उपचुनाव नतीजों से हूं निराश
# एनडीए ने महाराष्ट्र में एक नया इतिहास रचा: विजयेंद्र



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि महाराष्ट्र में एनडीए ने हमारी उम्मीदों से बढ़कर 200 सीटों का आंकड़ा पार कर लिया है। एनडीए ने महाराष्ट्र में एक नया इतिहास रचा है। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि महाराष्ट्र की जनता ने एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया और उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाई। कर्नाटक में चन्नपट्टना, शिग्गांव और संदूर- इन 3 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो चुके हैं। हम तीनों क्षेत्रों में पिछड़ रहे हैं। हमें विश्वास था कि चन्नपट्टना में हमारी सहयोगी जेडीएस पार्टी, शिग्गांव और संदूर में भाजपा जीतेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह सच है कि हम निराश हैं। असफलता का कारण क्या है? हम क्यों नहीं जीत पाए इस पर दोनों पार्टियों के नेता बैठ कर चर्चा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वह निकट भविष्य में इस गलती को सुधारने का काम ईमानदारी से करेंगे। हमें अभी नतीजा मिला है। संदूर विधानसभा क्षेत्र में पहली बार भाजपा को करीब 80 हजार वोट मिले हैं। हमें यहां 80 वोटों के अंतर से जीत का भरोसा था। इसके लिए हर तरह का प्रयास किया गया। हमें नहीं लगता कि संदूर का नतीजा कोई झटका है। हमें अच्छे वोट मिले। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम सब बैठेंगे और झटके के कारणों पर चर्चा करेंगे। शुरुआती नतीजे चौंकाने वाले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बेटे वहां भाजपा के दावेदार थे। भाजपा के सभी कार्यकर्ता वहां दिन-रात काम कर रहे थे। बोम्मई ने वहां काफी विकास कार्य किये हैं। आज लोगों का झुकाव सत्ता पक्ष की ओर हो गया है। बैठक कर इसकी समीक्षा की जाएगी।

# कांग्रेस न्यूनतम 1 प्रतिशत वोटों के अंतर से जीती: पी. राजीव



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा के प्रदेश महासचिव पी. राजीव ने विश्लेषण किया कि तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, मंत्रियों पर दबाव, प्रशासनिक मशीनरी का न्यूनतम सहयोग और अंतिम समय में दी गई गारंटी राशि के कारण कांग्रेस पार्टी बहुत कम वोटों से जीत गई। मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कर्नाटक में 3 में से 3 उपचुनावों में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर बहुत मेहनत की है। उन्होंने बताया कि सभी नेता पार्टी के चुनाव कार्य में लगे हुए थे। हम सत्ताधारी दल द्वारा सत्ता और धन का दुरुपयोग देख रहे थे। तुष्टिकरण के चरम पर कांग्रेस ने एक वर्ग के वोटों पर पूरी तरह कब्जा करने की कोशिश की। गणपति उत्सव के दौरान हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि वक्फ पर लिए गए फैसलों- इन सभी ने एक वर्ग के वोट को संहिताबद्ध करने की कांग्रेस की कोशिश को फल दिया है। उन्होंने कहा कि जब तुष्टिकरण चरम पर पहुंच गया तो हमें लगा कि हम उन लोगों को जागरूक नहीं कर पा रहे हैं, जिन्हें जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वहां सिर्फ 2.5 से 3 फीसदी के अंतर से चुनाव जीता गया। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए एक मंत्री को लक्ष्य दिया था और बूथों पर इतनी बढ़त नहीं मिलने पर मंत्री का पद बदलने की धमकी दी थी। तीसरा कारण यह है कि प्रशासनिक तंत्र का प्रयोग स्वाभाविक रूप से सरकार के पक्ष में किया जाता है। उन्होंने हमारी पार्टी के प्रचार में बाधा डाली थी।

उन्होंने कहा, एक ही घर से 4 हजार लेकर 2 हजार देना, जब वोटिंग के लिए 2 दिन हों तो 2 हजार लगाना कांग्रेस की जीत का दूसरा कारण है। उन्होंने कहा कि ये सब हमारी हार का कारण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न्यूनतम प्रतिशत वोटों के अंतर से जीती है, जो सरकार के खिलाफ जनता की राय को दर्शाता है। महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा गठबंधन को अभूतपूर्व समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी जब अंतिम दौर के नतीजे आएंगे तो विश्वास है कि भाजपा वहां भी बहुमत की ओर बढ़ेगी।

# निखिल कुमारस्वामी को हार की हैट्रिक का करना पड़ा सामना



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई का मैदान बने चन्नपट्टना विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार निखिल कुमारस्वामी को हार की हैट्रिक का सामना करना पड़ा है। निखिल कुमारस्वामी की हार जहां एनडीए गठबंधन के लिए बड़ा झटका है, वहीं सत्तारूढ़ कांग्रेस का आधार मजबूत है। जेडीएस के गढ़ को घेरने वाली कांग्रेस ने रामनगर जिले की 4 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की है। पिछले विधानसभा चुनाव में रामानगर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले निखिल कुमारस्वामी हार गए थे। 2019 के लोकसभा चुनावों में, उन्होंने कांग्रेस और जेडीएस गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में मांड्या लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और अभिनेत्री सुमलता से हार गए, जो एक स्वतंत्र उम्मीदवार थीं। अब उन्होंने चन्नपट्टना विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में बड़ी उम्मीदों के साथ चुनाव लड़ा। पूर्व प्रधान मंत्री एच. डी. देवेगौड़ा, केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी, वी. सोमन्ना, शोभा करंदलाजे, पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा, सदानंद गौड़ा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक सहित अन्य बड़े नेताओं ने निखिल कुमारस्वामी के लिए प्रचार किया और वोट मांगे। चुनाव प्रचार में एनडीए उम्मीदवार के लिए कांग्रेस प्रत्याशी योगेश्वर से भी ज्यादा प्रचार किया था। इस निर्वाचन क्षेत्र में, इसे योगेश्वर और निखिल कुमारस्वामी के बजाय कुमारस्वामी और डीके भाइयों के बीच लड़ाई के रूप में चित्रित किया गया था। इस चुनाव परिणाम में निखिल कुमारस्वामी और योगेश्वर का राजनीतिक भविष्य छिपा था। जहां योगेश्वर हार की हैट्रिक से बच गए और अपना राजनीतिक भविष्य पक्का कर लिया, वहीं निखिल को भारी निराशा हाथ लगी।

# संविधान के नकली हितैषी बनने वालों की दुकान पर लगा ताला : अमित शाह

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन की जीत पर पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने महाविकास अघाड़ी पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र ने विकास के साथ-साथ संस्कृति और राष्ट्र को सर्वोपरि रखने वाले महायुति गठबंधन को इतना प्रचंड जनादेश देकर भ्रम और झूठ के सहारे संविधान के नकली हितैषी बनने वालों की दुकान पर ताला लगाने का काम किया है। उन्होंने इस जीत को महाराष्ट्रवासी की जीत बताया।



गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''जय महाराष्ट्र, इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए महाराष्ट्र की जनता का कोटि-कोटि वंदन। छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबासाहेब आंबेडकर जी, ज्योतिबा फुले जी और वीर सावरकर जी की पुण्यभूमि महाराष्ट्र ने विकास के साथ-साथ संस्कृति और राष्ट्र को सर्वोपरि रखने वाले महायुति गठबंधन को इतना प्रचंड जनादेश देकर भ्रम और झूठ के सहारे संविधान के नकली हितैषी बनने वालों की दुकान पर ताला लगाने का काम किया है। यह जीत हर एक महाराष्ट्रवासी की जीत है।''

दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, ''महायुति की यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की 'पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस' की जीत है। महाराष्ट्र वासियों ने तुष्टीकरण की राजनीति को नकार कर महायुति की विरासत, विकास और गरीब कल्याण पर फिर से अपना भरोसा जताया है। इस भव्य जीत के लिए महाराष्ट्र के भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार को हार्दिक बधाई देता हूं।''

झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भी गृह मंत्री अमित शाह ने रिएक्शन दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''झारखंड में भाजपा को सबसे अधिक मत प्रतिशत का आशीर्वाद देने के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही, झारखंड भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए शुभकामनाएं देता हूं। भाजपा के लिए जनजातीय समाज की आकांक्षाओं की पूर्ति और उनकी अस्मिता की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एनडीए की केंद्र सरकार झारखंडवासियों की उन्नति, प्रगति और जनजातीय विरासतों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और मोदी जी के नेतृत्व में हम निरंतर इस दिशा में कार्य करते रहेंगे। भाजपा झारखंड में एक सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।''

अमित शाह ने उपचुनावों के नतीजों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ''देशभर में हुए उपचुनावों में विजयी होने वाले एनडीए के सभी प्रत्याशियों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास और विश्वास के सुंदर कालखंड का साक्षी बन रहा है। लोकसभा चुनाव, हरियाणा या महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के साथ ही उप-चुनावों में एनडीए की यह जीत स्पष्ट करती है कि देश वासियों का मोदी जी पर अटूट भरोसा है। एनडीए के विजयी प्रत्याशी विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना सर्वोच्च योगदान देते रहेंगे।''

# प्रदूषण : फिर खराब हुई दिल्ली की हवा, गंभीर श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

दो दिनों तक राहत मिलने के बाद शनिवार को दिल्ली की हवा फिर से खराब होकर 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई और एक्यूआई 400 पार कर गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह सात बजे तक राष्ट्रीय राजधानी में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 422 रहा।



दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न शहरों में भी एक्यूआई उच्च रहा। फरीदाबाद में 290, गुरुग्राम में 324, गाजियाबाद में 357, ग्रेटर नोएडा में 295 और नोएडा में 345 रहा। दिल्ली के नौ इलाकों में एक्यूआई का स्तर 300 से ऊपर और 400 के बीच रहा। आया नगर में यह 394, मथुरा रोड में 384, आईजीआई एयरपोर्ट में 397, दिलशाद गार्डन में 390, आईटीओ में 388, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 394, पूसा में 398 और श्री अरबिंदो मार्ग में 388 रहा। दिल्ली के 27 इलाकों में एक्यूआई का स्तर 400 से 500 के बीच रहा। अलीपुर में यह 452, आनंद विहार में 458, अशोक विहार में 457, बवाना में 458, बुराड़ी क्रॉसिंग में 422, चांदनी चौक में 440, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 420, डीटीयू में 419, द्वारका सेक्टर 8 में 432, जहांगीरपुरी में 463, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 418, मंदिर मार्ग में 418, मुंडका में 443, नजफगढ़ में 406, नरेला में 437, नेहरू नगर में 448, नॉर्थ कैंपस में 419, एनएसआईटी द्वारका में 401, ओखला सिस्टम में 420, पटपड़गंज में 426, पंजाबी बाग में 454, आरके पुरम में 430 रहा। रोहिणी में 439, शादीपुर में 406, सिरी फोर्ट में 406, विवेक विहार में 453, वजीरपुर में 467 दर्ज किया गया।

सीपीसीबी के अनुसार, 0-50 के बीच एक्यूआई अच्छा माना जाता है। 51-100 के बीच संतोषजनक, 101-200 के बीच मध्यम, 201-300 के बीच में खराब, 301-400 के बीच बहुत खराब और 401-500 के बीच गंभीर माना जाता है।

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए लागू प्रदूषण विरोधी उपायों का चौथा चरण यानी जीआरएपी-4 अगले 72 घंटों तक लागू रहेगा।

कोर्ट ने कहा कि वह अगले सप्ताह इस बात पर विचार करेगा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण के स्तर से निपटने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान 4 (जीआरएपी 4) के तहत दिल्ली-एनसीआर में वर्तमान में लागू कुछ नियमों, खासकर स्कूलों से संबंधित नियमों में ढील दी जाए या नहीं।

# साहित्य मानवता को सशक्त बनाने के साथ साथ समाज को नवजीवन देता है: मुर्मू

**नयी दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि साहित्य मानवता को सशक्त बनाता है और समाज को बेहतर बनाने के साथ साथ उसे नवजीवन देता है।



श्रीमती मुर्मु ने शनिवार को यहां एक साहित्य कार्यक्रम में हिस्सा लिया और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लेखकों को सम्मान प्रदान किये।

राष्ट्रपति ने गुलज़ार साहब को 'आज तक साहित्य जागृति लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' मिलने पर विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने साहित्य और कला की दुनिया के प्रति उनके समर्पण के लिए उनकी सराहना की।

उन्होंने कहा कि इन पुरस्कार विजेताओं के पुरस्कार विजेता कार्य अतीत से वर्तमान तक भारत की विविधता को दर्शाते हैं और लेखकों की कई पीढ़ियों को एक साथ पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश की क्षेत्रीय साहित्य कृतियों में अखिल भारतीय चेतना सदैव विद्यमान रही है। यह चेतना हमारी संपूर्ण यात्रा में, रामायण और महाभारत काल से लेकर हमारे स्वतंत्रता संग्राम तक, दिखाई देती रही है और आज के साहित्य में भी देखी जा सकती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा देखा गया है कि जो लेखक जनता के सुख-दुख से जुड़े रहते हैं, उनका काम पाठकों को पसंद आता है, जबकि समाज उन लेखकों को अस्वीकार कर देता है जो समाज के अनुभवों को कच्चा माल मानते हैं। ऐसे लेखकों का काम एक छोटे साहित्यिक प्रतिष्ठान तक ही सीमित रहता है। उन्होंने कहा कि जहाँ बौद्धिक आडंबर और पूर्वाग्रह है, वहाँ साहित्य नहीं है। जनता के दुख-दर्द को साझा करना साहित्य की पहली शर्त है। दूसरे शब्दों में साहित्य को मानवता के प्रवाह से जुड़ना चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि साहित्य मानवता को सशक्त बनाता है और समाज को बेहतर बनाता है। साहित्य मानवता के शाश्वत मूल्यों को बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढालता है। साहित्य समाज को नवजीवन देता है। कई संतों और कवियों ने महात्मा गांधी के विचारों को प्रभावित किया। साहित्य के ऐसे प्रभाव का सम्मान किया जाना चाहिए।

# संयुक्त किसान मोर्चा के बड़े ऐलान: खनौरी मोर्चे पर 26 नवंबर से आमरण अनशन, देशव्यापी समर्थन

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने दिल्ली प्रेस क्लब में एक अहम प्रेस वार्ता आयोजित कर किसान आंदोलन को फिर से तेज करने की घोषणा की। गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में आयोजित बैठक में दक्षिण भारत सहित देश के कई राज्यों के किसान नेताओं ने भाग लिया। ब

ैठक का मुख्य एजेंडा किसानों की लंबित मांगों को लागू करवाने के लिए रणनीति तैयार करना था। आंदोलन की अगली कड़ी: 26 नवंबर से खनौरी मोर्चे पर आमरण अनशन



सीनियर किसान नेता जगजीत सिंह डलेवाल 26 नवंबर से खनौरी मोर्चे पर आमरण अनशन शुरू करेंगे। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और दक्षिण भारत के किसान बड़े पैमाने पर इस आंदोलन में शामिल होंगे। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना जैसे राज्यों में जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि यदि सरकार ने 9 महीनों से लंबित किसानों की मानी हुई मांगों को लागू नहीं किया, तो 6 दिसंबर को शंभू मोर्चे से दिल्ली तक पैदल मार्च किया जाएगा।

### सरकार और विपक्ष पर दबाव बनाने की रणनीति

मोर्चे ने संसद के आगामी सत्र (25 नवंबर से शुरू) पर जोर देते हुए सरकार से किसानों की मांगों को अमलीजामा पहनाने की अपील की। साथ ही, विपक्षी दलों से संसद में एमएसपी खरीद गारंटी कानून पर प्राइवेट मेंबर बिल लाने की मांग की गई। इस मौके पर सरवन सिंह पंधेर, सुखजिंदर सिंह खोसा, सुखजीत सिंह हरदोझण्डे, हरपाल सिंह बिलारी, लखविंदर सिंह औलख, गुरिंदर सिंह भंगू, गुरसाहब सिंह चाटीविंड, तेजवीर सिंह हरियाणा, अभिमन्यु कोहाड़, गुरमनीत सिंह मांगट, इंद्रजीत सिंह पन्नीवालिया, राजिंदर यादव यूपी, जतिंदर शर्मा यूपी मौजूद रहे।

# भारत का संविधान न केवल देश, बल्कि पूरी दुनिया के लिये मार्गदर्शन का स्रोत है: बिरला



**नयी दिल्ली/ सोनीपत (हरियाणा) , 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि देश का संविधान केवल कानूनी दस्तावेज ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक बदलाव का मार्गदर्शक भी रहा है। श्री बिरला ने कहा, छब्बीस नवंबर को हम संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष तथा 10वां संविधान दिवस मनाने जा रहे हैं। इन 75 वर्षों के दौरान संविधान ने हमारे लोकतंत्र को अवलंब दिया, सुदृढ़ किया और आज लोकतंत्र हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन चुका है।

# महाकुंभ में संलग्न स्वच्छताकर्मियों और नाविकों को मिलेगा बीमा का लाभ

**प्रयागराज, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

महाकुंभ 2025 को सीएम योगी के विजन के मुताबिक स्वच्छ और स्वस्थ महाकुंभ बनाने का मिशन रखा गया है। महाकुंभ से स्वच्छता और ग्रीन महाकुंभ का संदेश पूरे विश्व में प्रसारित करना है। इस दिशा में मेला प्राधिकरण प्रयागराज जहां एक ओर 1.5 लाख शौचालय स्थापित कर रहा हैं तो वही दूसरी ओर दस हजार से अधिक स्वच्छताकर्मी पूरे मेले के दौरान कार्यरत रहेंगे। सीएम योगी की पहल पर महाकुंभ के स्वच्छताकर्मियों के स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा के लिए स्वच्छता मित्र सुरक्षा बीमा योजना लागू की गई है। जिसके तहत महाकुंभ में संलग्न सभी स्वच्छताकर्मियों और नाविकों को 2 लाख रुपए की जीवन बीमा योजना से जोड़ा जाएगा। योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री आदित्यनाथ अपने हाथों से स्वच्छताकर्मियों को स्वच्छता मित्र बीमा योजना का सार्टिफिकेट दे कर करेंगे। महाकुंभ 2025 के दिव्य-भव्य आयोजन में स्वच्छता और स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही स्वच्छता कार्यों में जुटे सफाईकर्मियों का भी खास ध्यान रखा गया है। महाकुंभ में स्वच्छ कुंभ कोष के माध्यम से स्वच्छताकर्मियों के बच्चों के लिए मेला क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय चलाया जा रहा है। साथ ही पहली बार महाकुंभ में संलग्न स्वच्छताकर्मियों और नाविकों को स्वच्छता मित्र सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा।

# पंजाब में आप ने तीन सीटों पर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज़ की : केजरीवाल

**नयी दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि 2013, 2015, 2020 के बाद आम आदमी पार्टी अब 2025 में दिल्ली जीतकर इतिहास रचने जा रही है।

श्री केजरीवाल ने कहा कि आज पंजाब में चार सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आए हैं।

चार में से तीन सीटें आप भारी बहुमत से जीत गई है। खास बात यह है कि जो तीन सीटें हम जीते हैं, यह इसके पहले हमारी सीटें नहीं थीं।

यह तीनों पहली बार जीते हैं। वर्ष 2022 की आंधी में भी यह तीनों सीट हम नहीं जीते थे।

वर्ष 2022 में जनता ने आम आदमी पार्टी को 117 में से 92 सीटें दी थीं। आज पंजाब के अंदर हमारी 95 सीटें हो गई हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इन तीनों सीटों के ऊपर भारतीय जनता पार्टी की जमानत जब्त हो गई है।

# स्वास्थ्य सामाजिक उत्पादकता से जुड़ा है: धनखड़



नयी दिल्ली/जोधपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिकित्सा पेशे में व्यवसायीकरण और नैतिक ह्रास पर चिंता व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि स्वदेशी निर्मित चिकित्सा उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

श्री धनखड़ ने राजस्थान के जोधपुर में राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी के 64 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति के स्वास्थ्य, उसकी उत्पादकता और समाज के समग्र स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध है।

उन्होंने कहा,स्वास्थ्य सर्वोत्तम और प्राथमिक चिंता का विषय है क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य न केवल व्यक्तिगत प्रयासों के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज के अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है।

चिकित्सा पेशे में व्यवसायीकरण और नैतिक ह्रास पर चिंता व्यक्त करते हुए, श्री धनखड़ ने कहा, चिकित्सक पेशे-वरों को संरक्षक के रूप में सेवा करनी होती है और यह भूमिका भारत में और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत एक-छठाई मानवता का घर है। ध्यान केवल चिकित्सीय देखभाल तक सीमित नहीं रहना चाहिए। अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रचार करना चाहिए। शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य का वकील बनना होगा। लेकिन स्वास्थ्य देखभाल में चुनौतियाँ भी हैं। व्यवसायीकरण और नैतिक ह्रास की समस्याओं को सुलझ-ाना जरूरी है।

श्री धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वस्थ समाज की आवश्यकता है।

स्वदेशी निर्मित चिकित्सा उपकरणों के समर्थन की आवश्यकता को व्यक्त करते हुए श्री धनखड़ ने कहा, हमें स्वदेशी निर्मित चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा देना चाहिए। इस मिथक को तोड़ना होगा कि आयातित सामान श्रेष्ठ होते हैं। अब ऐसा नहीं है। मैं भारतीय उद्योग, व्यापार और वाणिज्य से अपील करता हूं कि वे देश में चिकित्सा उपकरणों का निर्माण करने की दिशा में कार्य करें, ताकि न केवल देश के लिए, बल्कि दुनिया के लिए भी उत्पाद तैयार किए जा सकें।

प्राचीन ग्रंथों और शास्त्रों में स्वास्थ्य पर दिए गए महत्व को रेखांकित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि स्वास्थ्य, सिर्फ बीमारी का अभाव नहीं है, बल्कि समग्र कल्याण की स्थिति है।

# झारखंड में आदिवासी अस्मिता की जीत : आतिशी

**नयी दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत पर हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि यह आदिवासी अस्मिता की जीत है।

सुश्री आतिशी ने एक्स पर कहा,शानदार जीत के लिए बधाई हेमंत सोरेन जी। ये जीत आदिवासी अस्मिता की जीत है। झारखंड की जनता ने संदेश दिया है कि, सत्ता हथियाने के लिए भारतीय जनता पार्टी कितने भी षड्यंत्र रच ले लेकिन जीत हमेशा लोकतंत्र की होगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा,झारखंड की जनता ने एक बार फिर हेमंत सोरेन पर विश्वास जताया है। इस शानदार जीत के लिए हेमंत जी एवं उनके सभी कार्यकर्ताओं को बधाई। झारखंड की जनता ने भाजपा के छल-कपट को नकार दिया और झारखंड में एक बार फिर संविधान, आदिवासी सम्मान और जनता की जीत हुई है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा को 34 सीटें मिली है जबकि उनके गठबंधन (इंडिया समूह) को 54 सीटें मिली है।

# यूपी उपचुनाव : यूपी के दलितों ने दिया भाजपा का साथ

### सपा और कांग्रेस दोनों से बनाई दूरी

**लखनऊ, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने सात सीटें जीत लीं, जबकि समाजवादी पार्टी को मात्र दो सीटों पर संतोषकरना पड़ा। दलितों का समर्थन भी भाजपा की जीत का बड़ा कारण बताया जा रहा है।

यूपी की नौ सीटों पर हुए चुनावों के परिणामों ने एक बात साबित कर दी कि दलित लोकसभा चुनाव से उलट पूरी तरह से सपा के पाले में नहीं गया है। दलित बंटे हुए दिखाई दिए। कुछ प्रतिशत मायावती को जरूर मिला लेकिन बड़ी संख्या में वोट भाजपा के पाले में जाता हुआ दिखा। कांग्रेस के इस चुनाव में न उतरने का नुकसान भी इंडी गठबंधन को हुआ। पारंपरिक दलित वोटरों ने साइकिल के सिंबल का दबाने से परहेज किया। 2024 में ही हुए लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा। संविधान बचाने और जातीय जनगणना के मुद्दे पर दलित वोट बैंक बड़े स्तर पर सपा और कांग्रेस के साथ गया। अनुमानों के विपरीत सपा प्रदेश में 37 सीटें जीतने में



सफल रही। कांग्रेस को छह सीटें मिलीं। राजनीतिक टीकाकारों के अनुसार उस समय बड़ी संख्या में दलित वोटरों ने सपा और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था। इस बार वह असर गायब दिखा। चुनाव परिणाम इस बात का इशारा कर रहे हैं कि सपा दलितों को फिर से अपने पाले में रखने में नकामयाब रही है।

लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच जबर्दस्त जुगलबंदी देखने को मिली। कई सीटों पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने संयुक्त जनसभाएं कीं। इस चुनाव में गठबंधन में सही सीटें न मिल पाने की वजह से कांग्रेस ने चुनावों से किनारा कर लिया।

कांग्रेस चार सीटें मांग रही थी लेकिन सपा ने उसे दो सीटें दीं। जब यह गठबंधन नहीं हुआ तो कांग्रेस की तरफ से यह कहा गया कि ये प्रत्याशी सपा के प्रत्याशी न होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं और कांग्रेस भी इनका चुनाव प्रचार करेंगी। पर ऐसा नहीं हुआ। राहुल और प्रियंका ने पूरी तरह से यूपी से दूरी बनाई। राहुल की एक भी जनसभा सपा प्रत्याशी के समर्थन में नहीं हुई। केंद्रीय नेतृत्व के साथ-साथ राज्य की लीडरशिप भी इन चुनावों में सपा प्रत्याशियों से दूर दिखी।

जातीय जनगणना लोकसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर उभरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी हर सभा में इस मुद्दे को उठाया। सपा भी जातीय जनगणना की बात कहती रही लेकिन इन चुनावों में जातीय जनगणना की बात सिरे से गायब दिखी। जाति जनगणना के साथ-साथ संविधान बचाने का मुद्दा भी इन चुनावों में नहीं दिखा। अभी तक के रुझानों में सपा जिन दो सीटों पर आगे चल रही है उनमें एक सीट अखिलेश यादव के द्वारा छोड़ी गई करहल है और दूसरी मुस्लिम बाहुल्य सीट सीसमाऊ है।

इन दोनों सीटों में सपा के आगे चलने के अलग समीकरण हैं। इन दो सीटों की बात को छोड़ दें तो बाकी सीटों पर सपा का पीडीए फॉर्मूला साथ देता हुआ नहीं दिखा। यादव के अलावा बाकी ओबीसी जातियां उस तरह से सपा के पाले में नहीं आईं जैसा लोकसभा के चुनावों में हुआ था।

इन चुनावों में कांग्रेस ने एक रणनीतिक दूरी बनाई। कांग्रेस खुद को दूर रखकर यह देखना भी चाह रही थी कि बिना गठबंधन के सपा कैसा परफॉर्म करती है। चुनाव परिणामों ने एक बात साफ कर दी है फिलहाल सपा और कांग्रेस दोनों को एक दूसरे की जरूरत है।

# टीबी रोगियों के करीबियों की हर तीन माह में होगी जांच

### टीबी को जड़ से खत्म करने पर सरकार दृढ़

**लखनऊ, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों एवं पूर्व टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग कराने का निर्णय लिया है। यह स्क्रीनिंग हर तीन महीने पर होगी। वहीं साल के खत्म होने में 42 दिन शेष हैं, ऐसे में वर्ष के अंत तक हर जिलों को प्रिजेंम्टिव टीबी परीक्षण दर के कम से कम तीन हजार के लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिये हैं। इसको लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने सभी जिला क्षय रोग अधिकारियों (डीटीओ) को पत्र जारी किया है।

प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में टीबी रोगियों की युद्धस्तर पर स्क्रीनिंग की जा रही है। इसी क्रम में सभी डीटीओ डेटा की नियमित मॉनीटरिंग और कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) का लक्ष्य टीबी मामलों, उससे होने वाली मौतों में कमी लाना और टीबी रोगियों के लिए परिणामों में सुधार करना है। ऐसे में इस दिशा में प्रदेश भर में काफी तेजी से काम हो रहा है। इसी का परिणाम है कि इस साल अब तक प्रदेश में टीबी रोगियों का सर्वाधिक नोटिफिकेशन हुआ है। तय समय पर इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए रणनीति को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि टीबी के संभावित लक्षण वाले रोगियों की कांटेक्ट ट्रेसिंग और स्क्रीनिंग को बढ़ाते हुए फेफड़ों की टीबी (पल्मोनरी टीबी) से संक्रमित सभी लोगों के परिवार के सदस्यों और कार्यस्थल पर लोगों की बलगम की जांच को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। कांटेक्ट ट्रेसिंग और स्क्रीनिंग जितनी ज्यादा होगी, उतने ही अधिक संख्या में टीबी मरीजों की पहचान हो पाएगी और उनका इलाज शुरू हो पाएगा। इसी क्रम में उच्च जोखिम वाले लोगों जैसे 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों, डायबिटीज रोगियों, धूम्रपान एवं नशा करने वाले व्यक्तियों, 18 से कम बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) वाले व्यक्तियों, एचआईवी ग्रसित व्यक्तियों और वर्तमान में टीबी का इलाज करा रहे रोगियों के सम्पर्क में आए व्यक्तियों की हर तीन माह में टीबी की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए नैट मशीनों का वितरण सभी ब्लॉकों पर टीबी की जांच को ध्यान रखने में रखते हुए करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही उन टीबी इकाइयों की पहचान करने जो आशा के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं उनमें सुधार करने के लिए जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया गया है। क्षेत्रीय टीबी कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (आरटीपीएमयू) द्वारा हर माह में जनपदों का भ्रमण करते हुए वहां की स्थिति का जायजा लेने के भी निर्देश दिए हैं।

### यूपी विधानसभा उप चुनाव में जीत पर बोले योगी आदित्यनाथ

# पीएम मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन को मिली जीत







**लखनऊ, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 में भाजपा-महायुति गठबंधन को मिली जीत पर बधाई दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 में भाजपा-महायुति को मिली ऐतिहासिक विजय की हार्दिक बधाई!

सीएम योगी ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन पर जनता-जनार्दन का आशीर्वाद है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र की इस ऐतिहासिक विजय के लिए भाजपा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देते हुए जनता-जनार्दन का अभिनंदन किया। सीएम योगी ने पोस्ट पर फिर चेताया कि एक हैं तो सेफ हैं। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी-एनडीए की जीत पर मतदाताओं के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने विजयी प्रत्याशियों को भी बधाई दी। सीएम योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा-एनडीए की विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। ये जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जनकल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का सुफल है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सुशासन और विकास को अपना मत देने वाले उत्तर प्रदेश के सम्मानित मतदाताओं का आभार एवं सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई! साथ ही सीएम योगी लोगों को एक बार फिर सचेत किया कि बटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

# पुलिस भर्ती में अभ्युदय योजना के बच्चों ने लहराया परचम

### 170 से अधिक बच्चे पास हुए

**लखनऊ, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा में सीएम योगी की अभ्युदय योजना से जुड़े बच्चों ने अपना परचम लहराया है। योजना से जुड़े 173 छात्र-छात्राओं ने लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। सीएम योगी द्वारा प्रदेश के गरीब छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य के 75 जिले में 156 कोचिंग सेटर संचालित कर रही है।

सीएम योगी की अभ्युदय योजना गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अपने शुरुआत से ही यह योजना प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों के बीच तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह दूरदर्शी पहल राज्य के वंचित और गरीब वर्ग के छात्र-छात्राओं को एक नई दिशा देने का काम कर रही है। प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय योजना सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार, योजना से जुड़े प्रदेश भर से कुल 173 अभ्यर्थियों में 125 छात्रों ने सफलता हासिल की है वहीं 48 छात्राएं बाजी मारी हैं। जानकारी के अनुसार, इस योजना के माध्यम से छात्रों को निःशुल्क कोचिंग, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

प्रदेश के सभी 75 जिले में संचालित कुल 156 कोचिंग सेंटरों में लखनऊ, बलिया, देवरिया, अम्बेडकरनगर व सुल्तानपुर के अभ्यर्थियों ने सबसे अधिक सफलता हासिल की है। लखनऊ सेंटर से जहां 35 अभ्यर्थियों ने बाजी मारी वहीं बलिया से 17 अभ्यर्थियों ने पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके अलावा देवरिया से 11, अम्बेडकरनगर से 10, सुल्तानपुर से 07 और बलरामपुर से 07 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है।

यूपी पुलिस कांस्टेबल के कुल 60 हजार 244 पदों पर भर्तियां होनी है। इसमें कुल 48 लाख से अधिक आवेदन आए थे, जिसमें से 34 लाख 60 हजार उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा में एक लाख 74 हजार 316 उम्मीदवारों को पास घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत, छात्रों को यूपीएससी-आईएएस, आईपीएस, राज्य सिविल सेवा पी-सीएस, आईआईटी-जेईई, नीट, और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उच्च गुणवत्ता वाली निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है। इस पहल का एक मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य का कोई भी प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक बाधाओं के कारण अपने सपनों को छोड़ने पर मजबूर न हो। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत छात्रों को उनके स्वयं के जिले में ही कोचिंग की सुविधा दी जाती है, जिससे उन्हें अपने घर से दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह सुविधा विशेष रूप से उन छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है जो ग्रामीण या सुदूर क्षेत्रों में रहते हैं और जिनके लिए बड़े शहरों में जाकर महंगी कोचिंग लेना संभव नहीं होता। सभी कोचिंग सेंटरों में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसमें प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देते हैं।



*उत्तर प्रदेश पुलिस फ्लैग दिवस पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार, विधि व्यवस्था एवं एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट किया और उन्हें पुलिस फ्लैग लगाया।*

# गोरखपुर की औद्योगिक रफ्तार तेज, 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण

**गोरखपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)।** गोरखपुर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की स्थापना तो 35 वर्ष पूर्व हो गई थी लेकिन इस प्राधिकरण के गठन का मकसद योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते सात सालों से ही पूरा होता दिखाई दे रहा है। योगी सरकार में गीडा को केंद्रित कर गोरखपुर में औद्योगिक विकास की रफ्तार साल दर साल तेज होती दिख रही है। 30 नवंबर को गीडा के 35वें स्थापना दिवस पर इस रफ्तार की एक नई बानगी देखने को मिलेगी जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 88 नए औद्योगिक भूखंडों का आवंटन कर 1286 करोड़ रुपए के निवेश और 5200 लोगों के रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

जिस गीडा क्षेत्र में 2017 के पहले तक लचर कानून व्यवस्था, सुविधाओं के घोर अभाव और सरकारों के उदासीन रवैये से निवेश दूर की कौड़ी लगती थी। अब उसी गीडा में योगी सरकार में निवेश की बहार है। जहां यूनिट लगाने से उद्यमी कतराते थे वहां अब हर साल उद्योगों की श्रृंखला खड़ी हो रही है। उद्यमियों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियों के साथ समय-समय पर खुद उद्यमियों के बीच मुख्यमंत्री के होने से औद्योगिक माहौल बेहतर होता गया और नोएडा की तरह गीडा भी निवेश के लिए लिए बेहतरीन गंतव्य बन गया है।

इंडस्ट्री और गोरखपुर के बीच दशकों तक विरोधाभासी रिश्ता बना रहा लेकिन योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद सात साल में माहौल ऐसा बदला कि अब दोनों एक दूसरे के पूरक रूप में देखे जा रहे हैं। जिस गोरखपुर में स्थानीय पूंजीपति भी औद्योगिक निवेश करने से घबराते थे, अब वहां देश की नामी कम्पनियों के आने की होड़ सी दिखती है।

निवेश के लिए भूखंडों की डिमांड बढ़ी तो स्वाभाविक तौर पर गीडा ने अपना लैंड बैंक भी मजबूत किया। पिछले एक साल में (31 अक्टूबर 2024 तक) गीडा ने 501.68 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया। यह गत वर्ष की तुलना में दोगुना है। वर्ष 2023-24 में गीडा ने 250.46 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। जमीन की मांग और उसी के सापेक्ष अधिग्रहण की बढ़ती रफ्तार यह बताती है कि गीडा पूर्वांचल के बड़े औद्योगिक हब के रूप में तेजी से आकार ले रहा है।

बीते कुछ सालों में यहां मल्टीनेशनल समेत कई ऐसी बड़ी यूनिट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ जो तीन दशक पहले तक सिर्फ कल्पनाओं की बात होती थीं। गीडा में पेप्सिको की बॉटलिंग प्लांट, सीपी मिल्क (ज्ञान डेयरी), तत्वा प्लास्टिक, गैलेंट समूह और अंकुर उद्योग के यूनिट्स उत्पादनरत हैं तो सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन का भंडारण गृह भी बनकर तैयार है। इसके अलावा केयान डिस्टिलरी समेत कई बड़ी यूनिट्स निर्माणाधीन हैं। गीडा में अपनी यूनिट लगाने के लिए कोका कोला, बिसलेरी, अडानी और जेके ग्रुप ( सीमेंट फैक्ट्री के लिए) जैसे बड़े औद्योगिक घरानों ने भी जमीन की मांग की है।

गोरखपुर में औद्योगिक विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए सीएम योगी गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह में नए भूखंडों का आवंटन पत्र उद्यमियों को सौंपेंगे। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक बताती हैं कि गत एक वर्ष में गीडा द्वारा आवंटित 88 भूखंडों पर कुल 1286 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है।


इसमें जिन प्रमुख इकाइयों के लिए जमीनों का आवंटन किया गया है उनमें एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, एसएलएमजी पीईटी प्लांट, कपिला कृषि उद्योग, आईसन एयर कूलर, टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, मॉडर्न पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, नोवामैक्स इंडस्ट्रीज व होटल नीलकंठ ग्रैंड शामिल हैं। इन उद्योगों को करीब 3500 वर्गमीटर से लेकर 72000 वर्गमीटर तक के भूखंड आवंटित किए गए हैं।

इनमें 50 करोड़ से लेकर 320 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावित हैं। गीडा के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 123 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास तथा 86 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वह ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ाने के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का शुभारंभ भी करेंगे।

गीडा में निवेश का इको सिस्टम बनाने में रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लंबे दौर तक पहचान को जूझता रहा यह क्षेत्र इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी के मामले में मजबूत होकर औद्योगिक नक्शे पर चमक गया है। बेहतर कनेक्टिविटी के साथ गीडा में 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है तो 34 करोड़ रुपॉएये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है।

## जिज्ञासा

# रविवार को ही छुट्टी क्यों मनाते है?



**सन-डे** यानी छुट्टी का दिन। मौज-मस्ती का दिन। आराम का दिन। इस दिन दुनियाभर में कोई भी इंसान काम करना पसंद नहीं करता। पर क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर रविवार को ही छुट्टी क्यों मनाई जाती है? क्या इसके पीछे कोई विशेष कारण है कि दुनिया के ज्यादातर देशों में इसी दिन छुट्टी मनाई जाती है इस दिन स्कूल, कॉलेज, कार्यालय व अन्य संस्थान बंद रहते हैं! हिंदी कैलेंडर के अनुसार रविवार से सप्ताह की शुरुआत मानी जाती है।

वहीं इंग्लिश कैलेंडर के अनुसार रविवार सप्ताह का अंतिम दिन होता है। हिंदी पंचांग के अनुसार रविवार सूर्य का दिन है और इस दिन सूर्य सहित सभी देवी-देवताओं की आराधना का विधान है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार ऐसा माना जाता है कि रविवार सप्ताह का प्रथम दिन होता है और इस दिन पूजादि करने से पूरे सप्ताह मन शांत रहता है, सभी कार्य बिना किसी परेशानी के सफल हो जाते हैं। इस दिन सभी लोगों से धार्मिक कार्य आदि करने के उद्देश्य से ही रविवार को अवकाश घोषित किया गया। ताकि व्यक्ति के दिमाग पर कार्य का दबाव न रहे।

वहीं इंग्लिश कैलेंडर के अनुसार सन-डे सप्ताह का अंतिम दिन होता है। पूरे सप्ताह के कार्य करने के बाद वीकएंड में शरीर और दिमाग को आराम देने के उद्देश्य से रविवार को ऑफ रखा जाता है ताकि व्यक्ति से काम का प्रैशर हट जाए और फिर से रिफ्रैश होकर नए सप्ताह में नई ऊर्जा के साथ कार्य कर सके।

इसी उद्देश्य की वजह से दुनियाभर में रविवार को अवकाश रखा जाता है। यह भी हो सकता है कि अंग्रजी राज से ही भारत में रविवार की छुट्टी का चलन शुरू हुआ हो।

## हंसी के हसगुल्ले

### बिल्ली की जिद



**संता** के घर एक बिल्ली रहती थी जिससे वह बहुत परेशान था। एक दिन संता उससे तंग आकर उसे कहीं छोड़कर आ गया पर संता के घर पहुंचने से पहले वह घर पहुंच गई।


संता दुबारा उसको बाहर छोड़कर आया पर वह फिर से घर पर वापस आ गई।

संता को बहुत गुस्सा आ गया और इस बार उसने बिल्ली को बहुत दूर ले जाकर छोड़ दिया। फिर थोड़ी देर बाद अपनी बीवी को फोन किया और पूछा कि क्या बिल्ली घर आ गई है।

बीवी - 'हां, वह पहुंच गई है।'

संता- 'उस कमीनी से बोल मुझे आकर ले जाए मैं रास्ता भूल गया हूं!'

### संता की टांग कट गई



**संता** की टांग नीली हो गई, वह बंता सिंह डॉक्टर के पास गया। बंता सिंह बोला: जहर टांग में फैल चुका है इसलिए टांग काटनी पड़ेगी। उसने टांग काट कर नकली टांग लगा दी। संता सिंह : डॉक्टर जी नकली टांग भी नीली हो गई। ध्यान से देखने के बाद बंता सिंह बोला 'ओह, अब बीमारी समझ आई, जींस रंग छोड़ रही है'।

## क्या आप जानते हो



- च्यूइंगम चबाते-चबाते प्याज काटने से आंख से आंसू नहीं आते। (हालांकि प्याज काटने से आंखों में आंसू बनने कीप्रक्रिया अवश्य होती है, किंतु जबड़ों के लगातार चलते रहने के कारण वे आंख से बाहर नहीं आ पाते हैं।)
- बिना खाना खाए एक महीने तक जिंदा रहा जा सकता है, जबकि बिना पानी पिए सिर्फ एक सप्ताह ही कोई व्यक्ति जीवित रह सकता है। शरीर में एक फीसदी पानी की कमी हो जाए, तो प्यास महसूस होने लगती है और 10 फीसदी पानी की कमी होने पर प्राण निकल जाते हैं।
- शहद एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो हजारों साल तक खराब नहीं होता। (मिस्र के फैरो की कब्रों में पाए गए शहद को पुरातत्वविदों ने जब चख कर देखा, तो पाया कि वह आज भी खाने योग्य है।)

### साथ-साथ काम करना पसंद करते हैं तोते



**पैरिस** में हुए एक शोध के मुताबिक कुछ पक्षी अकेले काम करना पसंद करते हैं और कुछ समूह में। शोधकर्ताओं ने पक्षियों को कई काम दिए ताकि इन्हें देखकर यह समझा जा सके कि पक्षियों में एक-दूसरे के साथ सहयोग करने की समझ है या नहीं।

'ऐनिमल कॉग्निशन' नाम की पत्रिका में छपे इस शोध में पाया गया कि स्लेटी रंग के अफ्रीकी तोते किसी परेशानी का समाधान करने में अपने व्यक्तित्व के विशिष्ट पहलुओं को उभार पाते हैं। इसकी जांच करने के लिए शोधकर्ता ने जो तकनीक अपनाई, वो सबसे पहले समूह में काम करने में चिम्पान्जी की दक्षता जांचने के लिए इस्तेमाल की गई थी। अब इसी तरीके से हाथियों के एक दूसरे को सहयोग देने की क्षमता जांची जा रही है।

# तीन पहेलियां



**बहुत** समय पहले की बात है, रूस में एक राजकुमारी रहती थी, जो स्वयं को दुनिया की सबसे बुद्धिमान स्त्री समझती थी। एक दिन उसने घोषणा करवाई कि वह उसी व्यक्ति से शादी करेगी, जो उससे तीन ऐसी पहेलियां पूछेगा, जिनका उत्तर वह न दे सके। भला ऐसा कौन व्यक्ति था, जो राजकुमारी से विवाह करने का इच्छुक न होता? इसलिए बहुत से लोग राजकुमारी से विवाह करने का सपना लेकर दरबार में आए।

उन्होंने राजकुमारी से कठिन से कठिन सवाल पूछे, लेकिन राजकुमारी ने सभी प्रश्नों के उत्तर बड़ी सरलता से दे दिए। वे सभी निराश होकर वापस घर लौट गए।

लोगों को इस प्रकार असफल होते देखकर राजकुमारी ने सोचा कि शायद उसके राज्य में कोई भी व्यक्ति उससे विवाह करने के योग्य नही है। वह सोचती थी, 'क्या मेरा विवाह नहीं हो सकेगा? यदि मुझे पता होता कि मेरे राज्य के लोग इतने मूर्ख हैं, तो मैं कभी ऐसी शर्त रखती ही नहीं।'

एक दिन की बात है। इवान नाम का एक युवा किसान प्रश्न पूछने महल में आया। जब राजकुमारी को पता चला कि एक किसान उससे पहेलियां पूछने आया है, तो पहले वह बहुत हंसी। फिर भी उसने उस किसान को एक अवसर देने का निश्चय किया।

इवान ने राजकुमारी से पहला सवाल पूछा, 'एक अच्छी चिड़िया में दूसरी अच्छी चिड़िया घुसी हुई थी। मैंने पहली अच्छी चिड़िया की अच्छाई के लिए दूसरी अच्छी चिड़िया को बाहर निकाल दिया। बताइए वास्तव में मैंने क्या किया?'

ऐसी कठिन पहेली एक किसान से सुनकर राजकुमारी आश्चर्यचकित रह गई। उसने इवान से कहा कि वो उसकी पहेली का उत्तर दूसरे दिन देगी। इवान तुरंत इसके लिए तैयार हो गया। उस रात राजकुमारी ने अपनी नौकरानी से कहा कि वह इवान से किसी तरह उस पहेली का जवाब पूछ कर आए। नौकरानी इवान से पहेली का जवाब पूछने में संकोच कर रही थी। वह सोच रही थी कि इवान को उस पहेली का जवाब देने के लिए राज़ी कर पाना आसान नहीं होगा, लेकिन नौकरानी के पूछने पर इवान ने उस पहेली का जवाब तुरंत ही बता दिया।

नौकरानी यह समझ नहीं सकी कि इवान ने पहेली का उत्तर इतनी आसानी से क्यों दे दिया है। लेकिन उसे इससे क्या करना था? पहेली का उत्तर तो उसे मिल ही गया था।



अगले दिन राजकुमारी ने पहेली का उत्तर बताते हुए कहा, 'तुमने गेहूं के खेत से एक गाय को भगाया था।'

इवान राजकुमारी के जवाब से संतुष्ट हो गया। फिर उसने दूसरी पहेली पूछी, 'एक दिन मैं एक जंगल से गुजर रहा था। तभी मैंने एक बुरी चिड़िया देखी। मैंने तुरंत दूसरी बुरी चिड़िया उठाकर पहली बुरी चिड़िया को मार डाला। बताइए, मैंने क्या किया?'

राजकुमारी एक बार फिर चक्कर में पड़ गई। उसने पहेली के कई उत्तर सोचकर बताए, लेकिन इवान उन उत्तरों से संतुष्ट नहीं हुआ। तब राजकुमारी ने अगले दिन प्रश्न का उत्तर देने को कहा। राजकुमारी ने एक बार फिर पहेली का जवाब पाने के लिए अपनी नौकरानी की सहायता ली। इस बार भी इवान ने बिना किसी हिचकिचाहट के पहेली का उत्तर बता दिया। अगले दिन राजकुमारी ने इवान से कहा, 'तुम जंगल से गुजर रहे थे, तब तुमने एक सांप देखा। तुमने उस सांप को डंडे से मारा।' अब तीसरे प्रश्न की बारी थी। इवान ने मुस्कुराते हुए अपनी तीसरी पहेली पूछी, 'राजकुमारी जी, आप मात्र इतना बता दीजिए कि आपने मेरी पहली दो पहेलियों का जवाब कैसे प्राप्त किया?' राजकुमारी तीसरी पहेली सुनकर भौचक्का सी रह गई। वह बहुत अजीब स्थिति में फंस गई थी। उसने सोचा, 'अगर मैं इस प्रश्न का जवाब देती हूं, तो सभी जान जाएंगे कि मैंने अपनी नौकरानी की सहायता से पहली दो पहेलियों का हल पाया है। अगर मैं पहेली का उत्तर नहीं देती हूं तो मुझे अपनी पराजय स्वीकार करके इस किसान से विवाह करना पड़ेगा।' फिर कुछ सोचने के बाद उसने अपने आपको पराजित घोषित कर दिया। उसका इवान से विवाह हो गया और फिर दोनों प्रसन्नतापूर्वक रहने लगे।

## रंग भरो




# बूझो तो जाने

- गोरा-चिट्टा खूब हूं पर पहनूं नहीं पजामा मां का तो भाई नहीं फिर भी बच्चों का मामा
- मुझ से बड़ी पेट में उंगली सिर पर रखा पत्थर गोल-गोल रूप है मेरा बूझो जल्दी उतर।
- जितनी ज्यादा सेवा करता उतना घटता जाता है। सभी रंग का नीला-पीला पानी के संग भाता हूं।
- सोने की वह चीज है पर बेचे नहीं सुनार मोल तो ज्यादा है नहीं बहुत है उसका भार।
- छोटा था तो नारी था मैं, बड़ा हुआ तो नर नारी का तो कम मोल था नर की बड़ी कदर
- नहीं मैं मिलती बाग में आधी फल हूं आधी फूल काली हूं पर मीठी हूं खा के न पाया कोई भूल।
- सोने को पलंग नहीं, न ही महल बनाए एक रुपया पास नहीं फिर भी राजा कहलाए

चंदामामा, अंगूठी, साबुन, चारपाई, अमिया-आम, गुलाबजामुन, शेर।

## आप हैं कितने बुद्धिमान?



इस आकृति को देखकर बताएं कि कितनी लड़कियां रंग-बिरंगे कपड़ों में हैं और कितनी लड़कियां ब्लैक एण्ड व्हाइट कपड़ों में हैं। इन आकृतियों में रंग भरकर आप इसकी पूरी गणना भी कर सकते हैं।

उत्तर: 12

# हाई स्पीड ट्रेन

**दो सौ से भी** ज्यादा वर्ष बीत चुके हैं जब स्टीम इंजन का आविष्कार हुआ। इसके आविष्कारक रिचर्ड ट्रेवेथिक ने शायद कल्पना भी नहीं की होगी कि ट्रेन भी कर सकती हैं कभी हवा से बातें। इतना ही नहीं, उन्हें दूर-दूर इसका ख्याल भी न आया होगा कि ट्रेन प्लेन की माफिक ट्रैक पर दौड़ सकती हैं!

दरअसल, जब स्टीम इंजन बने तो उस समय ट्रेन की स्पीड महज 8 किमी प्रति घंटा होती थी। धीरे-धीरे 25 किमी. की रफ्तार को भी तेज रफ्तार ट्रेन में शुमार किया जाने लगा।

आज जबकि 500 किलोमीटर से भी ज्यादा प्रति घंटे की तूफानी रफ्तार से जब ट्रेनें चलती हैं, तो कोई भी एकबारगी दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर हो सकता है। रोंगटे खड़े कर देने वाली ऐसी ट्रेन कहलाती हैं हाई स्पीड ट्रेन। ये बुलेट जैसी दिखती हैं, इसलिए इसे आम तौर पर बुलेट ट्रेन भी कहा जाता है। इनसे जब हजारों किलोमीटर की दूरी महज दो से तीन घंटों में नापी जाती है, तो ये ट्रेनें प्लेन होने का भ्रम पैदा करती हैं! एक नजर ऐसी तूफानी रफ्तार वाली ट्रेनों पर..

**जापान की एमएलएक्स 01**

हर बार एक नए रूप में आने के बाद इसकी वर्तमान स्पीड है 581 किमी. प्रति घंटा। यह ट्रेन मैग्नेटिक लेविटेशन सिस्टम पर चलती है यानी ट्रैक पर ट्रेन दौड़ती तो है, पर उसे छूती नहीं। इस ट्रेन को डेवलप किया है रेलवे टेक्निकल रिसर्च इंस्टीट्यूड जापान के साथ मिलकर जापान रेलवे कंपनी ने। इसका निर्माण कराया गया 1970 में ही, लेकिन एमएलएक्स 01 है इसका सबसे लेटेस्ट डिजाइन।

**फ्रांस की टीजीवी150**

जब यह ट्रेन बनाई गई यानी 1981 में, तो यह महज दो सौ किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ती थी। पर वर्ष 2007 तक आते-आते यह बन गई दुनिया की दूसरी सबसे तेज रफ्तार से दौड़ने वाली बुलेट ट्रेन। इसकी उच्च गुणवत्ता को देखकर ही टीजीवी हाईस्पीड टेक्नोलॉजी को दूसरे यूरोपीय देशों ने भी अपनाया जाने लगा है। चाहे युनाइटेड किंगडम हो, नीदरलैंड या फिर जर्मनी..सबने इस खास टेक्नोलॉजी का लोहा माना।

**फ्रांस की टीजीवी**

यह टीजीवी 150 का शुरुआती मॉडल है। वर्ष 1981 में इस ट्रेन की रिकॉर्ड स्पीड थी 380 किमी. प्रतिघंटा। लेकिन वर्ष 2007 में यह रफ्तार 574.8 किमी. प्रतिघंटे की तूफानी रफ्तार वाली हो गई। इसके इंजन की शक्ति है तकरीबन 25,000 हॉर्सपॉवर। इस ट्रेन को उस वक्त ईजाद किया गया जब फ्रांस में पेट्रोल का जबरदस्त संकट आ गया था। यह समय था वर्ष 1973।

**चीन की शंघाई मेग्लेव ट्रेन**

चीन में दुनिया का सबसे लंबा हाई स्पीड रेल नेटवर्क है। संख्या में बात करें, तो यह है तकरीबन 6,000 मील। चीन में ईजाद की गई यह ट्रेन एक दिन में तकरीबन 3, 78,000 हजार पैसेंजर्स को कैरी करती है। इसकी रिकॉर्ड स्पीड है तकरीबन 501 किमी. प्रति घंटा।

**जर्मनी की टीआर 07**


आमतौर पर तेज रफ्तार वाली बुलेट ट्रेन की आवाज काफी डरावनी होती है, लेकिन जर्मन टीआर 07 को कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह जब चलती है, तो डरावनी आवाज काफी हद तक दूसरे ट्रेनों से अपेक्षाकृत ज्यादा नियंत्रित रहती है। इस ट्रेन की स्पीड है 434.9 किमी. प्रतिघंटा। टीआर 07 भी मैग्नेटिक लेविटेशन टेक्नोलॉजी पर चलती है। गौरतलब है कि जर्मनी, जापान और चीन के बाद हाई स्पीड रेल टेक्नोलॉजी में अग्रणी है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा हाई स्पीड ट्रेन का निर्माता देश भी माना जाता है।

**जापान की शिनकांसेन**

हाई स्पीड ट्रेन के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है जापान। जब इस देश ने शिनकांसेन का आविष्कार किया, तो यह था हाई स्पीड ट्रेन की दुनिया में मील का पत्थर। बुलेट ट्रेन की अवधारणा भी इसी के साथ सामने आई। जब यह रेल सेवा शुरू की गई थी, तो इसकी स्पीड थी 210 किलोमीटर प्रति घंटा। आज यह 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रैक पर दौड़ती है।



## अंतर बताओ



## कविता



**जंगल** में जब रेल चली,
मच गई सब में खलबली।
शेर-शेरनी संग में आए,
बैठ रेल में वे इतराए।
आए तोता, बंदर, भालू,
संग थी मिस चीता झगड़ालू।
सुअर, बिल्ली, मैना आए,
बैठ रेल में गाना गाए।
घूम के मेंढक बेचे मूली,
बोझा ढो रहा गधा कूली।
गार्ड उल्लू ने झंडी लहराई,
ड्राइवर चींटी ने रेल चलाई।
छूटा हाथी, बोला रुक-रुक,
रेल चल दी लेकिन छुक-छुक।



# क्या ट्रंप अमेरिकी शिक्षा मंत्रालय करेंगे बंद, शिक्षा प्रणाली में होगा बदलाव

**वाशिंगटन, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं ट्रंप प्रशासन अमेरिकी शिक्षा मंत्रालय बंद कर देगा। ट्रंप ने अपने चुनावी अभियान में संघीय शिक्षा विभाग की आलोचना की थी और इसे कट्टरपंथी नौकरशाही बताया था। ट्रंप का कहना है कि यह मंत्रालय अमेरिकी परिवारों के जीवन में हस्तक्षेप करता है और इस पर उनके विचारों में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। अब

**इसका उद्देश्य कॉलेज शिक्षा सस्ती और अधिक सुलभ बने**

ट्रंप ने पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई सीईओ और पेशेवर रेस्लर लिंडा मैकमोहन को शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपने की योजना बनाई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि अमेरिकी शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव आ सकता है। उनके दृष्टिकोण के मुताबिक शिक्षा के मामले में केंद्रीय स्तर पर फैसले लेने की बजाय राज्य स्तर पर नियंत्रण होना चाहिए। ट्रंप का मानना है कि इससे ज्यादा प्रभावी परिणाम मिल सकते हैं और स्थानीय जरूरतों के हिसाब से बेहतर तरीके से शिक्षा की व्यवस्था की जा सकती है। ट्रंप चाहते हैं कि राज्य सरकारों को शिक्षा से संबंधित सभी फैसला लेने का अधिकार मिले, ताकि स्कूलों की नीतियां और पाठ्यक्रम केंद्र सरकार के प्रभाव से बाहर रह सकें। उनका यह भी कहना है कि अमेरिका में बच्चों पर जो खर्च किया जाता है, वह अन्य देशों की तुलना में काफी ज्यादा है, लेकिन फिर भी परिणाम संतोषजनक नहीं होते। वह इस समस्या का समाधान राज्य स्तर पर शिक्षा नीति को नियंत्रित करके करना चाहते हैं। इसके अलावा, ट्रंप का उद्देश्य है कि कॉलेज शिक्षा सस्ती और अधिक सुलभ बने, जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्रों को डिग्री मिल सके। वह चाहते हैं कि अमेरिकी शिक्षा प्रणाली में देशभक्ति और पश्चिमी सभ्यता के मूल्यों को बढ़ावा दिया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### 52.38 करोड़ में बिका दीवार पर चिपकाया एक केला



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में दीवार पर काली टेप से चिपकाया गया एक केला करोड़ों रुपये में बिक गया। कलाकार ने इस कला-कृति को कॉमेडियन नाम दिया गया है। इस केले को इटालियन कलाकार मॉरिजियो कैटेलन ने तैयार किया था। सॉथबीज ऑक्शन हाउस में आयोजित नीलामी में यह केला लगभग 52.38 करोड़ रुपये में बिका। इसे मशहूर क्रिप्टोकरंसी एंटरप्रेन्योर जस्टिन सन ने खरीदा। यह आर्टवर्क पहली बार 2019 में मियामी में पेश किया गया था, लेकिन इस बार इसकी कीमत ने सभी को हैरान कर दिया। नीलामी के दौरान पांच मिनट तक चली बोली में जस्टिन सन ने छह अन्य दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए इसे खरीदा। दिलचस्प बात यह है कि नीलामी के लिए रखे जाने से पहले यह केला मात्र 0.35 डॉलर (लगभग 30 रुपये) में खरीदा गया था। जस्टिन सन ने इसे खरीदने के बाद कहा कि यह कला-कृति आधुनिक संस्कृति, मीम्स और क्रिप्टोकरंसी समुदाय को जोड़ने का प्रतीक है। उन्होंने इसे एक सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व बताया, जो कला और उपभोक्तावाद के बीच की सीमाओं को धुंधला करता है। इस केले की ऊंची कीमत ने इसे दुनिया के सबसे महंगे फलों में से एक बना दिया है। यह आर्टवर्क इस बात पर सवाल उठाता है कि कला का असली मूल्य उसकी सामग्री में है या उसके विचार में। विशेषज्ञों का मानना है कि कॉमेडियन जैसी कृतियां पारंपरिक कला की सीमाओं को तोड़ती हैं और नई सोच को बढ़ावा देती हैं। हालांकि, कई लोगों ने इस नीलामी को आलोचना का विषय भी बनाया है।


### प्यार के लिए हर हफ्ते जाता था चीन से आस्ट्रेलिया प्रेमी, फ्लाइट पर खर्च की लाखों



**बीजिंग।** इंसान प्यार के लिए किसी भी हद से गुजर सकता है। ऐसा ही उदाहरण ऑस्ट्रेलिया में देखने को मिला यहां पढ़ाई कर रहे एक चीनी व्यक्ति ने अपने प्यार के लिए किया है। यह शख्स अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने हर हफ्ते चीन से ऑस्ट्रेलिया से जाता था और ऐसा उसने लगातार तीन महीनों तक किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक 28 साल का गुआंग्ली ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आरएमआईटी विश्वविद्यालय में आर्ट्स मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा है। उसका घर चीन के शांदोंग प्रांत में है, जहां उसकी गर्लफ्रेंड भी रहती है। जू की गर्लफ्रेंड ने भी ऑस्ट्रेलिया से पढ़ाई की थी और कोर्स पूरा हो जाने के बाद वापस चीन लौट गई, जिसके बाद अगस्त से अक्टूबर तक तीन महीनों के लिए गुआंग्ली को चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच अप-डाउन करना पड़ा क्योंकि उसे हफ्ते में केवल एक दिन क्लास अटेंड करनी होती थी। इस दौरान गुआंग्ली मेलबर्न के लिए उड़ान भरता था, अगले दिन क्लास में शामिल होता था और उसे अगले दिन चीन के लिए रवाना हो जाता था। ऐसे ही अगस्त से अक्टूबर तक गुआंग्ली ने 11 हफ्तों तक यात्रा की और अपनी प्रेमिका के साथ समय बिताया जो ऑस्ट्रेलिया में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद चीन लौट आई थी। गुआंग्ली की यात्रा सुबह 7 बजे उसके होम टाउन देझोऊ से शुरू होती थी जहां से वह फ्लाइट पकड़ने के लिए जिनान जाता था। एक जगह रुकने के बाद वह अगले दिन क्लास के लिए मेलबर्न पहुंचता था और तीसरे दिन घर लौट आता था। मीडिया रिपोर्ट में यह मेरा आखिरी सेमेस्टर था और मुझे ग्रेजुएशन के लिए केवल एक क्लास करनी होती थी। इससे भी जरूरी बात यह थी कि मेरी गर्लफ्रेंड चीन लौट गई थी और मेलबर्न में मेरी अकेली सी थी। आठ सालों से ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रहे गुआंग्ली ने साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट को बताया कि उनके इस फैसले से उन्हें चीन के डोमेस्टिक वर्क कल्चर को भी देखने का अवसर मिला, जिससे फ्यूचर में उनके करियर में फायदा हो सकता है। एक वीडियो में गुआंग्ली ने प्रत्येक यात्रा की लागत का ब्यौरा भी दिया जो कुल 6700 युआन थी, जिसमें 4700 युआन की वापसी की फ्लाइट टिकट, टैक्सी किराया और खाना-पीना भी शामिल था। मेलबर्न में हर हफ़्ते एक रात के दौरान वह पैसे बचाने के लिए एक दोस्त के घर पर रुकता था। हालांकि, यह मेलबर्न में पहले दिए जाने वाले 10,000 युआन के उसके मासिक किराए से ज्यादा था फिर भी उसने कहा कि प्यार के लिए और घर के अच्छे खाने के लिए खर्च किया गया यह समय और पैसा सार्थक था। गुआंग्ली ने अपनी यात्राओं का ऑनलाइन डॉक्यूमेंटेशन भी किया, जिससे सोशल मीडिया पर उसके करीब 10 हजार फॉलोअर्स बन गए। उसकी कहानी ने सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया है, जिन्होंने उसकी लगन और सहनशक्ति की तारीफ़ की है।

# पुतिन का जंगी प्लान : 13 हजार किमी की रफ्तार और 15 मिनट में टारगेट खत्म

**कीव, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**



यूक्रेन द्वारा की गई जांच से पता चला है कि यूक्रेनी शहर दिनप्रो पर हमला करने वाली हाइपरसोनिक मिसाइल की हाईएस्ट स्पीड 13,000 किमी/घंटा थी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मिसाइल को टारगेट (यूक्रेनी सैन्य सुविधा) तक पहुंचने में केवल 15 मिनट लगे। यूक्रेन की सेना के मुख्य खुफिया निदेशालय (एचयूआर) ने खुलासा किया, अस्त्रखान क्षेत्र में लॉन्च होने के क्षण से लेकर दिनप्रो शहर में इसके प्रभाव तक इस रूसी मिसाइल का उड़ान समय 15 मिनट था। मिसाइल छह वारहेड से लैस थी: प्रत्येक में छह सबम्यूनिशन लगे थे। प्रक्षेप पथ के अंतिम भाग में गति मैक 11 से अधिक थी। यूक्रेन और रूस, दोनों देश रह-रहकर एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। हालांकि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के नए राष्ट्रपति चुने जाने के बाद उम्मीद जगी थी कि रूस और यूक्रेन जंग का हल निकलेगा। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार (22 नवंबर) को दावा किया कि रूस की हाइपरसोनिक ओरेशनिक मिसाइल, जिसे गुरुवार को यूक्रेन पर दागा गया था, को ट्रैक करके मार गिराया नहीं जा सकता। उन्होंने मिसाइल के सीरियल उत्पादन की शुरुआत का भी आदेश दिया है। उनके इस आदेश से साफ लग रहा है कि वह यूक्रेन को खत्म करने के ही मूड में हैं।पुतिन ने कहा है कि मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आज दुनिया में ऐसी मिसाइल का कोई जवाबी उपाय नहीं है, इसे रोकने का कोई साधन नहीं है। और मैं एक बार फिर इस बात पर जोर दूंगा कि हम इस लेटेस्ट सिस्टम का टेस्ट जारी रखेंगे। इसका सीरियल उत्पादन स्थापित करना आवश्यक है। अपने सैन्य प्रमुखों के साथ टेलीविजन पर हुई बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि देश को मिसाइल का सीरियल उत्पादन शुरू करने की ज़रूरत है। पुतिन ने कहा, यह फ़ैसला प्रभावी रूप से लिया जा चुका है।

पुतिन ने अपने बयान में आगे कहा कि यह हथियार मैक 10 या 2.5-3 किमी प्रति सेकंड (ध्वनि की गति से 10 गुना) की गति से ट्रैवल करता है, उन्होंने कहा कि इस हथियार का मुकाबला करने का कोई तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि मिसाइलों और अन्य हथियारों के निर्माण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले दिनप्रो में एक प्रमुख सैन्य-औद्योगिक स्थल पर हमला किया गया था। उन्होंने हमले को एक परीक्षण के रूप में बताया जो सफल था क्योंकि टारगेट तक पहुंचा गया था। यदि रूसी राष्ट्रपति की बातें सही हैं तो मिसाइल हाइपरसोनिक की परिभाषा से भी थोड़ी ऊपर है।

### फ्रांस और नॉर्वे ने इजराइल पर आईसीसी की कार्रवाई का किया समर्थन, सैन्य कमांडर मोहम्मद देफ पर गाजा और इजराइल क्षेत्रों में युद्ध अपराध करने का आरोप है




**पेरिस।** फ्रांस ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद देफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) का समर्थन किया है। आईसीसी के प्री-ट्रायल चैंबर ने नेतन्याहू और गैलेंट पर अक्टूबर 2023 से मई 2024 के बीच युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप लगाए हैं। मोहम्मद देफ पर गाजा और इजरायल के क्षेत्रों में युद्ध अपराध करने का आरोप है। फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्रिस्टोफ लेमोइन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय स्थिरता की गारंटी है और इसके आदेशों का पालन आवश्यक है। फ्रांस ने स्पष्ट किया कि वह दंड से मुक्ति के खिलाफ संघर्ष को अपनी प्राथमिकता मानता है। हालांकि जब नेतन्याहू की संभावित गिरफ्तारी के बारे में पूछा गया, तो प्रवक्ता ने इसे कानूनी रूप से जटिल बताते हुए कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया। साथ ही फ्रांस ने गाजा और लेबनान में सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की, जो हालिया युद्धों में क्षतिग्रस्त हुई हैं। नॉर्वे ने भी आईसीसी की कार्रवाई का समर्थन करते हुए इसे गंभीर अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने में अहम बताया। नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे ने कहा कि आईसीसी निष्पक्ष सुनवाई मानकों के तहत कार्रवाई करेगा। यह घटनाक्रम अंतरराष्ट्रीय राजनीति में तनाव को और बढ़ा सकता है, जबकि न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग तेज हो रही है।

# विदेशी महिलाओं ने जमकर पी शराब, सुबह होते ही लग गए शवों के ढेर



**वांग विएंग, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

**लाओस में दुनिया भर से लोग पार्टी करने पहुंचते हैं। यहां की नाइट लाइफ भी काफी फेमस है। रिपोर्ट के अनुसार यहां जहरीली शराब पीने से पिछले कुछ दिनों में छह महिलाओं की मौत हो चुकी है। लाओस के वांग विएंग शहर में पार्टी और एडवेंचर स्पोर्ट्स की चाहत रखने वाले बैकपैकर्स की भरमार है।**

लाओस की पुलिस ने छह लोगों की मौत के सिलसिले में नाना बैकपैकर हॉस्टल के मैनेजर और मालिक को हिरासत में लिया। अधिकारियों के अनुसार, लोकप्रिय बैकपैकर डेस्टिनेशन वांग विएंग में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से ब्रिटिश वकील के अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीनेजर और एक अमेरिकी महिला और दो डेनमार्क की युवतियों की मौत हो गई है।

दावा किया जा रहा है कि मेथनॉल मिली शराब इन लोगों को पीने के लिए दी गई थी। मेथनॉल को कभी-कभी अवैध रूप से वास्तविक इथेनॉल के सस्ते विकल्प के रूप में उपयोग किया जाता है। यहां इथेनॉल पर टैक्स ज्यादा होने के कारण बार मालिक मेथनॉल का इस्तेमाल करते हैं। रिपोर्ट में जिस हॉस्टल कम बार में यह वारदात हुई उसे संगठित अपराध से जुड़ी एक खतरनाक जगह बताया गया है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि इस बार में ड्रग्स का मेन्यू भी है, जिसमें जॉइंट या बैग में वीड, हैप्पी ब्राउनीज, अफीम, मशरूम और केटामाइन खरीदने का विकल्प शामिल है।

# वैज्ञानिकों ने ब्लैक होल के कोरोना की संरचना और आकार का पता लगाया

**वाशिंगटन, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

हाल ही में हुए एक अध्ययन ने सूर्य ग्रहण के दौरान दिखाई देने वाले सूर्य के चमकीले प्रभामंडल के ब्लैक होल के इस कोरोना की संरचना और आकार का पता लगाया है। ब्लैक होल के चारों ओर गैस और धूल का डोनट के आकार का एक टोरस होता है, जिसके भीतर एक्रीशन डिस्क मौजूद होती है। यह डिस्क अत्यधिक गर्म पदार्थ से बनी होती है, जो ब्लैक होल की ओर प्रवाहित होती है। डिस्क का सबसे भीतरी हिस्सा, जहां तापमान अरबों डिग्री तक पहुंच सकता है, ब्लैक होल का कोरोना माना जाता है। सूर्य के कोरोना की तरह, ब्लैक होल का कोरोना भी ऊर्जा विकिरण करता है, लेकिन इसका तापमान कहीं अधिक होता है। यही कारण है कि इसका प्रकाश एक्रीशन डिस्क की रोशनी में छिपा रहता है। शोधकर्ताओं ने ब्लैक होल के कोरोना का पता लगाने के लिए नासा के इमेजिंग एक्स-रे पोलरिमेट्री एक्सप्लोरर के डेटा का उपयोग किया। उन्होंने मिल्की वे और लार्ज मैगेलैनिक क्लाउड में स्थित ब्लैक होल जैसे सिग्नस एक्स-1 और एक्स-3 का अध्ययन किया। इन ब्लैक होल से उत्सर्जित एक्स-रे, टोरस में बिखरते और हमारी दृष्टि में परावर्तित होते हैं। अध्ययन ने दिखाया कि ब्लैक होल का कोरोना, सूर्य के कोरोना की तरह गोले में घेरने



के बजाय, एक डिस्क के रूप में एक्रीशन डिस्क को घेरता है। यह खोज न केवल ब्लैक होल के मॉडल को बेहतर बनाने में मदद करेगी, बल्कि यह भी समझने में सहायक होगी कि ब्लैक होल पदार्थ को कैसे निगलते हैं और एक्टिव गैलेक्टिक न्यूक्लियस को शक्ति कैसे प्रदान करते हैं। यह शोध खगोलविदों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्लैक होल के कोरोना की संरचना को समझने से उन प्रक्रियाओं का पता चलेगा जो ब्रह्मांड की सबसे शक्तिशाली और रहस्यमय वस्तुओं को संचालित करती हैं। साथ ही, यह हमारे ब्रह्मांडीय मॉडल को और सटीक बनाएगा, जिससे गहरी अंतरिक्ष खोज में नई संभावनाएं खुलेंगी। बता दें कि सूर्य ग्रहण के दौरान दिखाई देने वाले सूर्य के चमकीले प्रभामंडल, जिसे कोरोना कहते हैं, ने वैज्ञानिकों को लंबे समय से आकर्षित किया है।

# बिजनेस टाइकून गौतम अडाणी मामले में क्या कहता हैं अमेरिकी कानून

**वाशिंगटन, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

बिजनेस टाइकून गौतम अडानी फिर मुश्किलों से घिर गए हैं। इस बार अमेरिकी अदालत ने गौतम अडानी सहित आठ लोगों को धोखाधड़ी और रिश्वतखोरी के मामले में आरोपी बनाने का फैसला कर गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कारोबारी अडानी पर आरोप है कि उन्होंने अमेरिका के निवेशकों से पैसे जुटाए और उन पैसों से भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत ऑफर की। ये रिश्वत भी उन प्रोजेक्ट्स के लिए दी गई, जिससे 20 वर्षों में अडानी समूह की कंपनी को 2 बिलियन डॉलर यानी भारतीय रुपयों में करीब 16 हजार 881 करोड़ रुपये का मुनाफा होने का अनुमान है। लेकिन सवाल ये उठा रहा हैं कि भारतीय कारोबारी अडानी को लेकर क्या होगा।



**क्या कहता है अमेरिकी कानून** - दरअसल, अमेरिका में एफसीपीए नाम का कानून है, जिसे फॉरन करप्ट प्रेक्टीसाइज कानून कहते हैं। इसके तहत जो कंपनियां अमेरिका के स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड होती हैं, उन पर कई तरह के निर्देश लागू होते हैं। सबसे बड़ा निर्देश ये होता है कि वे दूसरे देशों के सरकारी अधिकारियों को रिश्वत नहीं दे सकते। लेकिन इस मामले में ठीक उलट हुआ। अमेरिका का कहना है कि इस कंपनी ने उसके निवेशकों को धोखा देकर जोखिम में डाला है। अभियोग में दावा किया गया है कि अडानी ग्रीन और एज्योर के कर्ताधर्ताओं ने व्यावसायिक लाभ हासिल करने के लिए जानबूझकर रिश्वत की पेशकश की। गौतम और सागर अडानी पर प्रतिभूति धोखाधड़ी, साजिश के आरोप हैं। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने भी उनके खिलाफ एक दीवानी मामला दायर किया है। अडानी और उनके भतीजे सागर के लिए अमेरिका में गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं। अदालत के रिकॉर्ड बताते हैं कि अभियोजकों ने उन वारंटों को विदेशी कानून प्रवर्तन को सौंपने की योजना बनाई है।

**वारंट जारी होने का क्या मतलब** - दरअसल, अमेरिका में अभियोग का मतलब सिर्फ एक औपचारिक लिखित आरोप होता है जिसे एक अभियोजक (शिकायत कर्ता) द्वारा दर्ज होता है। उसके बाद ग्रैंड जूरी की तरफ से अपराध के आरोपी के खिलाफ अभियोग पत्र जारी करती है। यानी अभियोग पत्र जारी होते ही आरोपी के खिलाफ स्वत: गिरफ्तारी वारंट जारी हो जाता है। अमेरिकी कानून के मुताबिक, अभियोग पत्र के बाद अब कोर्ट में पूरे मामले में बहस होगी। अभियोजन पक्ष और आरोपी पक्ष कोर्ट के पटल पर अपने-अपने सबूत रखेगा। हालांकि, अडानी अभी आरोपी हैं, इसलिए अमेरिका, भारत से प्रत्यर्पण की मांग नहीं कर सकता है। यह प्रक्रिया दोषी साबित होने के बाद आगे बढ़ेगी।

**कौन-कौन आरोपी** - जिन आठ लोगों को आरोपी बनाया गया है, उसमें अडानी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अडानी और अडानी ग्रीन कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सागर अडानी (30 वर्ष), अडानी ग्रुप के पूर्व सीईओ विनीत जैन का भी नाम है। इसके अलावा, रंजीत गुप्ता, रूपेश अग्रवाल भी आरोपी हैं।

केस में सिरिल कैबेनिज, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा की भूमिका का भी जिक्र है। सागर अडानी, गौतम अडानी के भाई राजेश अडानी के बेटे हैं।

# नेपाल: काठमांडू महानगरपालिका ने पीएम ओली की पार्टी पर लगाया एक लाख रुपए का जुर्माना

**काठमांडू, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

काठमांडू की महानगरपालिका ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना ओली की पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम वाले स्थल पर गंदगी फैलाने के मामले में लगाया गया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली भी शरीक हुए थे। इस कार्यक्रम के तुरंत बाद ही मेयर बालेन शाह की तरफ से ओली की पार्टी नेकपा एमाले पर जुर्माना लगाए जाने के लिए लिखित पत्र भेज दिया गया। इसे प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और मेयर बालेन शाह के बीच कुछ समय से जारी शीतयुद्ध के रूप में भी देखा जा रहा है।



दरअसल, शनिवार को काठमांडू के दरबरमार्ग में सत्तारूढ़ दल एमाले की तरफ से एक शक्ति प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया था। इस सम्मेलन की वजह से सार्वजनिक स्थल पर काफी गंदगी फैलने के कारण महानगरपालिका की तरफ से जुर्माना लगाया गया है।

काठमांडू महानगरपालिका की तरफ से एमाले पार्टी के अध्यक्ष यानि केपी शर्मा ओली के नाम जारी पत्र में सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने के कारण महानगर के स्वच्छता नियम के मुताबिक एक लाख रुपये का जुर्माना अदा करने को कहा गया है।

शनिवार को ही प्रधानमंत्री ने अपनी पार्टी द्वारा आयोजित शक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित किया था। काठमांडू में राजदरबार के मुख्य द्वार के आगे मंच बनाकर उसके सामने वाली सड़क पर करीब दस हजार कार्यकर्ताओं को उतारा गया था। सत्तारूढ़ दल द्वारा किए गए इस शक्ति प्रदर्शन के कारण पूरे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई थी, जिसके कारण आम जनता ने इस कार्यक्रम की काफी आलोचना की थी।

### एलन मस्क ने नेपाल के प्रधानमंत्री से स्टारलिंक संचालन की अनुमति मांगी

**काठमांडू।** सैटेलाइट के जरिए दुनिया भर में इंटरनेट उपलब्ध कराने की योजना में रहे एलन मस्क ने नेपाल में भी इसके संचालन के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके लिए खुद मस्क ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया है। एलन मस्क ने शुक्रवार देर रात प्रधानमंत्री ओली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस विषय पर बातचीत की। इस बारे में जानकारी साझा करते हुए प्रधानमंत्री ओली ने एक्स पर कहा कि एलन मस्क और उनके बीच नेपाल में स्टारलिंक के जरिए इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने पर बातचीत हुई। ओली ने कहा कि सैटेलाइट के जरिए पूरे विश्व में इंटरनेट की सुविधा प्रदान करने वाले एलन मस्क की टीम ने नेपाल में स्टारलिंक के प्रयोग का डेमो भी दिखाया। मस्क ने नेपाल के प्रधानमंत्री से नेपाल में स्टारलिंक के प्रयोग की अनुमति देने का आग्रह किया है। स्टारलिंक की ग्लोबल लाइसेंसिंग एंड मार्केटिंग डायरेक्टर रेबेका स्किल हन्टर ने बताया कि मस्क ने प्रधानमंत्री ओली को स्टारलिंक की तरफ से दिए जाने वाले सुविधा और सहूलियत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री ओली से स्टारलिंक के नेपाल में रजिस्ट्रेशन को लेकर कुछ कानूनों में बदलाव करने का भी आग्रह किया। हालांकि प्रधानमंत्री ने इस बारे में कोई भी जवाब नहीं दिया।



# आईएसएल : ब्लास्टर्स के गढ़ में धावा बोलने को तैयार चेन्नइयन एफसी

**कोच्चि, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

दक्षिण भारतीय प्रतिद्वंद्वियों के बीच रोमांच चरम पर होगा, जब केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नइयन एफसी रविवार शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले के लिए यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भिड़ेंगी।

चेन्नइयन एफसी आठ मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और दो हार से 12 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है। केरला ब्लास्टर्स एफसी आठ मैचों में दो जीत, दो ड्रा और चार हार से आठ अंक लेकर तालिका में 10वें स्थान पर है।

चेन्नइयन एफसी ने 16 गोल किए हैं, जो किसी भी सीजन में आठ मैचों के बाद उनका सबसे बड़ा स्कोर है। मरीना माचान्स ने प्रति मैच विपक्षी टीम के बॉक्स के अंदर औसतन 25.3 टच किए हैं।

चेन्नइयन एफसी ने फरवरी 2024 में केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ पिछले मैच 1-0 से जीता था, जो कि ब्लास्टर्स के खिलाफ अपने पिछले सात मुकाबलों के बाद आई थी।

केरला ब्लास्टर्स ने अपने पिछले 15 घरेलू मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। आगामी मैच में एक गोल लीग के इतिहास में किसी भी टीम द्वारा घर पर सबसे लंबे समय तक गोल करने के बराबर होगा। केरला ब्लास्टर्स ने आईएसएल 2024-25 में सबसे अधिक पेनल्टी (5) गंवाई हैं, जबकि चेन्नइयन ने चार पेनल्टी दी हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी के स्वीडिश हेड कोच माइकल स्टाहरे ने कहा कि उनकी टीम को कुछ रक्षात्मक दिक्कतों को दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमने काफी गोल (16) खाए हैं और हमें इस समस्या का समाधान खोजने की जरूरत है। अगर हमने बहुत सारे गोल-स्कोरिंग अवसर भी गंवाएं होते तो स्थिति और भी खराब होती। स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल ने चेन्नइयन एफसी के समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया जो केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ मैच के लिए कोच्चि की यात्रा करेंगे।

उन्होंने कहा, केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ अवे मैच के लिए कुछ सौ फैंस आएंगे। हम उनके आभारी हैं क्योंकि वे हर जगह हमारा समर्थन करते हैं। हम उनके चेहरों पर मुस्कान लाना चाहते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए हीली को आराम, ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी ताहलिया मैकग्राथ

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शनिवार को भारत के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय मैचों की



श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर दी है। चोट के कारण कप्तान एलिसा हीली को आराम दिया गया है, उनकी अनुपस्थिति में ताहलिया मैकग्राथ टीम की कप्तानी करेंगी। हीली घुटने की चोट से उबर रही हैं, जो उन्हें महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मैच के दौरान लगी थी और उम्मीद है कि अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए वह फिट हो जाएंगी। अब तक साल का दूसरा भाग उनके लिए निराशाजनक रहा है, पैर की चोट के कारण वह आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के दूसरे भाग में नहीं खेल पाई, क्योंकि उनकी टीम सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के परफॉरमेंस हेड (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा, एलिसा हीली के भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर होने का फैसला एशेज को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, न्यूजीलैंड सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता अगले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा, ताहलिया मैकग्राथ ने विश्व कप के दौरान कठिन परिस्थितियों में कप्तान के रूप में प्रभावित किया और उन्हें ऐश गार्डनर से भी पूरा सहयोग मिलेगा, जो मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह एक मजबूत लीडर के रूप में उभरी हैं। अगले महीने से शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत से खेलेगी, क्योंकि वे अगले साल एशेज की तैयारी कर रहे हैं। यह सात महीने से अधिक समय में उनकी पहली सीरीज होगी, जबकि पिछली सीरीज अप्रैल में बांग्लादेश के खिलाफ क्लीन स्वीप के साथ समाप्त हुई थी। इस बीच, 21 वर्षीय जॉर्जिया वोल को मौजूदा डब्ल्यूबीबीएल में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद पहली बार टीम में शामिल किया गया।

### बुंडेसलीगा : हैरी केन की हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने स्टबोर्न ऑग्सबर्ग को 3-0 से हराया



**बर्लिन।** हैरी केन की हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार रात बुंडेसलीगा के 11वें दौर के पहले मैच में स्टबोर्न ऑग्सबर्ग पर 3-0 से जीत दर्ज की।बायर्न ने मैच में आक्रामकर शुरुआत की और 13वें मिनट में वह गोल के काफी करीब पहुंच गया था, लेकिन लियोन गोरेत्जका का एक बेहतरीन शॉट गोल पोस्ट के बगल से निकल गया, जबकि पांच मिनट बाद जोशुआ किमिच ने नजदीक से प्रयास किया, लेकिन उन्हें भी सफलता नहीं मिली। ऑग्सबर्ग का डिफेंस काफी अच्छा रहा और उन्होंने बायर्न के कई मौकों को असफल किया। गोलकीपर नेडिल्को लाब्रोविक ने 27वें मिनट में हैरी केन और जमाल मुसियाला के लगातार प्रयासों को विफल किया। मध्यांतर तक दोनों ही टीमें गोल करने में असफल रहीं। मैच के 63वें मिनट में मैड्स पेडरसन को हैंडबॉल के लिए दंडित किया गया और केन ने पेनल्टी को गोल में बदलकर बायर्न को 1-0 से आगे कर दिया। मेहमान टीम ने एक बार फिर बायर्न को अपनी बढ़त बढ़ाने में मदद की, जब केवन श्लोटरबेक को खेल के अंतिम क्षणों में केन को क्षेत्र में गिराने के बाद लाल कार्ड दिखाकर मैदान के बाहर भेज दिया गया। केन ने फिर से अपना संयम बनाए रखा और बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया।

### गेरार्डो मार्टिनो ने इंटर मियामी के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इंटर मियामी के मुख्य कोच गेरार्डो टाटा मार्टिनो ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए आधिकारिक तौर पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 62 वर्षीय अर्जेंटीना के कोच ने अपने अनुबंध में एक साल शेष रहने के बावजूद अपने फैसले की घोषणा की, उन्होंने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) की टीम के साथ एक साल से भी कम समय में सफलता की विरासत छोड़ी है। मार्टिनो ने एक भावपूर्ण बयान में कहा, ऐसे खास क्लब में काम करना और ऐसी खास टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। मैंने इंटर मियामी में अपने प्रवास का आनंद लिया और यहाँ बनी यादों और बनाए गए रिश्तों को अपने जीवन के बाकी हिस्सों में संजो कर रखूँगा। मैं यहाँ बिताए अपने समय के लिए केवल आभार के साथ विदा लेता हूँ और इसे संभव बनाने वाले सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूँ। मार्टिनो जून 2023 में इंटर मियामी में शामिल हुए, उस समय जब क्लब एमएलएस स्टैंडिंग के निचले पायदान पर था। उनके मार्गदर्शन में, इंटर मियामी ने 2023 लीग कप और 2024 सपोर्टर्स शील्ड जीती। मार्टिनो की सफलता की कुंजी लियोनेल मेसी का आगमन था, जो अर्जेंटीना और बार्सिलोना के कोच के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके हमवतन और पूर्व खिलाड़ी थे। साथ मिलकर, उन्होंने टीम के प्रदर्शन को बढ़ाया, रिकॉर्ड बनाए और इंटर मियामी को अगले साल के फीफा क्लब विश्व कप में जगह दिलाई।

## पर्थ टेस्ट

# दूसरी पारी में भारत की मजबूत शुरुआत, यशस्वी-राहुल ने लगाया अर्धशतक, कुल बढ़त 218 रनों की हुई

**यशस्वी जायसवाल शतक से 10 रन दूर**

**पर्थ, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**



**यहां पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई है। दोनों ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने बिना किसी नुकसान के 172 रन बना लिये हैं। यशस्वी जायसवाल शतक से केवल 10 रन दूर हैं और 90 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि केएल राहुल ने भी शानदार अर्धशतक लगाते हुए 62 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की कुल बढ़त 218 रनों की हो गई है।**

ऑस्ट्रेलिया को 104 रनों पर समेटने के बाद भारत को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। हालांकि पिच भी पहली पारी की अपेक्षा दूसरी पारी में सपाट दिखी, जिसका भारतीय बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। अब तक दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

### भारत ने पहली पारी में बनाए 150 रन

इससे पहले मैच में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पूरी टीम केवल 150 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से नीतीश रेड्डी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। नीतीश के अलावा ऋषभ पंत ने 37 और केएल राहुल ने 26 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, मिचेल स्टॉर्क, पैट कमिंस और मिचेल मॉर्श ने 2-2 विकेट लिए।

### ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रनों पर सिमटी, भारत को 46 रन की बढ़त

इससे पहले जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रनों पर समेट दिया है। बुमराह ने 5 विकेट लिए। इसी के साथ पहली पारी के आधार पर भारत को 46 रनों की बढ़त मिली गई है। भारतीय टीम पहली पारी में केवल 150 रनों पर सिमट गई थी। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टॉर्क ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। स्टॉर्क के अलावा एलेक्स कैरी ने 21, ट्रैविस हेड ने 11 और मेकस्विनी ने 10 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 5, हर्षित राणा ने 3 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए।

# एफएमएससीआई भारतीय राष्ट्रीय रैली स्प्रिंट चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा गुवाहाटी



**गुवाहाटी, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

दोपहिया वाहनों के लिए एफएमएससीआई इंडियन नेशनल रैली स्प्रिंट चैंपियनशिप (आईएनआरएससी) रविवार, 24 नवंबर 2024 को ईस्ट ज़ोन राउंड के लिए गुवाहाटी, असम में आयोजित की जाएगी। एनइएमए गुवाहाटी स्प्रिंट रैली नामक यह आयोजन, गुवाहाटी से 60 किलोमीटर दूर स्थित सुरम्य पीआरपी घाटी में होगा।

रबर के बागानों के बीच में आयोजित यह रैली पहाड़ी इलाकों से होकर चुनौतीपूर्ण सवारी का वादा करती है, जिसमें खड़ी चढ़ाई और अचानक ढलान होती है, जो इसे सवारों के लिए एक वास्तविक परीक्षा बनाती है। यह आयोजन आईएनआरएससी-2डब्ल्यू के लिए क्वालीफाइंग राउंड के अंतिम दौर को चिह्नित करता है, जो इसे राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खिताब हासिल करने का लक्ष्य रखने वाले प्रतियोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बनाता है। इस रैली में पूर्वोत्तर भारत से लगभग 80 प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की 11 क्लासेस के अलावा, स्थानीय युवाओं के लिए एक अलग स्प्रिंट सपोर्ट रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें आठ क्लासें होंगी, जिनमें से प्रत्येक को अपनी ट्रॉफी और पुरस्कार मिलेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवा सवारों को रैली की दुनिया से परिचित कराना और उन्हें प्रतिस्पर्धी लेकिन सुलभ वातावरण में इस रोमांचक मोटरस्पोर्ट फॉर्म का अनुभव करने का मौका देना है। आईएनआरएससी के प्रमोटर फराद भथेना ने कहा, हम एफएमएससीआई इंडियन नेशनल रैली स्प्रिंट चैम्पियनशिप को पूर्वोत्तर और विशेष रूप से गुवाहाटी में लाने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो हमेशा से इस क्षेत्र में मोटरस्पोर्ट के प्रति उत्साही लोगों का केंद्र रहा है। यह राउंड सवारों के लिए एक रोमांचक चुनौती होने का वादा करता है, जिसमें अद्वितीय पहाड़ी इलाके और पीआरपी घाटी की अलग-अलग परिस्थितियाँ हैं।

# लगातार तीन टी20 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने तिलक वर्मा

**राजकोट, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

भारत के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने हैदराबाद के लिए मेघालय के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में अपने विस्फोटक शतक के बाद एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। वह पुरुष या महिला क्रिकेट में लगातार तीन टी 20 शतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं।

उन्होंने 2007 में शुरू हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी दर्ज किया। मैच के दौरान तिलक ने सिर्फ 67 गेंदों में 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। उनके रन 225.37 के स्ट्राइक रेट से आए।

22 वर्षीय तिलक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर से बाहर लगातार दो शतक, सेंचुरियन में 107* और जोहान्सबर्ग में नाबाद 120* रन बनाकर टूर्नामेंट में प्रवेश किया। वह द्विपक्षीय श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरीज बने, उन्होंने चार मैचों में 140.00 की औसत और लगभग 199 के स्ट्राइक रेट से 280 रन बनाए। वह टी20 क्रिकेट में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बने। महिला क्रिकेट में, महाराष्ट्र की ओर से खेल रही किरण नवगिरे ने 2022 में सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में नागालैंड की ओर से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 162 रन



बनाए थे। तिलक ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाज डिप्पू संगमा की 18 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने एसएमएटी में पिछला सर्वोच्च स्कोर बनाया था, उन्होंने 2019 में सिक्किम के खिलाफ मुंबई के लिए 71 गेंदों में सात चौकों और 15 छक्कों की मदद से 147 रन बनाए थे। तिलक उन पांच खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें मुंबई इंडियंस (एमआई) ने रविवार से सोमवार तक होने वाले 2025 सीजन के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी से पहले रिटेन किया है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 26 नवंबर को आईसीसी की बैठक होने की संभावना

**नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से अगले साल (2025) फरवरी और मार्च के महीने में होने वाली आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तारीखों और स्थानों के लिए अगले सप्ताह एक आपात बैठक आयोजित करने की संभावना है।

बैठक मंगलवार (26 नवंबर) को होने की संभावना है, जहां बैठक का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि क्या मार्की इवेंट पूरी तरह से पाकिस्तान में होगा या हाइब्रिड मॉडल में (जहां पाकिस्तान एक और देश के साथ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जो अभी तय नहीं हुआ है)। बैठक तब निर्धारित की गई थी जब आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को लिखित रूप से बताया था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा, जो 2025 की शुरुआत में आयोजित की जाएगी। पीसीबी ने इस मुद्दे पर पाकिस्तान सरकार से परामर्श किया और अपना रुख पेश करना चाह रहा है।

हालांकि, पाकिस्तान बोर्ड ने कहा कि वे चाहते हैं कि भारत पाकिस्तान की यात्रा करे क्योंकि उनकी टीम 2023 में आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप के दौरान भी गई थी। पिछले साल, पाकिस्तान ने एशियाई ट्रॉफी की मेजबानी की थी, लेकिन यह एक हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया गया था, जिसमें भारत ने श्रीलंका में अपने मैच खेले थे।

भारत और पाकिस्तान ने अपनी आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला 2012-13 में भारत में खेली थी,




जो एक सफेद गेंद की श्रृंखला थी और अब ज्यादातर आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में खेलते हैं। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण, भारत 2008 के बाद से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर रहा है, जब उन्होंने वहां एशिया कप खेला था।

कट्टर प्रतिद्वंद्वियों ने अपनी आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला 2012-13 में भारत में खेली थी, जो एक सफेद गेंद की श्रृंखला थी गौरतलब है कि पिछले साल पाकिस्तान ने एशिया कप की मेज़बानी की थी, लेकिन टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया गया था। भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे, जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में आयोजित किए गए थे।

# राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए टीम की हुई घोषणा, संदीप यादव और कल्पना चौधरी होंगे कोच

**लखनउ, 23 नवंबर (एजेंसियां)।**

ओडिशा में होने वाले राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए उप्र की टीम की घोषणा हो गयी है। नीरज कुमार की अध्यक्षता में एथलेटिक्स उत्तर प्रदेश की चयन समिति की घोषणा की गई। इन एथलीटों का चयन 15 से 18 सितंबर तक आयोजित हुए उप्र राज्य वार्षिक जूनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में किए गये प्रदर्शन के आधार पर की गयी।

इसके बाद इन खिलाड़ियों ने 10 से 12 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित 35वें नॉर्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया था। इन टीमों के प्रमुख मैनेजर के तौर पर पीलीभीत के डोरी लाल शर्मा, मथुरा के जय सिंह, आगरा के गौरव और पीलीभीत की नीलिमा शर्मा होगी। वहीं कोच के रूप में संदीप यादव और कल्पना चौधरी रहेंगी। वहीं कप्तानी बागपत के लक्ष्य और बहराइच की डाली शर्मा करेंगी।




अंडर 20 पुरुष वर्ग में लक्ष्य (100 मी. एवं 200 मी.) हिमांशु राठी (800 मी.) समीर अब्बासी (ट्रिपल जंप) (सभी बागपत से) संजीव का चयन हुआ है। कुमार सिंह (100 मीटर) 6बहराइच8 जय शिव (200 मीटर) 6अलीगढ़8 उमर सैफी (400 मीटर) दीपांशु शर्मा (भाला फेंक) थ्रो) 6दोनों गाजियाबाद से8 रॉबिन सैनी (400 मीटर) अंशुल बंसल (800 मीटर) अभिजीत तेवतिया (डिस्कस थ्रो) 6सभी मेरठ से 8 रितिक देवल (1500 मी.) 6शामली 8 अभिनव सिंह (1500 मी.) 6जौनपुर 8 राहुल मौर्य (300 मी.)6संभल8 इंद्रजीत (5000 मीटर) 6अमेठी8 दिव्यांशु कुमार (5000 मीटर व 10,000 मीटर) 6सीतापुर8 शैलेश कुशवाहा(10000 मी.), सूरज कुमार पटेल (पोल वॉल्ट) अयाज़ खान (हैमर थ्रो) 6सभी प्रयागराज से8 अभिनव सिंह (110 मी. बाधा दौड़) 6फ़िरोज़ाबाद8 रोहित कुमार और संग्राम सिंह (दोनों 400 मी. बाधा दौड़ में) अनुपम (3000 मी.) स्टीपलचेज़) सचिन गुर्जर (ट्रिपल जंप) अनुज कुमार (शॉट पुट) और तुषार गिरी (10000 मीटर रेस वॉक) 6सभी आगरा से 8कुलदीप कुमार (पोल वॉल्ट) हर्षित कुमार (हैमर थ्रो) 6दोनोंअमरोहा से8 मो. तौसीफ(लंबी कूद) और दिलशाद अली (लंबी कूद) 6दोनों प्रतापगढ़ से8 आकाश यादव (शॉट पुट), अंकित कुमार सिंह (3000 मीटर स्टीपलचेज़) 6दोनों वाराणसी से8 हरीश कुमार (डिस्कस थ्रो) 6मथुरा8 रोहन यादव (भाला फेंक) थ्रो) 6मिर्जापुर8 ईशु यादव (10000 मी. रेस वॉक) 6इटावा8 ब्रिजेश यादव (डेकाथलॉन) 6शाहजहांपुर8, प्रियांशु (डेकाथलॉन) 6बागपत8 होंगे। अंडर- 20 महिला वर्ग में डॉली शर्मा (100 मीटर और 200 मीटर) 6बहराइच8 मिनाक्षी कुमारी (100 मीटर) 6इटावा8 रिंकी पाल (200 मीटर) 6यूपी पुलिस एससीबी8 रोशनी यादव (400 मीटर) 6वाराणसी8 प्रतीक्षा यादव (800 मीटर) और ऋषिका अवस्थी (ट्रिपल जंप) 6दोनों लखनऊ से 8 विनीता गुर्जर (800 मीटर और 1500 मीटर) 6मुरादाबाद 8 नीता रानी (3000 मीटर और 5000 मीटर) अंजू (लंबी) कूद) 6सभी बुलन्दशहर से8 सुनीता देवी (3000 मीटर और 5000 मीटर) 6यूपीएए - कौशांबी8 अंजलि पटेल (3000 मीटर) का चयन हुआ है। इसी तरह अन्य वर्गों में भी सौ से ज्यादा एथलेटिक्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



# आसियान–भारत वस्तु व्यापार समझौता समिति की बैठक नई दिल्ली में सम्पन्न

**एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की छठी बैठक नई दिल्ली में हुई आयोजित**

**नई दिल्ली,23 नवंबर (एजेंसियां)।**

आसियान–भारत वस्तु व्यापार समझौता (एआईटीआईजीए) संयुक्त समिति की छठी बैठक राजधानी नई दिल्ली में संपन्न हो गई। बैठक में नेताओं ने 2025 तक वार्ता पूरी करने के लिए शीघ्र समीक्षा प्रक्रिया का आग्रह किया। ये बैठक नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में आयोजित की गई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की 21 से 22 नवंबर तक चली दो दिवसीय बैठक की सह–अध्यक्षता भारत के वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और मलेशिया के निवेश, व्यापार तथा उद्योग मंत्रालय की उप–महासचिव (व्यापार) मस्तूरा अहमद मुस्तफा ने की। बैठक में भारत और सभी 10 आसियान सदस्य देशों ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम के प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्रालय के मुताबिक एआईटीआईजीए समीक्षा वार्ता के इस दौर से पहले दो उच्च स्तरीय बैठकें हुई थीं, जिसमें सितंबर 2024 में 21वीं आसियान–भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक और अक्टूबर 2024 में 21वीं आसियान–भारत शिखर बैठक शामिल हैं। ये दोनों बैठक वियनतियाने लाओस में हुई थी। उल्लेखनीय है कि आसियान एक समूह के तौर पर भारत के प्रमुख व्यापार भागीदारों में से एक है, जिसकी भारत के वैश्विक व्यापार में करीब 11 फीसदी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023–24 में द्विपक्षीय व्यापार 121 अरब डॉलर था, जो अप्रैल–अक्टूबर 2024 के दौरान 5.2 फीसदी की वृद्धि के साथ 73 अरब अमेरीकी डॉलर तक पहुंच गया।

## न्यूज ब्रीफ

### गुजरात के जीएसटी विभाग ने 3.53 करोड़ की कर चोरी पकड़ी, कंपनियां वास्तविक आय को छिपा रही थीं




**अहमदाबाद ।** गुजरात राज्य जीएसटी विभाग ने सात वाणिज्यिक संस्थाओं की तलाशी के दौरान 3.53 करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया। एक अधिकारी ने कहा कि ये कंपनियां वास्तविक आय को छिपा रही थीं, बिना चालान के बिक्री कर रही थीं और कर देनदारी को कम करके दिखा रही थीं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राज्य में उपभोक्ताओं के साथ लेनदेन करने वाली संस्थाओं (बी2सी) द्वारा माल और सेवा कर (जीएसटी) की चोरी की आशंका में सात परिसरों में तलाशी ली गई थी। बयान में कहा गया कि इन फर्मों में अहमदाबाद के दो बैटरी डीलर, डांग जिले के वाघई में चार तंबाकू डीलर और नाडियाड के खेड़ा शहर में एक सैलून शामिल हैं।

### आईआईएफसीएल की 60 करोड़ डॉलर जुटाने एडीबी, कोरियाई बैंक से चल रही बातचीत




**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) 60 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाने के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और कोरियाई एक्जिम बैंक के साथ बातचीत कर रही है। आईआईएफसीएल ने कहा कि वह इस राशि का इस्तेमाल अपने निवेशक आधार को बढ़ाने और उधार लेने की लागत कम करने के लिए करेगी। आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पीआर जयशंकर ने यहां निवेशक सम्मेलन में कहा कि बातचीत अग्रिम चरण में है और समझौते पर दिसंबर में हस्ताक्षर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आईआईएफसीएल एक बार में पूरे 60 करोड़ अमेरिकी डॉलर उधार लेने की इच्छुक है। हालांकि इतनी धनराशि की उपलब्धता उधार देने वाली एजेंसी पर निर्भर है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष के दौरान लगभग 20 करोड़ करोड़ डॉलर आ सकते हैं और बाकी राशि 2025–26 में आएगी ।

### भारतीयों को ब्रांड भारत बनाने पश्चिम के फरमानों पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिएः सीतारमण



**बेंगलुरु ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव 2024 में कहा कि अगर हम 'ब्रांड भारत' बनाना चाहते हैं, तो हमें सही क्या है, इस बारे में पश्चिम के फरमानों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हजारों साल से वस्तुओं का उत्पादन कर रहे हैं, शोषण की बात कभी नहीं उठी और अचानक एक पारंपरिक उद्योग जैसे, मान लीजिए, कालीन बनाने के काम के लिए, आपको पश्चिम के खरीदारों से एक फरमान आया कि आप इन कालीनों को बनाने के लिए बच्चों का उपयोग कर रहे हैं। हम इसे आपसे नहीं खरीदेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत में परिवार बच्चों को स्कूली शिक्षा से वंचित किए बिना शिल्पकार बनाने में लगे हुए हैं, क्योंकि जब तक शिल्प बहुत कम उम्र में नहीं सीखा जाता है, एक शिल्पकार कभी इसमें महारत हासिल नहीं कर सकता। ऐसे में हमें खड़े होकर कहना होगा कि हम उनकी शिक्षा का ख्याल रखते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर नैतिक उत्पादन के लिए जिस तरह के कदम उठाने की जरूरत है, वे हमारी तरफ से अपने आप होने चाहिए, न कि पश्चिमी फरमानों के जारी होने के बाद किए जाने चाहिए। सीतारमण ने यह भी कहा कि हमारे मंदिरों और हमारे प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का महत्व अभी की तुलना में बहुत अधिक होना चाहिए। लोगों को यह बताने की जरूरत है कि प्राचीन काल से ही विज्ञान में भारत की ताकत अटूट रही है। सीतारमण ने कहा कि भारत के पास सुश्रुत संहिता जैसे प्राचीन ग्रंथों की बदौलत ज्ञान का समृद्ध भंडार है। ये प्राचीन भारत के ब्रांड हैं, जिनका हम आज भी उल्लेख करते हैं।

# सेंसेक्स और निफ्टी में सप्ताह भर रही तेजी
## सेंसेक्स 79,117 पर और निफ्टी 23,907 पर बंद

**मुंबई,23 नवंबर (एजेंसियां)।**

इस सप्ताह बैंकिंग शेयरों में खरीदारी, आईटी इंडेक्स में तेजी और एफएमसीजी इंडेक्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पीएसयू बैंक शेयरों में खरीदारी की वजह से शेयर बाजार में तेजी देखी गई। बुधवार 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की वजह से घरेलू शेयर बाजार में कारोबार नहीं हुआ, जिससे इस सप्ताह केवल चार दिन ही शेयर बाजार खुले रहे। विदेशी फंडों की लगातार निकासी, आईटी शेयरों में बिकवाली और अमेरिकी बाजारों से कमजोर संकेत के कारण सोमवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक फिर फिसल गए। बीएसई सेंसेक्स 511 अंक गिरकर 77,058 पर खुला और 241.30 अंक गिरकर 77,339.01 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 50 162 अंक गिरकर 23,370 पर खुला और 78.90 अंक गिरकर 23,453.80 पर बंद हुआ। मंगलवार को बेंचमार्क सूचकांकों में तेजी से उछाल आया और सात सत्रों की गिरावट थम गई, इस दौरान एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 1044.89 अंक बढ़कर 78,383.90 पर खुला और 239.38 अंक की बढ़त के साथ 77,578.38 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 50 304.50 अंक बढ़कर 23,758.30 पर खुला और 64.70 अंक की बढ़त के साथ 23,518.50 अंक पर बंद हुआ। अदाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट और विदेशी फंड के निरंतर निकासी के बीच गुरुवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 468.17 अंक गिरकर 77,110.21 अंक पर खुला और 422.59 अंक गिरकर 77,155.79 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 179.75 अंक गिरकर 23,338.75 अंक पर खुला और 168.60 अंक गिरकर 23,349.90 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बावजूद सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 750 अंक की तेजी के साथ 77,920 के स्तर पर खुला और 1,961.32 अंक चढ़कर 79,117.11 पर बंद हुआ। निफ्टी 230 अंक तेज होकर 23,580 के स्तर पर खुला और 23,900 अंकों के पार 557.35 अंकों की बढ़त के साथ 23,907.25 पर बंद हुआ।




### देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 17.76 अरब डॉलर की गिरावट, पिछले सप्ताह यह भंडार 6.47 अरब डॉलर घटकर 675.65 अरब डॉलर था

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार देश का विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त सप्ताह में 17.76 अरब डॉलर घटकर 657.89 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। पिछले सप्ताह यह भंडार 6.47 अरब डॉलर घटकर 675.65 अरब डॉलर था। सितंबर के अंत में भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर था, फिर से उसमें पिछले कई हफ्तों से गिरावट आई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 15.55 अरब डॉलर घटकर 569.83 अरब डॉलर रहीं। इसमें उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियां शामिल हैं, जिनमें यूरो, पाउंड, और येन जैसी गैर–अमेरिकी मुद्राएं होती हैं। साथ ही स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 2.07 अरब डॉलर घटकर 65.75 अरब डॉलर रहा और विशेष आहरण अधिकार 9.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.06 अरब डॉलर पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 5.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.25 अरब डॉलर पर आ गया। इन आंकड़ों की छठे संख्याक चिह्न है, जो देश की विदेशी मुद्रा संबंधी स्थिति को दर्शाते हैं।

# टेलीकॉम कंपनियों के लिए नए नियम जारी



**नई दिल्ली,23 नवंबर (एजेंसियां)।**

**जिन एजेंसियों को डेटा इकट्ठा करने का अधिकार मिलेगा, उन्हें इसे गोपनीय तरीके से स्टोर करना होगा**

केंद्र सरकार ने साइबर सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए टेलीकॉम कंपनियों के लिए नए नियम जारी किए हैं। इन नियमों के तहत केंद्र सरकार अपनी किसी एजेंसी के माध्यम से टेलीकॉम कंपनियों से ट्रैफिक डेटा या अन्य डेटा की मांग कर सकती है। यह डेटा संदेशों के कंटेंट के अलावा अन्य किसी फॉर्मेट में हो सकता है और इसे स्टोर और प्रोसेस करने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे की स्थापना की जा सकती है। नए नियमों के अनुसार जिन एजेंसियों को डेटा इकट्ठा करने का अधिकार मिलेगा, उन्हें इसे गोपनीय तरीके से स्टोर करना होगा।

इसके लिए टेलीकॉम कंपनियों को एक साइबर पॉलिसी अपनानी होगी, जिसमें सिक्योरिटी से संबंधित रिस्क मैनेजमेंट, नेटवर्क टेस्टिंग, ट्रेनिंग और रिस्क असेसमेंट जैसी प्रक्रियाएं शामिल होंगी। टेलीकॉम कंपनियों को अब चीफ टेलिकम्युनिकेशंस सिक्योरिटी ऑफिसर की नियुक्ति करनी होगी। इस अधिकारी का काम सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं के दौरान तत्काल उपाय करना होगा। सुरक्षा से जुड़ी किसी भी घटना को केंद्र सरकार को 6 घंटे के भीतर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही घटना की विस्तृत जानकारी जैसे पीड़ित यूजर्स की संख्या, स्थान और घटनाओं का असर भी 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट करना होगा। नए नियमों के तहत भारत में बने या आयात किए गए सभी फोन डिवाइस का आईएमईआई नंबर रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य फर्जी डिवाइस और अवैध गतिविधियों को रोकना है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### जीत से ...

महाराष्ट्र में भाजपा सबसे अधिक 149 सीटों पर चुनाव लड़ी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने मोदी की लोकप्रियता और नीतियों के अधार पर ही चुनाव लड़ा। महाराष्ट्र में भाजपा की जीत को मोदी की जीत बताया जा रहा है। ऐसे में भाजपा के अंदर अब मोदी का रुतबा और मजबूत होगा, क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद मोदी की लोकप्रियता पर सवाल खड़े होने लगे थे।

### एक राज्य...

भाजपा और एनडीए महज 25 सीटों पर सिमट गए। हालांकि सोरेन परिवार के 4 सदस्यों में से 3 सदस्य चुनाव हार गए। केवल हेमंत सोरेन अपनी सीट बचा सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, मैं झारखंड के सभी समुदाय के लोगों और राज्य के सभी किसानों, महिलाओं और युवाओं को बहुमत के साथ वोट देने और इस चुनाव को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी नेताओं को भी धन्यवाद देता हूं जो मैदान में थे और लोकतंत्र की ताकत को लोगों तक ले गए।उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने सात सीटें जीत ली हैं। सपा को दो सीटें मिलीं। कानपुर की सीसामऊ और करहल सीट पर सपा ने जीत दर्ज की है। जबकि भाजपा ने गाजियाबाद, खैर, फूलपुर, कटेहरी, मझवां, कुंदरकी और मीरापुर सीटें जीत ली हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस जीत पर कहा कि नौ में से सात सीटों पर जीत का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। पीएम पर लोगों को अटूट विश्वास है। ये जीत उसी का प्रमाण है। हम सब जनता का आभार व्यक्त करते हैं। सपा और इंडी की लूट और झूठ की राजनीति की समाप्ति की शुरुआत का ये परिणाम है। योगी ने कहा कि जो जनादेश महाराष्ट्र में मिला, ये राम और राष्ट्र के आराधक नए भारत की जीत है। आंबेडकर का अपमान करने वालों की पराजय है। आज फिर से स्पष्ट हुआ है कि देश की जनता को मोदी की नीति, नीयत और निर्णय पर अटूट विश्वास है। तुष्टिकरण और सांप्रदायिकता के शॉर्टकट से सरकार बनाने का सपना देख रहे इंडी गठबंधन की ये पराजय है।यूपी उपचुनाव के बारे में सपा ने मतदान के दिन से जो प्रलाप किया, उस पर जनता ने जो जवाब दिया है, कुंदरकी उसका उदाहरण है। सपा की जमानत जब्त होने वाली है। सपा सीसामऊ के चुनाव को रद्द कराना चाहती थी।

अब सिर्फ आठ हजार से जीत पाए हैं। करहल में सपा सिर्फ 14 हजार वोट से जीती है। जो केशव मौर्य ने कहा है उस ओर हम बढ़ रहे हैं। सीएम ने दोहराया बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। ये देश की जनता ने माना है। कुंदरकी पर कहा कि राष्ट्रवाद, जड़ और मूल की जीत सबको अपना गोत्र याद आया। अपनी जीत याद आती है।

राजस्थान में भी सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने पांच सीटें जीत ली हैं। बीएपी और कांग्रेस को एक–एक सीट मिली। भाजपा ने झुंझुनूं, खींवसर, देवली–उनियारा, सलूंबर, रामगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने जीतीं। चौरासी सीट भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) और दौसा सीट कांग्रेस के खाते में गई।बिहार उप चुनाव में एनडीए ने क्लीनस्वीप कर दिया है। बिहार की 4 विधानसभा सीटों पर हुए उप–चुनाव में से 2 पर भाजपा ने जीत हासिल की है अन्य दो सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत दर्ज की। भाजपा ने बिहार की तरारी और रामगढ़ विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, इमामगंज विधानसभा सीट पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) की दीपा कुमारी ने जीत हासिल की है। वहीं बेलागंज में जेडीयू की मनोरमा देवी ने जीत हासिल की है। बिहार विधानसभा उप–चुनाव में न सिर्फ आरजेडी को, बल्कि नई नवेली पार्टी लेकर मैदान में उतरे प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को भी मुंह की खानी पड़ी है।केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में मुस्लिम लीग के समर्थन से कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने बड़ी जीत हासिल की है। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने के बाद उनकी बहन प्रियंका गांधी यहां चुनावी मैदान में उतरी थीं। करीब साढ़े तीन दशक का खुद का राजनीतिक अनुभव बताने वाली प्रियंका पहली बार चुनावी राजनीति में दाखिल हुईं और वायनाड से उपचुनाव लड़ा। वायनाड में प्रियंका ने माकपा के सत्यन मोकेरी को चार लाख से अधिक वोट से हरा दिया है।पंजाब में आम आदमी पार्टी (आपा) ने 4 सीटें जीतकर अपनी ताकत दिखाई, तो पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सभी 6 सीटें अपने नाम कीं। असम में भाजपा और उसका गठबंधन प्रभावी रहा। जबकि केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा ने जीत दर्ज की।

### पीएम मोदी...

एआईएएम के गठन का एक बड़ा लक्ष्यों अमेरिका में भारतीय–अमेरिकियों की एकता सुनिश्चित करना भी है। एआईएएम ने सिख दानकर्ता जसदीप सिंह को संस्थापक और अध्यक्ष के तौर पर नियुक्ति किया है। इसके अलावा इसके सात सदस्यीय निदेशक बोर्ड में बलजिंदर सिंह, सुखपाल धनोआ (सिख), पवन बेजवादा, एलिशा पुलिवर्ती (ईसाई), दीपक ठक्कर (हिंदू), जुनैद काजी (मुस्लिम) और निसिम रुबेन (यहूदी) शामिल हैं।

एआईएएम अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य में संगठन की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक समावेशी नजरिया अपनाया है, जिसमें सभी नागरिकों के लिए बराबर के मौके हैं। वहीं भारतीय अल्पसंख्यक फेडरेशन के संयोजक सतनाम सिंह संधू ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के बदलावों पर बात की। उन्होंने पीएम के सबका साथ, सबका विकास नजरिए की तारीफ की और कहा कि इससे मान–मनौव्वल की राजनीति का अंत हुआ है और सांप्रदायिक सौहार्द और बराबर के मौके का माहौल बना है।

### अमेरिका में ...

तथा किस दिशा में जा रहा है। विमान की स्थिति हवा में क्या है, इसकी जानकारी इससे ही हासिल होती है। ओरेगन स्थित कम्पनी से हासिल किए गए यह पुर्जे और तकनीक रूस भेजने की अनुमति वर्तमान में नहीं है। इन्हें रूस में बेचने के लिए पहले अमेरिकी सरकार की अनुमति जरूरी होती है।अमेरिकी न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि संजय कौशिक ने यह कह कर यह सभी पुर्जे और तकनीक हासिल किए कि उनकी भारत में एक प्राइवेट हेलिकॉप्टर फर्म है। हालांकि, यह झूठ था। संजय कौशिक की फर्म ने लाइसेंस का उल्लंघन करते हुए अमेरिका से रूस सामान भेजा। हालांकि, अमेरिकी एजेंसियों ने यह सामान अमेरिका में ही रोक लिया और रूस में नहीं पहुंचने दिया। अगर कौशिक को इस मामले में दोषी पाया जाता है तो उन्हें 20 साल तक की जेल और 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना देना पड़ सकता है।

### आतंकवादी...

मजिस्ट्रेट ने इन सभी को 30 दिन में खुद को पुलिस के हवाले करने या कोर्ट के समक्ष पेश होने के निर्देश दिए हैं। वहीं, शुक्रवार को कोटरंका पुलिस ने कोटरंका के बाजार में ढोल नगाड़े बजाकर इन सभी 14 लोगों को भगोड़ा घोषित किए जाने की जानकारी दी।कोटरंका सब डिवीजन के कंडी निवासी खादम हुसैन, मोहम्मद शरीफ, सोहबत अली, मोहम्मद असलम, हाकम जान, मोहम्मद इकबाल, नूरानी सभी निवासी लड़कुत्ती कोटरंका, गुलजार, मोहम्मद आजम, दोनों निवासी गुड़ा सरकारी, गुलजार हुसैन निवासी पीड़ी, मुनीर हुसैन निवासी गखरोट, मोहम्मद शाबिर निवासी पंजनाड़ा, काला निवासी धार साकड़ी और जाबिर हुसैन निवासी कनथोल को भगोड़ा घोषित किया गया है।

### कनाडा गए ...

पंजाब पुलिस के रिटायर आईजी एसके कालिया ने इस मामले को बेहद चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि फर्जी एजेंटों के साथ–साथ उन कॉलेज और यूनिवर्सिटी पर भी कार्रवाई की जाए, जो इसमें शामिल हैं।

पंजाब और केंद्र सरकार को भी इस विषय पर कनाडा सरकार से बात करनी चाहिए, क्योंकि इसमें विद्यार्थियों का कोई कसूर नहीं है। वह एजेंटों की जालसाजी का शिकार हुए हैं। इनमें बहुसंख्यक पंजाबी है तो लिहाजा सूबे की सरकार को एजेंटों की शिनाख्त करनी चाहिए।एसोसिएशन ऑफ ओवरसीज कंसल्टेंट के पूर्व प्रधान सुकांत का कहना है कि यह सारा खेल एजेंटों ने खेला है। उन्होंने वीजा लगवाने के लिए बड़े बड़े कॉलेजों के ऑफर लेटर फर्जी तैयार किए। कनाडा दूतावास ने वीजा जारी कर दिया, लेकिन वहां पर पहुंचते ही छात्र का किसी अन्य कॉलेज में दाखिला करवा दिया गया। दूतावास ने ऑफर लेटर को कॉलेजों के साथ क्रॉस चेक नहीं किया, जिसका फायदा एजेंटों ने जमकर उठाया और छात्रों का भविष्य खतरे में डाल दिया।

### महाराष्ट्र में ...

इससे पहले गोवा, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा और मध्य प्रदेश में हम लगातार तीन बार जीत चुके हैं। बिहार में एनडीए को तीन बार से ज्यादा जनादेश मिला है। साठ साल के बाद आपने मुझे तीसरी मौका दिया। ये जनता का हमारे सुशासन के मॉडल पर विश्वास है और विश्वास को बनाए रखने में हम कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा, मैं झारखंड की जनता को भी नमन करता हूं। झारखंड के तेज विकास के लिए हम अब और ज्यादा मेहनत से काम करेंगे। इसमें भाजपा का एक–एक कार्यकर्ता अपना हर प्रयास करेगा।हरियाणा के बाद महाराष्ट्र के चुनाव का भी सबसे बड़ा संदेश है– एकजुटता। एक हैं, तो सेफ हैं– ये आज देश का महामंत्र बन चुका है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उसके पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) ने सोचा था कि संविधान के नाम पर झूठ बोलकर, आरक्षण के नाम पर झूठ बोलकर एससी/एसटी और ओबीसी को छोटे–छोटे समूहों में बांट देंगे। कांग्रेस और उसके साथियों की इस साजिश को महाराष्ट्र ने सिरे से खारिज कर दिया है। महाराष्ट्र ने डंके की चोट पर कहा है– एक हैं, तो सेफ।प्रधानमंत्री से पहले भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित किया। नड्डा ने कहा, यह एक ऐतिहासिक और विशेष दिन है।

आज महाराष्ट्र और देश के विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में जनता ने जो संदेश दिया है, वह निश्चित रूप से जिस काम को पीएम मोदी ने देशवासियों की सेवा करने का संकल्प उठाया.. उस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है। भाजपा प्रमुख ने कहा, आज के दिन महाराष्ट्र और उपचुनावों में मिली जीत और पिछले दिनों हरियाणा में मिली जीत ने यह तय कर दिया है कि जिस बात को पीएम मोदी ने रखा गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, महिला, युवा, किसान इनको मुख्यधारा में शामिल करके देश को आगे ले जाना है। इस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है।उन्होंने कहा, यह चुनाव इस बात का भी संदेश देता है कि जो लोग समाज को बांटने में लगे थे, जो लोग लोगों को गुमराह करने में लगे थे, उनको मुंह की खानी पड़ी है और मोदी जी के विकासवाद को देश ने फिर से सराहा है।

# ओंकारेश्वर मंदिर में फिर सजने लगेंगे चौसर और झूला



## 15 दिन बाद लौटेंगे भोलेनाथ

एक पखवाड़े तक मालवा भ्रमण के उपरांत भगवान ओंकारेश्वर महादेव भैरव अष्टमी पर शनिवार को तीर्थनगरी लौटेंगे। मान्यता है कि भोलेनाथ यहां माता पार्वती के साथ चौसर खेलते हैं। यहां रात में चौसर बिछाकर मंदिर को बंद कर दिया जाता है।

अगली सुबह जब मंदिर के पट खुलते हैं, तो चौसर और पासे बिखरे हुए मिलते हैं। सांकेतिक रूप से 15 दिन की यात्रा पर भगवान के जाने की परंपरा के चलते इस दौरान मंदिर में रात्रि के समय गर्भगृह में चौपड़-पासे और झूला नहीं सजता है।

शनिवार को भगवान के लौटते ही अब ये सब पूर्ववत होने लगेगा। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में शनिवार को ब्रह्म मुहूर्त में परंपरा अनुसार भगवान की अगवानी ढोल-नगाड़े और शंखनाद के साथ हुई। मंगला आरती के समय भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के मूल स्वरूप, मां पार्वती और पंचमुखी गणेश का शृंगार व पूजन होगा।

वहीं, त्रिकाल भोग के अलावा रात्रि में गर्भगृह में शयन आरती के उपरांत चौपड़ और झूला सजना शुरू हो जाएगा। भगवान के लौटने पर मंदिर ट्रस्ट के पं. राजराजेश्वर दीक्षित के आचार्यत्व में कोटितीर्थ घाट पर मां नर्मदा का पूजन और आरती होगी।

### प्राचीन समय से चल रही है परंपरा

ट्रस्ट के पं. आशीष दीक्षित ने बताया कि कार्तिक शुक्ल की गोपाष्टमी से भैरव जयंती तक भगवान के 15 दिन के लिए मालवा क्षेत्र में अपने भक्तों से मिलने जाने की परंपरा रही है। प्राचीन समय से मान्यता है कि भगवान ओंकारेश्वर भक्तों का हालचाल जानने के लिए मालवा जाते हैं।

पूर्व में भगवान ओंकारेश्वर पालकी में सवार होकर ओंकारेश्वर से मालवा भ्रमण लाव-लश्कर के साथ रवाना होते थे। साथ में पुजारी, सेवक, नगाड़े, ढोल-नगाड़े और रसोइया भी जाते थे। अब यह सब सांकेतिक रह गया है। समय के परिवर्तन के साथ अब पालकी के बजाय सूक्ष्म रूप से भगवान को मालवा के लिए कार्तिक शुक्ल गोपाष्टमी को रवाना किया जाता है।

### इंदौर से करीब 80 किमी है दूरी

भगवान की अनुपस्थिति में मंदिर में सामान्य धार्मिक आयोजन ही होते हैं। बताते चलें कि 12 ज्योतिर्लिंगों में से ओंकारेश्वर को खास माना जाता है। कहते हैं कि तीनों लोक का भ्रमण करके महादेव रोजाना इसी मंदिर में रात को सोने के लिए आते हैं।

मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से ओंकारेश्वर की दूरी करीब 80 किमी है। यहां पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी हवाई अड्डा इंदौर का देवी अहिल्या बाई होल्कर एयरपोर्ट है। इसके अलावा ट्रेन से यहां पहुंचने के लिए ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन पर उतरा जा सकता है, जो इंदौर और खंडवा जैसे बड़े रेलवे स्टेशन से जुड़ा है।

# मासिक शिवरात्रि के दिन करें इस स्तोत्र का पाठ, दुख और रोग से मिलेगी मुक्ति



हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि व्रत करने से मनचाहा वर मिलता है। साथ ही पत्नी-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं। इस दिन श्री शिव रक्षा स्तोत्र का पाठ करने से जातक के दुख, कष्ट, रोग और दरिद्रता का नाश होता है। साथ ही भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। आइए पढ़ते हैं श्री शिव रक्षा स्तोत्र और जानते हैं इस तिथि का शुभ मुहूर्त।

### मासिक शिवरात्रि शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 29 नवंबर 2024, प्रातः 08 बजकर 29 मिनट पर हो शुरू हो रही है। साथ ही इस तिथि का समापन 30 नवंबर को प्रातः 10 बजकर 29 मिनट पर होने जा रहा है। ऐसे में मासिक शिवरात्रि का व्रत 29 नवंबर को किया जाएगा।

ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 05 बजकर 07 मिनट से 06 बजकर 01 मिनट तक

विजय मुहूर्त - दोपहर 01 बजकर 54 मिनट से 02 बजकर 36 मिनट तक

गोधूलि मुहूर्त - शाम 05 बजकर 21 मिनट से 05 बजकर 48 मिनट तक

अमृत काल- रात्रि 02 बजकर 56 मिनट से 04 बजकर 42 मिनट तक

**।। श्री शिव रक्षा स्तोत्रम ।।**

**।। विनियोग ।।**

**श्री गणेशाय नमः।।**

अस्य श्रीशिवरक्षास्तोत्रमन्त्रस्य याज्ञवल्क्य ऋषिः।।
श्री सदाशिवो देवता।। अनुष्टुप् छन्दः।।
श्रीसदाशिवप्रीत्यर्थं शिवरक्षास्तोत्रजपे विनियोगः।।

**।। स्तोत्र पाठ ।।**

चरितं देवदेवस्य महादेवस्य पावनम्।
अपारं परमोदारं चतुर्वर्गस्य साधनम्।।1।।
गौरीविनायकोपेतं पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रकम्।
शिवं ध्यात्वा दशभुजं शिवरक्षां पठेन्नरः।।2।।
गंगाधरः शिरः पातु भालं अर्धेन्दुशेखरः।
नयने मदनध्वंसी कर्णो सर्पविभूषण।।3।।
घ्राणं पातु पुरारातिः मुखं पातु जगत्पतिः।
जिह्वां वागीश्वरः पातु कंधरां शितिकंधरः।।4।।
श्रीकण्ठः पातु मे कण्ठं स्कन्धौ विश्वधुरन्धरः।
भुजौ भूभारसंहर्ता करौ पातु पिनाकधृक्।।5।।
हृदयं शंकरः पातु जठरं गिरिजापतिः।
नाभिं मृत्युञ्जयः पातु कटी व्याघ्राजिनाम्बरः।।6।।
सक्थिनी पातु दीनार्तशरणागतवत्सलः।
उरू महेश्वरः पातु जानुनी जगदीश्वरः।।7।।
जङ्घे पातु जगत्कर्ता गुल्फौ पातु गणाधिपः।
चरणौ करुणासिंधुः सर्वाङ्गानि सदाशिवः।।8।।
एतां शिवबलोपेतां रक्षां यः सुकृती पठेत्।
स भुक्त्वा सकलान्कामान् शिवसायुज्यमाप्नुयात्।।9।।
ग्रहभूतपिशाचाद्यास्त्रैलोक्ये विचरन्ति ये।
दूरादाशु पलायन्ते शिवनामाभिरक्षणात्।।10।।
अभयङ्करनामेदं कवचं पार्वतीपतेः।
भक्त्या बिभर्ति यः कण्ठे तस्य वश्यं जगत्त्रयम्।।11।।
इमां नारायणः स्वप्ने शिवरक्षां यथाऽऽदिशत्।
प्रातरुत्थाय योगीन्द्रो याज्ञवल्क्यः तथाऽलिखत।।12।।
।। इति श्रीयाज्ञवल्क्यप्रोक्तं शिवरक्षास्तोत्रं सम्पूर्णम् ।।

**महामृत्युंजय मंत्र**

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।

शिव नामावली मंत्र

।। श्री शिवाय नमः।।
।। श्री शंकराय नमः।।
।। श्री महेश्वराय नमः।।
।। श्री सांबसदाशिवाय नमः।।
।। श्री रुद्राय नमः।।
।। ओम पार्वतीपतये नमः।।
।। ओम नमो नीलकण्ठाय नमः।।

# कब और कैसे हुई रुद्राक्ष की उत्पत्ति और क्यों ज्योतिष पहनने की देते हैं सलाह?



सनातन धर्म में त्रिदेव की विशेष पूजा की जाती है। इनमें भगवान शिव के उपासकों की संख्या सबसे अधिक है। भगवान शिव की पूजा करने वाले साधकों को शैव कहा जाता है। वहीं, भगवान विष्णु की पूजा करने वाले साधकों को वैष्णव कहा जाता है। जबकि, ब्रह्म देव की पूजा करने वाले उपासक निर्गुण विचारधारा के होते हैं। धार्मिक मत है कि भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना शीघ्र पूरी होती है। विधि के विधान में भी भगवान शिव बदलाव कर सकते हैं। अतः साधक सम और विषम दोनों स्थिति में भगवान शिव की पूजा करते हैं। सोमवार का दिन भगवान शिव को अति प्रिय है। इसके लिए सोमवार के दिन भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। इसके साथ ही सोमवार का व्रत भी रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक पर महादेव की कृपा बरसती है। ज्योतिष दुख और संकट दूर करने के लिए रुद्राक्ष धारण करने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि रुद्राक्ष की उत्पत्ति कैसे हुई है और कब रुद्राक्ष धारण करना शुभ होता है?

### कैसे हुई रुद्राक्ष की उत्पत्ति?

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, चिरकाल में त्रिपुरासुर नामक असुर के अत्याचार से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर त्रिपुरासुर ने स्वर्ग पर अपना अधिपत्य जमा लिया था। इसके बाद सभी देवता ब्रह्मा जी के पास गए और उन्हें आपबीती सुनाई। तब देवता संग ब्रह्मा जी बैकुंठ लोक भगवान श्रीनारायण के पास पहुंचे। तब भगवान विष्णु ने उन्हें भगवान शिव से सहायता लेने की सलाह दी। सभी देवता भगवान शिव के पास पहुंचे। देवताओं को व्याकुल देख भगवान शिव बोले- आप चिंतित न हो। आप सभी की परेशानी अवश्य दूर होगी। यह कहकर भगवान शिव ध्यान में लीन हो गए। लंबे समय तक तप करने के बाद भगवान शिव ने आंखें खोलीं। उस समय भगवान शिव की आंखों से आंसू टपकने लगे। आंसू गिरने वाले स्थानों पर रुद्राक्ष के पेड़ उग गए। अतः रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के आंसू से हुई है। रुद्राक्ष धारण करने से व्यक्ति की सभी परेशानी दूर हो जाती है। तत्कालीन समय में भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध कर तीनों लोकों में शांति स्थापित की।

### कब पहनें रुद्राक्ष

ज्योतिषियों की मानें तो सावन के महीने में रुद्राक्ष धारण करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके अलावा, सोमवार और पूर्णिमा तिथि पर रुद्राक्ष पहनना उत्तम होता है। सावन के महीने में बिना ज्योतिषीय सलाह के किसी दिन रुद्राक्ष धारण कर सकते हैं। तीन मुखी वाला रुद्राक्ष धारण करना सही होता है। हालांकि, रुद्राक्ष धारण करने से पहले नजदीक के ज्योतिष से अवश्य ही संपर्क करें। इसके बाद ही रुद्राक्ष धारण करें।

### रुद्राक्ष पहनने के लाभ

ज्योतिषियों की मानें तो एक मुखी रुद्राक्ष धारण करने से करियर को नया आयाम मिलता है। साथ ही कुंडली में सूर्य मजबूत होता है। वहीं, दो मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। साथ ही शुभ कार्यों में सफलता मिलती है। जबकि, तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। सभी बिगड़े काम बनने लगते हैं। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। ज्योतिषीय सलाह लेकर आप रुद्राक्ष धारण कर सकते हैं।

# प्रदोष व्रत के दिन शिव जी को लगाएं ये भोग

## पति-पत्नी के रिश्ते में आएगी शहद जैसी मिठास

भगवान शिव और मां पार्वती की कृपा प्राप्त करने के लिए त्रयोदशी तिथि को शुभ माना जाता है, क्योंकि इस तिथि पर प्रदोष व्रत किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को विधिपूर्वक करने से जातक के बिगड़े काम पूरे होते हैं। इस दिन पूजा थाली में शिव जी के प्रिय भोग शामिल करने चाहिए। इससे जातक को सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव को किन चीजों का भोग लगाना चाहिए?

### गुरु प्रदोष व्रत 2024 शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 28 नवंबर को सुबह 06 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी। इसके अगले दिन यानी 29 नवंबर को सुबह 08 बजकर 39 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार 28 नवंबर को मार्गशीर्ष माह का पहला प्रदोष व्रत किया जाएगा। इस दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त शाम को 05 बजकर 24 मिनट से लेकर 08 बजकर 06 मिनट तक है।

### इन चीजों का लगाएं भोग

अगर आप आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं, तो प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव को सूखे मेवे का भोग लगाएं। माना जाता है कि इसका भोग लगाने से आर्थिक तंगी में सुधार होता है और जातक को सभी क्षेत्र में सफलता



प्राप्त होती है।

इसके अलावा संतान-सुख की प्राप्ति के लिए प्रदोष व्रत शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान शिव को खीर, आलू का हलवा, दही और घी का भोग लगाएं। माना जाता है कि इन चीजों का भोग अर्पित करने से संतान से संबंधित समस्या दूर होती है।

इसके अलावा भगवान शिव को सफेद बर्फी का भोग सकते हैं। इसका भोग लगाने से साधक को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और घर में से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

बिजनेस में वृद्धि के लिए प्रदोष व्रत के दिन संध्याकाल में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना करें। इस दिन महादेव को भांग और धतूरा अर्पित करें। इससे महादेव प्रसन्न होते हैं और बिजनेस में वृद्धि होती है।

# भगवान विष्णु की पूजा करते समय करें इन मंत्रों का जप, जीवन में होगा खुशियों का आगमन

वैदिक पंचांग के अनुसार, 26 नवंबर को उत्पन्ना एकादशी है। यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। वैष्णव समाज के अनुयायी एकादशी तिथि पर व्रत रखते हैं। धार्मिक मत है कि एकादशी व्रत रखने से साधक पर भगवान विष्णु की कृपा बरसती है। उनकी कृपा से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही मृत्यु उपरांत उच्च लोक की प्राप्ति होती है। अतः साधक एकादशी तिथि पर श्रद्धा भाव से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करते हैं। अगर आप भी लक्ष्मी नारायण जी की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो उत्पन्ना एकादशी के दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय राशि अनुसार इन मंत्रों का जप करें।

### राशि अनुसार मंत्र जप

मेष राशि के जातक पूजा के समय 'ऊँ श्री प्रकटाय नमः' मंत्र का एक माला जप करें।

वृषभ राशि के जातक उत्पन्ना एकादशी पर 'ऊँ श्री हंसाय नमः' मंत्र का जप करें।

मिथुन राशि के जातक पूजा करते समय 'ऊँ श्री वामनाय नमः' मंत्र का एक माला जप करें।

कर्क राशि के जातक मनचाही मुराद पाने के लिए 'ऊँ श्री प्रभवे नमः' मंत्र का जप करें।

सिंह राशि के जातक उत्पन्ना एकादशी पर'ऊँ श्री श्रीपतये नमः' मंत्र का एक माला जप करें।

कन्या राशि के जातक पूजा के समय ' ऊँ श्री ईश्वराय नमः' मंत्र का एक माला जप करें।

तुला राशि के जातक मनोकामना पूर्ति के लिए 'ऊँ श्री एकपदे नमः' मंत्र का जप करें।

वृश्चिक राशि के जातक उत्पन्ना एकादशी पर 'ऊँ श्री केश्वाय नमः' मंत्र का एक माला जप करें।

धनु राशि के जातक पूजा करते समय 'ऊँ श्री रामाय नमः' मंत्र का एक माला जप करें।

मकर राशि के जातक उत्पन्ना एकादशी पर ' ऊँ श्री कृष्णाय नमः' मंत्र का एक माला जप करें।

कुंभ राशि के जातक मनचाहा वर पाने के लिए 'ऊँ श्री वासुदेवाय नमः' मंत्र का एक माला जप करें।

मीन राशि के जातक एकादशी के दिन 'ऊँ श्री भगवते नमः' मंत्र का पांच माला जप करें।

### उत्पन्ना एकादशी का महत्व

सनातन धर्म में एकादशी तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। धर्म शास्त्रों में निहित है कि उत्पन्ना एकादशी से एकादशी व्रत की शुरुआत होती है। अतः साधक उत्पन्ना एकादशी से एकादशी व्रत शुरू करते हैं। इस शुभ अवसर पर मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। साधक अपने घरों पर भी लक्ष्मी नारायण जी का गुणगान करते हैं।

# उत्पन्ना एकादशी 26 को

## जान लें दिन, शुभ मुहूर्त सहित पूजा विधि



उत्पन्ना एकादशी हिन्दू धर्म में विशेष महत्व रखने वाली एकादशी तिथि है, जो प्रत्येक वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में मनाई जाती है। इसे 'प्रबोधिनी एकादशी' भी कहा जाता है।

कथा के अनुसार योग निद्रा में लीन भगवान विष्णु से युद्ध करने के लिए मुर दैत्य पहुंच गया। इस दौरान भगवान की शक्ति से एकादशी देवी प्रकट हुईं। उन्होंने अपनी दिव्य शक्ति से मुर दैत्य का अंत किया।

उत्पन्ना एकादशी का व्रत विशेष रूप से आत्मशुद्धि, पुण्यलाभ और मानसिक शांति के लिए किया जाता है। इस दिन भक्तजन उपवासी रहकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना और मंत्रों का जाप करते हैं, जिससे जीवन में समृद्धि और सुख की प्राप्ति हो सके। इस आर्टिकल में आपको उत्पन्ना एकादशी के शुभ मूहुर्त और पारण के बारे में बताएंगे।

### तिथि और समय

उत्पन्ना एकादशी की तिथि की शुरुआत 26 नवंबर 2024 को देर रात 01:01 बजे होगी।

यह तिथि 27 नवंबर 2024 को देर रात 03:47 बजे तक रहेगी।

उत्पन्ना एकादशी 2024 व्रत के पारण का सही समय और महत्व

उत्पन्ना एकादशी का व्रत 26 नवंबर 2024 को प्रारंभ होकर 27 नवंबर 2024 को द्वादशी तिथि में पारण किया जाएगा। व्रति इस दिन उपवासी रहकर विशेष पूजा करते हैं। पारण के बाद दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं उत्पन्ना एकादशी व्रत के पारण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी...

### पारण का समय व विधि

पारण 27 नवंबर 2024 को दोपहर 01:12 बजे से लेकर 03:18 बजे तक कर सकते हैं।

पारण करते समय भक्तजन एकादशी के उपवासी व्रत को समाप्त करते हैं। भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस दिन स्नान करने के बाद भगवान विष्णु की पूजा करके व्रत का पारण करना चाहिए।




# 25 नवंबर को रिलीज होगा बेबी जॉन का गाना नैन मटक्का

## आशिकाना अंदाज में दिखेंगे वरुण धवन

वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन के नए गाने नैन मटक्का का फैंस बसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस गाने की रिलीज डेट से अब पर्दा उठ चुका है। वरुण धवन की आगामी फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है।इस गाने में अभिनेता दिलजीत दोसांझ और धी ने मिलकर काम किया है। इस जोड़ी ने पहली बार साथ मिलकर किसी गाने में काम किया है। गाने को मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने बनाया है। गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं और संगीत एस थमन ने दिया है। इस गाने पर वरुण धवन और कीर्ति सुरेश की केमिस्ट्री नजर आने वाली है।25 नवंबर को शाम 5 बजे फिल्म का गाना नैन मटक्का रिलीज होने वाला है। इस गाने को लेकर फैंस काफी समय से चर्चा कर रहे हैं। इस गाने की रिलीज के बारे में वरुण धवन ने अपनी पोस्ट पर बात की है। वरुण धवन ने लिखा, ये बड़ा है, ग्लोबल है, वाइब चैक के लिए तैयार हो जाइए। बेबी जॉन को जियो स्टूडियोज, एटली ने ए फॉर एप्पल स्टूडियोज और सिने 1 स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रस्तुत किया है। ए. कालीस्वरन द्वारा निर्देशित, यह मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।





# अपने सपनों के आशियाने की तलाश में हैं गायिका आस्था गिल

कमरिया, डीजे वाले बाबू और अन्य जैसे गानों के लिए मशहूर गायिका-गीतकार आस्था गिल अपने सपनों के आशियाने की तलाश में हैं। गायिका स्ट्रीमिंग शो मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया पर अपने सपनों का घर चुनने के लिए दर्शकों को अपने साथ ले जा रही हैं।गायिका-गीतकार अपने सपनों का घर खोजने के लिए लग्जरी रियल एस्टेट की दुनिया में डूबी हुई हैं। इस बारे में बात करते हुए आस्था ने कहा, एक घर छत को सहारा देने वाली चार दीवारों से कहीं ज्यादा होता है, यह वो जगह होती है, जहां हमारी स्मृतीयां बनती हैं और प्यार और आराम का ठिकाना होता है। मैं उस सही जगह, अपने सपनों के घर की तलाश में हूं, और मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया ने पूरे अनुभव को अविश्वसनीय रूप से व्यक्तिगत और स्वागत योग्य बना दिया है।गायिका ने बताया, मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि मैं किसी शो में हूं, ऐसा लगा कि मैं वास्तव में अपने लिए घर देख रही हूं। मैं अपनी मां को ये अविश्वसनीय घर दिखाने और उनकी प्रतिक्रिया देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।यह शो मिलियन डॉलर लिस्टिंग का भारतीय रूपांतरण है और इसमें भारत के सबसे डिमांड वाले घरों की एक झलक दिखाई गई है, इसके साथ लग्जरी रियल एस्टेट की हाई-स्टेक दुनिया की झलक दिखाई गई है।शो में अंकुश सयाल, हेम बत्रा, नवदीप खानूजा, करुणा गिडवानी, दीप्ति मलिक और प्रजेश भाटिया जैसे रियलटर्स शामिल हैं।उन्होंने आगे बताया, शो के जरिए नवदीप के काम को व्यक्तिगत रूप से देखना प्रेरणादायक रहा है, मैं पहले से भी ज्यादा प्रभावित हूं।बनिजय एशिया द्वारा निर्मित और यूनिवर्सल स्टूडियो ग्रुप के हिस्से यूनिवर्सल इंटरनेशनल स्टूडियो के एक डिवीजन एनबीसी यूनिवर्सल फॉर्मेट्स द्वारा लाइसेंस प्राप्त, मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया सोनी लिव पर स्ट्रीम होता है।





# रानी मुखर्जी और करीना कपूर खान से लेकर राशि खन्ना तक : बॉलीवुड के सबसे उग्र ऑन-स्क्रीन पत्रकार



हिंदी सिनेमा में, कई अभिनेत्रियों ने भ्रष्टाचार, अन्याय और सामाजिक मुद्दों से निपटने वाले निडर पत्रकारों के लचीलेपन और साहस को जीवंत किया है।

**रानी मुखर्जी, नो वन किल्ड जेसिका:**

जेसिका लाल हत्याकांड में न्याय की मांग करने वाली दृढ़ निश्चयी पत्रकार मीरा गैटी की भूमिका में रानी मुखर्जी ने दमदार अभिनय किया। उनके चरित्र की निडरता से सत्य की खोज और जनसमर्थन की रैली ने परिवर्तन लाने में पत्रकारिता की शक्ति को प्रदर्शित किया।

**करीना कपूर खान, सत्याग्रह:**

करीना कपूर खान ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आंदोलन का नेतृत्व करने वाली पत्रकार यास्मीन अहमद की भूमिका निभाई। अपने काम के जरिए वह शोषितों के मुद्दों को उजागर करती हैं।



**राशि खन्ना, साबरमती रिपोर्ट:**

राशि खन्ना एक निडर पत्रकार अमृता गिल के रूप में चमकती हैं, जो गोधरा के पास दुखद साबरमती एक्सप्रेस घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर करती है। ईमानदारी और साहस से प्रेरित एक महिला के उनके सूक्ष्म चित्रण ने उनकी आलोचनात्मक प्रशंसा अर्जित की है।

**अनुष्का शर्मा, पीके:**

इस व्यंग्य नाटक में, अनुष्का शर्मा ने एक पत्रकार जगत जननी की भूमिका निभाई, जो मानवता के विरोधाभासों को उजागर करने में एलियन पीके की सहायता करती है। उनका चरित्र हास्य और करुणा के मिश्रण के साथ सामाजिक मानदंडों और धार्मिक हठधर्मिता को चुनौती देता है।



**कोंकणा सेन शर्मा, पृष्ठ 3:**

कोंकणा सेन शर्मा ने हमें यादगार माधवी शर्मा दी, जो मुंबई के उच्च समाज की चकाचौंध लेकिन नैतिक रूप से जटिल दुनिया को समझने वाली पत्रकार थीं। एक आशावादी रिपोर्टर से पेज 3 पत्रकारिता की सतही बातों से मोहभंग होने वाले व्यक्ति के रूप में उनके चरित्र का विकास मार्मिक और शक्तिशाली दोनों था। इनमें से किस निडर पत्रकार ने आप पर सबसे गहरा प्रभाव छोड़ा?



## जूनियर एनटीआर की देवरा ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दी दस्तक

जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा को 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था, वहीं दुनियाभर में यह 403.83 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।अब देवरा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।देवरा को अब आप घर बैठ नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। यह फिल्म हिंदी समेत तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में उपलब्ध है।




## एआर रहमान संग लिंक-अप की अफवाहों पर मोहिनी डे ने तोड़ी चुप्पी

### कहा- प्राइवेसी की इज्जत करें

ग्रैमी और ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान के तलाक और मोहिनी डे के साथ कथित लिंक की अफवाहों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस बीच मोहिनी डे की प्रतिक्रिया सामने आई है और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर सभी से प्राइवेसी को लेकर अपील की है। मोहिनी ने हाल ही में ऑफिशियल इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में एक नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने एआर रहमान और उनके साथ से जुड़ी अफवाहों को पूरी तरह से बकवास बताते हुए उसकी आलोचना की। उन्होंने लिखा, मुझे इन दिनों इंटरव्यू के लिए कई अनुरोध मिल रहे हैं और मैं अच्छी तरह से जानती हूं कि यह किस बारे में है। इसलिए मुझे इन सबको अस्वीकार करना पड़ रहा है। मोहिनी ने कहा बकवास को बढ़ावा देने में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। मेरा मानना है कि मेरी एनर्जी अफवाहों पर खर्च करने लायक नहीं है। कृपया मेरी निजता का सम्मान करें।

बता दें कि एआर रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो ने हाल ही में अपनी 29 साल की शादी को तोड़ने का ऐलान किया है। सायरा बानो की एडवोकेट वंदना शाह ने एक बयान जारी कर संगीतकार से अलग होने की घोषणा की। ऐसे में एआर रहमान और मोहिनी के साथ होने की खबरें तेजी से फैलने लगी।


हाल ही में मोहिनी ने भी अपने पति मार्क हार्टसच से अलग होने की घोषणा की थी। ऐसे में इस खबर को और भी हवा मिल गई। मोहिनी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, डियर फ्रेंड्स, फैमिली, फैंस और फॉलोअर्स मैं भारी मन से मार्क के साथ अलग होने की घोषणा करती हूं। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा हम दोनों जीवन में अलग-अलग चीजें चाहते हैं और आपसी सहमति से अलग होना और आगे बढ़ने का यही सबसे अच्छा तरीका है।



# रवीना टंडन ने शेयर की थ्रोबैक तस्वीर

फिल्म इंडस्ट्री की एवरग्रीन अभिनेत्री रवीना टंडन की खूबसूरती का पैमाना तय करना उनके फैंस के लिए काफी मुश्किल काम है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर लेटेस्ट थ्रोबैक तस्वीरों की सीरीज शेयर की है। इसमें वह बेहद गॉर्जियस लग रही हैं। फैंस कमेंट सेक्शन में अभिनेत्री के लिए तारीफों के पुल बांधते नजर आ रहे हैं।इंस्टाग्राम पर थ्रोबैक तस्वीरों की सीरीज शेयर कर रवीना टंडन ने कैप्शन में लिखा पुरानी तस्वीरें, फरवरी 2024 शेयर की गईं 12 तस्वीरों में से हर एक कमाल की है, जिसमें वह ना केवल गॉर्जियस बल्कि बेहद स्टाइलिश भी लग रही हैं। रवीना की यह तस्वीरें साबित करती हैं कि एज केवल नंबर है।अभिनेत्री की सभी तस्वीरें ब्लैक आउटफिट में हैं और उनकी ब्लैक ब्यूटी तस्वीरों पर फैंस के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के सितारे भी बढ़ चढ़कर लाइक-कमेंट करते नजर आ रहे हैं। पोस्ट पर फिल्म डायरेक्टर फराह खान ने रवीना की तारीफ कर कमेंट सेक्शन में फायर इमोजी डाला। एक फैन ने लिखा वाह, चार्मिंग। एक अन्य ने लिखा आप एवरग्रीन हैं। दूसरे ने लिखा आप स्टनिंग हैं। इस बीच बता दें कि रवीना टंडन सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी लेटेस्ट पोस्ट से फैंस को रूबरू कराती रहती हैं। ट्रेडिशनल हो या वेस्टर्न हर लुक में रवीना तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इससे पहले हाल ही में अभिनेत्री ने कॉटन सलवार सूट में कई तस्वीरें क्लिक कराईं और फैंस के साथ सादगी भरे लुक की तस्वीरें शेयर कीं।

रवीना टंडन हाल ही में बेटी राशा थडानी के साथ झारखंड स्थित वैद्यनाथ बाबा का दर्शन करने के लिए पहुंची थीं। अभिनेत्री ने द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन का संकल्प लिया है। इसी क्रम में वह मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए हाल ही में पहुंची थीं। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी 'आजाद' फिल्म के साथ बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं। फिल्म में राशा के साथ लीड रोल में अजय देवगन के भांजे अमन देवगन नजर आएंगे। 'आजाद' का निर्देशन अभिषेक कपूर कर रहे हैं।





## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज ईष्ट मित्रों के साथ तीर्थ यात्रा का योग बन रहा है. परिवार के किसी सदस्य के साथ मंदिर में दर्शन के लिए भी जा सकते हैं. अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाह रहे हैं, तो संबंधित क्षेत्र से जुड़े लोगों से एक बार सलाह जरूर ले लें. माता–पिता के आशीर्वाद से आज आपको काम में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे. दूसरों पर आपके काम और व्यवहार का पॉजिटिव असर पड़ेगा. पैसों से जुड़ा कोई पुराना लेन–देन सुलझ सकता हैं । छात्रों के लिए समय अच्छा रहेगा. हनुमानाष्टक का पाठ करें।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

सुबह अरुणोदय के समय सूर्यको जल अर्पण करें और प्रणाम करें दिन भर शरीर मे उर्जा रहेगी जिसकी आप को जरुरत हैं । आप अपने प्रयास में अत्यधिक सफल भी होंगे । आप अपनी योग्यता को साबित करने के लिए बेहतर अवसरों का लाभ उठाएंगे. आपके सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आप बच्चों से खुश रहेंगे और अपने जीवनसाथी के परिवार के साथ संतोषमय जीवन का लाभ उठाएंगे.स्वास्थ्य के लिहाज से आज आप चिड़चिड़े हो सकतें हैं.

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज कुछ दिक्कतें जरूर बन रही हैं परन्तु पैसों के मामले में आपका काम नहीं रुकेगा. आय के स्त्रोत यथावत रहेंगे . लोगों के मन में क्या चल रहा है, यह सोच कर चिंतित होने की आ–वश्यकता नही हैं आप खुद समझदारी से निर्णय करें निजी और पारिवारिक जीवन में सफलता और संतुष्टी मिल सकती है. बिजनेस में मेहनत के दम पर सफलता मिलने के योग हैं. खर्चा करने के मामलों में मन पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें. पारिवारिक मामले आसानी से सुलझ सकते हैं. सामाजिक कार्य के कारण आप तारीफ के पात्र होंगे ।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज विरोधी हानि पहुंचा सकते हैं परन्तु न्याय आप के पक्ष मे होगा व्यवसाय लाभदायक रहेगा. परिवार के साथ जीवन सुखमय रहेगा.. यात्रा मे भरपूर आनंद आएगा शिक्षा के क्षेत्र से जुडे हुए लोग पदोन्नति को प्राप्त होंगे घर सदस्यों के साथ कुछ मतभेद होंगे. किसी मित्र से जुड़ी हुई बुरी खबर आज सुनने को मिल सकती है. नौकरी में ऊपरी अधिकारियों की ओर से समर्थन मिलेगा. आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा. स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज व्यापारियों के साथ यात्रा का योग बन रहा हैं . महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है. आपको पेट से जुड़ी कोई समस्या हो सकती है. आज कोई व्यक्ति आपके विचारों को दबाने की कोशिश कर सकता है. आपको अपनी बातें दूसरों से शेयर करने से बचना चाहिए. आपकी आय में वृद्धि होने की उम्मीद नजर आ रही है । मेहनत का फल आपको जरूर मिलेगा. दाम्पत्य जीवन को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको गलतफहमी में पड़ने से बचना होगा. कन्याओं को हलुआ पूरी खिलाए ।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज अनजान व्यक्ति पर भरोसा करना चिंता का कारण बनेगा सतर्क रहने का प्रयास करें. तीव्र प्रगति के बावजूद आज आपको धीरे–धीरे आगे बढ़ने और व्यवस्थित रूप से काम करने की आवश्यकता है. आपको अनुशासित रहना चाहिए . वित्तीय मामलों में आपको संयम बरतना चाहिए और कोई भी नई प्रतिबद्धता बनाने से पहले दो बार सोचना चाहिए. पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा. कुंवारे जातको को खुशखबरी मिलेगी ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आप आगें आकर रुके हुए काम को अपने हाथ मे लेनी की जरुरत होगी लेकिन दूसरों के निर्देशों को मानते हुए काम करना हो, आप के लिए मुश्किलें पैदा करेगा कामकाज ज्यादा रहेगा. आज मेहनत भी ज्यादा हो सकती है. इससे आपको बड़ा फायदा होगा. कोई नई चीज सीख सकते हैं. मांगलिक समारोह में भी शामिल होने के योग हैं. नये लोगों से मिलना फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आप लेखक कार्य से जुडे हुए हैं या शिक्षा क्षेत्र मे अपना योगदान दे रहे हैं तो अधिक मेहनत करनी पड सकती हैं । जोखिम व जमानत के कार्य टालें. विवेक से कार्य करें. मनोरंजन के साधनों पर जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें. किसी करीबी व्यक्ति से दूर हो सकते हैं. अचानक से आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है. किसी के साथ हुआ विवाद झगड़े का रूप धारण कर सकता है. मौन रहकर विवाद से दूरी बना रखें ।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज बहुत समय बाद लाभ की स्थिति बन रही हैं व्यापारी वर्ग का रूका हुआ काम आज तेजी के साथ आगे बढ़ेगा. आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. जो वकील हैं, आज उन्हें किसी महत्वपूर्ण केस में सफलता मिलेगी. पार्टनर के साथ कोई नई मूवी देखने जा सकते हैं. जमीन के किसी पुराने लेन–देन से आज आपको फायदा मिल सकता है. जिन छात्रों को करियर संबंधी किसी प्रकार की परेशानी आ रही है, उन्हें आज बड़े भाई या बड़ी बहन से मदद मिलेगी. बच्चों को दूध शक्कर मिठाई दें।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज घर परिवार ऑफिस मे सकारात्मक माहौल रहेगा और विकास की राह मिलेगी. आप लाभ के लिए तत्पर हैं. लंबे समय से लंबित पड़ा वांछित काम पूरा होगा. यदि आप विदेश जाने के इच्छुक हैं तो आप अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे. परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में होंगे. पारिवारिक संबंध आनंददायक रहेंगें और परिवार में किसी के लिए पदोन्नति या बेहतरी के संकेत हैं. परिवार के साथ रिलैक्स मूड मे घूमने का प्रोग्राम बनाए।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज आप सम्मानित होंगे सिनीयर आप की प्रशंसा करेंगे पार्टनर से सहयोग ओर फायदा मिल सकता है. नक्षत्रों की स्थिति अच्छी होने से दिन शुभ रहेगा. खर्च–निवेश का फैसला भी खुद ही करें. रोजमर्रा के काम भी समय पर पूरे होने के योग हैं. घर–परिवार और ऑफिस में आपको फायदा हो सकता है. आपको सहयोग भी मिल सकता है. ऐग्रिकल्चर मे इंवेस्टमेंट करें ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज चारो ओर लाभ बनता हुआ दिखेगा परन्तु अन्तिम क्षण मे हानि मे परिवर्तित हो जाएगा आपका विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेगा तथा उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा. स्वभाव में उदासीनता छाई रहेगी. मुमकिन है कि आप अपने घर में या उसके आस–पास आज कुछ बड़े बदलाव करें. मतभेद के चलते व्यक्तिगत संबंधों में दरार पड़ सकती है. विदेश से अच्छी खबर मिलेगी. जो समस्या आपको परेशान कर रही है, उसकी जड़ तक जाने की कोशिश करें. सट्टेबाजी से दूर रहें ।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 24 नवंबर 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : मार्गशीर्ष ,कृष्ण पक्ष
तिथि : नवमी रात्रि 10:22 तक
नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी रात्रि 10:17 तक
योग : वैधृति दोपहर 12:16 तक
करण : तैतिल प्रातः 09:07 तक
चन्द्रराशि : सिंह
सूर्योदय : 06:22 , सूर्यास्त 05:39 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:19 , सूर्यास्त 05:50 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:12 , सूर्यास्त 05:41 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:12 , सूर्यास्त 05:32 ( विजयवाड़ा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : श्री गुरु तेगबहादुर पुण्य दिवस , श्री जाम्बोजी पुण्य दिवस

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# राजस्थान उपचुनाव : भाजपा ने 7 में से 5 सीटें जीती, कांग्रेस की एक सीट पर जीत

**जयपुर,23 नवंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में हुए सात उपचुनावों के परिणाम स्पष्ट संकेत देते हैं कि राज्य की सियासत में भाजपा ने मजबूत स्थिति बना ली है। इन चुनावों में भाजपा ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस को सिर्फ दौसा सीट पर संतोष करना पड़ा। इसके अलावा, चौरासी सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी ने जीत हासिल कर यह साबित कर दिया है कि क्षेत्रीय दल भी राजनीतिक परिदृश्य में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने में सक्षम हैं।

भाजपा के लिए यह जीत न केवल राज्य में उनके संगठनात्मक ढांचे की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को चुनौती देने का मंच भी तैयार करती है। झुंझुनूं, खींवसर, देवली–उनियारा, सलूंबर और रामगढ़ सीटों पर भाजपा की जीत पार्टी की रणनीतिक सफलता का प्रमाण है।

खींवसर में भाजपा ने हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल को हराकर एक प्रतीकात्मक जीत हासिल की है। यह न केवल बेनीवाल परिवार की राजनीति को चुनौती देने वाला कदम है, बल्कि क्षेत्रीय क्षत्रपों को भाजपा के खिलाफ सावधान रहने की चेतावनी भी है। वहीं, सलूंबर में आखिरी राउंड में बाजी पलटकर शांता मीना की जीत ने भाजपा के ग्रासरूट मैनेजमेंट की सफलता को रेखांकित किया है।




**दौसा में कांग्रेस की एकमात्र जीत**

कांग्रेस के लिए दौसा सीट पर दीनदयाल बैरवा की जीत एकमात्र राहत है। हालांकि, इस जीत पर भी भाजपा ने रीकाउंटिंग की मांग कर विवाद खड़ा कर दिया है। दौसा सीट पर भाजपा ने मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को उम्मीदवार बनाकर व्यक्तिगत प्रभाव को भुनाने की कोशिश की थी, लेकिन यह रणनीति सफल नहीं हो पाई।

**कांग्रेस के लिए चेतावनी**

कांग्रेस के लिए यह उपचुनाव परिणाम स्पष्ट रूप से राज्य में पार्टी की गिरती साख का संकेत है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच खींचतान का असर संगठन पर साफ दिखाई देता है। भाजपा ने जहां एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा, वहीं कांग्रेस के अंदरूनी मतभेद पार्टी को कमजोर कर रहे हैं।

**क्षेत्रीय दलों का उभार**

भारतीय आदिवासी पार्टी की चौरासी सीट पर जीत एक नया सियासी संदेश देती है। यह आदिवासी इलाकों में कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए चुनौती है। यह जीत दिखाती है कि पारंपरिक पार्टियों के प्रति असंतोष को छोटे दल अपने पक्ष में बदलने में सक्षम हैं।

**भविष्य की राजनीति पर प्रभाव**

इन परिणामों ने भाजपा को राज्य में ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। कांग्रेस को यदि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अपनी स्थिति मजबूत करनी है, तो उसे तुरंत अपने संगठन को दुरुस्त करना होगा। भाजपा की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व की रणनीतियों के प्रति जनता के विश्वास का भी संकेत है। राजस्थान की सियासत में यह उपचुनाव परिणाम एक नए अध्याय की शुरुआत करता है। जहां भाजपा ने अपना वर्चस्व दिखाया है, वहीं कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के लिए यह आत्मविश्लेषण का वक्त है।

### भाई जगमोहन की हार पर बोले किरोड़ी

## भितरघातियों ने मेघनाथ बनकर मेरे लक्ष्मण जैसे भाई पर शक्ति का बाण चला डाला

**दौसा,23 नवंबर (एजेंसियां)।** दौसा विधानसभा उपचुनाव में भाई जगमोहन मीणा की हार पार किरोड़ी लाल मीणा ने कहा 45 साल हो गए। राजनीति के सफर के दौरान सभी वर्गों के लिए संघर्ष किया। जनहित में सैंकड़ों आंदोलन किए। साहस से लड़ा। बदले में पुलिस के हाथों अनगिनत चोटें खाईं। आज भी बदरा घिरते हैं तो समूचा बदन कराह उठता है। मीसा से लेकर जनता की खातिर दर्जनों बार जेल की सलाखों के पीछे रहा।



किरोड़ी ने कहा संघर्ष की इसी मजबूत नींव और सशक्त धरातल के बूते दौसा का उपचुनाव लड़ा। जनता के आगे संघर्ष की दास्तां रखी। घर घर जाकर वोटों की भीख भी मांगी। फिर भी कुछ लोगों का दिल नहीं पसीजा। भितरघाती मेरे सीने में वाणों की वर्षा कर देते तो मैं दर्द को सीने में दबा सारी बातों को दफन कर देता लेकिन उन्होंने मेघनाथ बनकर मेरे लक्ष्मण जैसे भाई पर शक्ति का बाण चला डाला।

साढ़े चार दशक के संघर्ष से न तो हताश हूं और न ही निराश। पराजय ने मुझे सबक अवश्य सिखाया है लेकिन विचलित नहीं हूं।आगे भी संघर्ष के इसी पथ पर बढते रहने के लिए कृतसंकल्प हूं। गरीब, मजदूर, किसान और हरेक दुखिया की सेवा के व्रत को कभी नहीं छोड सकता परन्तु हृदय में एक पीड़ा अवश्य है। यह बहुत गहरी भी है और पल–प्रति–पल सताने वाली भी। जिस भाई ने परछाईं बनकर जीवन भर मेरा साथ दिया, मेरी हर पीड़ा का शमन किया, उऋण होने का मौका आया तो कुछ जयचंदों के कारण मैं उसके ऋण को चुका नहीं पाया। मुझमें बस एक ही कमी है कि मैं चाटुकारिता नहीं करता और इसी प्रवृत्ति के चलते मैंने राजनीतिक जीवन में बहुत नुकसान उठाया है। स्वाभिमानी हूं। जनता की खातिर जान की बाजी लगा सकता हूं। गैरों में कहां दम था, मुझे तो सदा ही अपनों ने ही मारा है।

## उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा 2100 वोटों से जीते

### भाजपा ने पुनर्मतगणना की मांग की

**दौसा,23 नवंबर (एजेंसियां)।** दौसा में विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा ने 2100 मतों से जीत दर्ज कर ली है, हालांकि अभी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा ने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पुनर्मतगणना की मांग की है। उनका आरोप है कि मतगणना में जल्दबाजी की गई, जिससे परिणाम प्रभावित हुए हैं।

सुबह पीजी कॉलेज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शुरू हुई। पहले राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी 940 वोटों से आगे रहे। हालांकि दूसरे राउंड में भाजपा के जगमोहन मीणा ने 800 वोटों की बढ़त बना ली। लेकिन तीसरे राउंड से दीनदयाल बैरवा ने लगातार बढ़त बनाई और 18वें राउंड तक कांग्रेस के पक्ष में माहौल कायम रहा। आखिरी राउंड तक कांग्रेस प्रत्याशी ने 2100 वोटों की बढ़त के साथ अपनी जीत सुनिश्चित की। मतगणना के रुझानों के बाद कांग्रेस कार्यालय पर समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। जोरदार आतिशबाजी और नारेबाजी के बीच दीनदयाल बैरवा को बधाई देने वालों का तांता लग गया।



भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा ने मतगणना की प्रक्रिया को गैर–विधिसम्मत बताते हुए कहा कि सही तरीके से पुनर्मतगणना कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में परिणाम घोषित करने से जनता का विश्वास प्रभावित हो सकता है।

मतगणना के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार के साथ अन्य अधिकारी पूरी प्रक्रिया की निगरानी में तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रही, जिसमें सशस्त्र जवान और घुड़सवार पुलिस भी तैनात थी। पूरे शहर में सुरक्षा को लेकर सख्ती बरती गई।नतीजों पर अंतिम घोषणा का इंतजार है, लेकिन कांग्रेस की बढ़त ने पार्टी खेमे में उत्साह भर दिया है।

## मैनें विकास के बल पर लड़ा चुनाव कोई पेड वर्कर नहीं था: अनिल विज

**अम्बाला,23 नवंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अम्बाला छावनी विधानसभा चुनाव पूरी तरह से स्थानीय विकास के मुद्दे पर लड़ा। मंत्री विज ने यह भी बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय या प्रदेश स्तर के मुद्दों की बजाय सिर्फ और सिर्फ विकास कार्यों की बात की और जनता को यह दिखाने की कोशिश की कि उनकी मेहनत और शहर के लिए किए गए कामों की कितनी कद्र है।



अनिल विज ने कहा, मैंने पहले ही तय कर लिया था कि मैं अपनी मेहनत और काम के आधार पर ही चुनाव लड़ूंगा, चाहे मुझे हार भी हो सकती है। मैंने कभी किसी जातिवादी राजनीति का हिस्सा नहीं बनने दिया, जबकि मेरे विरोधियों ने यही किया। विज ने आगे कहा, मैंने अपने चुनावी अभियान में कोई राष्ट्रीय नेता नहीं बुलाया, जबकि विरोधियों ने कई बार राष्ट्रीय नेताओं को बुलाया। मैंने पूरी तरह से स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी।

विज ने यह भी बताया कि इस बार चुनाव में उन्होंने स्थानीय मुद्दों को ही घो–षणापत्र में उठाया और 14 जोन बनाकर इनकी जिम्मेदारी हर जोन प्रधान को सौंपी। उन्होंने कहा, इस बार चुनाव जीतने के बाद मुझे ये लगता है कि यह जीत मेरे काम के बल पर है, और इसे मेरे अम्बाला छावनी की जनता और कार्यकर्ताओं ने लड़ा। उन्होंने अपनी पार्टी की जीत पर गर्व जताते हुए कहा कि इस बार का चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण था और कई ताकतें मिलकर उन्हें हराने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन जनता की ताकत के कारण हरियाणा में तीसरी बार हमारी सरकार बनी है। हमारी एकता और कार्यशैली ने ही हवाओं का रुख मोड़ा। हम कांग्रेस और विपक्षी दलों के खिलाफ खड़े हुए थे, और हमारी सरकार ने इतिहास रच दिया है, उन्होंने कहा।

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मेडिकल कॉलेज मुलाना का किया निरीक्षण

**चंडीगढ़,23 नवंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्त–त्रेय ने गत देर सायं मैडिकल कॉलेज मुलाना का निरीक्षण किया और कॉलेज के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जो गतिविधियां चलाई जा रही है, उसकी जानकारी हासिल की।




राज्यपाल ने मैडिकल कालेज में स्थापित लैब, लाइब्रेरी, रिसर्च सेंटर व हॉस्पिटल का निरीक्षण किया और यहां दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता के बारे जानकारी हासिल की। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि आने वाला समय आपका है। आप देश का वर्तमान और भविष्य है। आज के समय में राष्ट्र निर्माण के लिए पैसा नहीं बल्कि ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से जीवन में नैतिक मूल्य के महत्व के बारे में भी चर्चा की।

बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज का युवा कल का कर्णधार है। युवा देश का भविष्य है, विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का अहम योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों में युवाओं को आगे अग्रसर रहना चाहिए।

प्रदेश सरकार द्वारा हर गांव में व्यायमशालाएं बनाई गईं हैं ताकि युवा ग्रामीण आंचल से ही खेल जगत के तहत मजबूत प्रशिक्षण हासिल कर सके। राज्यपाल ने प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए संदेश दिया और बच्चों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि नशे को रोकने के लिए हम सब को मिलकर प्रयास करने होंगे तभी नशे को जड़ से खत्म किया जा सकता है।इस अवसर पर एसडीएम अश्विनी मलिक, पुलिस उप अधीक्षक रजत गुलिया, एमएम यूनिवर्सिटी के चांसलर तरसेम गर्ग, वाईस चांसलर एच के शर्मा, डॉ विशाल गर्ग, डॉ मिनाक्षी गर्ग व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सांप से कितना ही प्रेम करलो वह कभी न कभी आप पर जहर उगलेगा ही : वसुंधरा राजे

**झालरापाटन,23 नवंबर (एजेंसियां)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधराराजे ने कहा कि बादल कुछ देर तो सूरज के आगे आकर उसे अदृश्य कर सकते हैं, पर अधिक देर तक सूरज की दमक को रोकने का सामर्थ्य उनमें नहीं होता। महार–ाणा प्रताप के जीवन से हमें यह प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि आजकल लोग पीठ में छुरा घोपनें में माहिर हैं। जबकि महाराणा कभी ऐसा नहीं करते थे। वे निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे। दो तलवार साथ रखते थे, एक अपने लिए और एक निहत्थे के लिए।



राजे शनिवार को महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में बोल रही थी। वे बोली– उन्होंने महिलाओं पर कभी हमला नहीं किया। वे मातृभूमि की रक्षा के लिए अंत तक लड़े। पूर्व सीएम ने महाराणा प्रताप के 10 सीख बताते हुए कहा कि समय का चक्र पहिये सा घूमता है। महलों में मख़मल पर सोने वाले राजा को भी जंगल में काँटों पर सोना पड़ता है। महाराणा का जीवन दर्शन हमे यही सिखाता है। महाराणा का सिद्धांत था अत्यंत विकट परिस्थिति में भी जो हार नहीं मानते हैं, जीत उन्ही की होती है।

जो सुख में अति प्रसन्न और संकट में डर कर झुक जाते हैं, उन्हें न तो सफलता मिलती और न ही इतिहास उन्हें याद रखता। सांप से कितना ही प्रेम करलो, वह अपने स्वभाव के अनुरूप कभी न कभी तो आप पर जहर उगलेगा ही। सर कटालो, लेकिन दुश्मन के सामने कभी सर मत झुकाओ। जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जाये, तब तक 24 घंटे जागते रहो। सोओ मत।

## भजनलाल सरकार कर रही है जनहित के कार्य : सीपी जोशी

**जयपुर,23 नवंबर (एजेंसियां)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता को भाजपा पर भरोसा है इसी भरोसे के चलते महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार बन रही है और प्रदेश की सात सीटों पर हुए उप चुनाव में भी जनता ने कमल खिलाने का काम किया है। उन्होंने खींवसर से भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डागा, झुंझुनूं से भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांमू, देवली उनियारा से भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर, रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह, और सलूम्बर से भाजपा प्रत्याशी शांता देवी मीणा को जीत की बधाई दी है। सीपी जोशी ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भजन लाल सरकार पर भरोसा जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की भजनलाल सरकार लगातार जनहित में कार्य करते हुए अनेक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय ले रही है, जिससे राजस्थान विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा भाजपा पर लगातार इस लिए बढ़ रहा है क्योकि भाजपा ने जो कहा उससे कहीं ज्यादा किया। भजनलाल सरकार ने सत्ता में आते ही चुनाव के समय जनता से किए वादों पर काम करते हुए घोषणा पत्र के 50 प्रतिशत से अधिक कार्यों को पूरा करते हुए ईआरसीपी और यमुना जल समझौते सहित अनेक एतिहासिक निर्णय लिए है। जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में सिर्फ लूट और झूठ की राजनीति की है।

## डबल मर्डर का खुलासा,आरोपी युवक गिरफ्तार

**हिसार,23 नवंबर (एजेंसियां)।** जिले के बुडाना में 6 नवंबर और 16 नवंबर को हुए ब्लाइंड डबल मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हांसी एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जानकारी दी कि इस भयावह कांड को गांव के ही युवक अनूप ने अंजाम दिया था। अनूप, जो कि 19 साल का है और 9वीं कक्षा तक पढ़ा लिखा है, शराब का आदी और बकरी चराने का काम करता है, ने कृष्णा और जयवीर की हत्याओं को रंजिश और लूट के कारण अंजाम दिया।



6 नवंबर को अनूप ने जयवीर की हत्या की। इसकी वजह यह थी कि जयवीर के खेत में अनूप की बकरी चरने चली गई थी, जिस पर जयवीर ने एतराज जताया था। इस बात को लेकर अनूप में गुस्सा था और उसने जयवीर को मार डालने का फैसला किया। वह देर शाम को जयवीर के खेत में गया और उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया। 16 नवंबर को अनूप ने कृष्णा की हत्या की। कृष्णा अपने घर का सामान लेकर स्टेडियम से घर जा रही थी, तभी अनूप ने उसका पीछा किया और सिर में डंडा मारकर गिरा दिया। फिर उसने कृष्णा का गला चुन्नी से घोंटकर तेज–धार हथियार से हत्या कर शव को गड्ढे में फेंक दिया। इस सनसनीखेज खुलासे ने न केवल पुलिस विभाग को राहत दी, बल्कि ग्रामीणों में भी हत्याओं के पीछे के कारणों को लेकर चिंता पैदा कर दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.